हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • शनिवार • 24 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 254 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## स्व. बिनोद बिहारी महतो
की वीर भूमि उत्तरी छोटानागपुर
की लाखों बहनों को

## खुशियों का उपहार

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

झारखण्ड मुख्यमंत्री
मंईयां
सम्मान योजना

## हर बहना को हर साल ₹ 12 हजार

## सम्मान राशि का करेंगे हस्तांतरण

24 अगस्त, 2024 | अपराह्न 12:30 बजे से
सिंदूर मैदान, हजारीबाग

**उत्तरी छोटानागपुर** (रामगढ़, हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद और बोकारो) **की सभी बहनों का समारोह में स्वागत है**

- 46 लाख से अधिक निबंधन
- अब तक 43 लाख बहनों का आवेदन स्वीकृत
- 31 अगस्त से पहले सभी बहनों के खातों में होगी एक हजार रुपये की सम्मान राशि (पहली किस्त)
- सितंबर से हर महीने की 15 तारीख को हर बहन के खाते में पहुँचेगी सम्मान राशि

PR No. 333644 / IPRD / 2024-25



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार

# राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर गया में दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

- मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही ने किया फोटो
- प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन

गया/पटना

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) गया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा गया के मानव भारती नेशनल स्कूल परिसर में शुक्रवार( 23 अगस्त ) को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही द्वारा किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ शशि प्रताप शाही ने चित्र प्रदर्शनी को छात्रों के लिए लाभदायक बताया और कहा कि आधुनिक युग तकनीक का युग है और तकनीकी विकास से ही भारत एक विकसित देश बनेगा। अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया। चित्र प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा इसरो द्वारा निर्मित यान एवं अंतरिक्ष शोध सामग्री के मॉडल का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति द्वारा "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ प्रेम कुमार का विशेष संदेश भी धीरू सिन्हा द्वारा पढ़ा गया। संदेश के माध्यम से डॉ प्रेम कुमार द्वारा छात्र छात्राओं से अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि बढ़ाने का आह्वान किया गया।



मौके पर मगध विश्वविद्यालय के इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेजेज डॉ दीपक कुमार ने कहा कि भारत द्वारा चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव तक पहुंचना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है और आशा है कि आगे भी ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होंगी। वहीं, गया कॉलेज गया के शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज ने भारत के चंद्रयान मिशन के बारे में जानकारी दी। मानव भारती नेशनल स्कूल के प्राचार्या डॉ नूतन सिंह ने विषय प्रवेश करते हुए राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की पृष्ठभूमि तथा संदर्भ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संजय कुमार सिंह, अभिवावक रमेश कुमार सिंह, भारत सरकार के पशु कल्याण बोर्ड के सदस्य विकास कुमार भी उपस्थित थे।

केंद्रीय संचार ब्यूरो,भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा फोटो प्रदर्शनी में लगभग 50 पैनलों के माध्यम से अनेक उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें चंद्रयान - 3 मिशन की सफलता प्रमुख है, जिसकी पहली वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का यह पहला संस्करण मनाया जा रहा है। केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया के प्रभारी बुलंद इकबाल ने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन फोटो प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । आज आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनोखी कुमारी व अनिकेत कुमार को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार से संबद्ध जन चेतना लोक कल्याण समिति पटना के कलाकारों द्वारा लोकगीत, नृत्य व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही विद्यालय की छात्राओं द्वारा मराठी व राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन अभिषेक कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो, गया के प्रभारी बुलंद इकबाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मानव भारती नेशनल स्कूल के सभी शिक्षक, सीबीसी के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सुदर्शन किशोर झा, दीपक कुमार, संतोष कुमार एवं विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। फोटो प्रदर्शनी दिनांक 24 अगस्त को सुबह 09:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगी। प्रवेश सभी के लिए निशुल्क है।

## CM के नालंदा में डायरिया से 3 बच्चों की मौत

निज संवाददाता। नालंदा



♦ जिला मुख्यालय से आधा किलोमीटर दूर गांव, स्वास्थ्य विभाग को पहुंचने में लगे 5 दिन

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में डायरिया से 3 बच्चों की मौत हो गई। मरने वालों में दो सगी बहनें (5 साल की परिधि और 3 साल की परी) शामिल हैं। तीसरी बहन भी बीमार है। इनके पड़ोस में रहने वाला 11 साल का गोलू कुमार भी डायरिया से अपनी जान गंवा बैठा। 2 दिन में हुई 3 बच्चों की मौत के बाद जिला प्रशासन की नींद टूटी है। गांव वालों का कहना है कि जिला मुख्यालय से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर बसे काको बीघा पहुंचने में जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और निगम के अधिकारियों को 5 दिन का वक्त लग गया। अब मेडिकल टीम तैनात की गई है। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया है। सीरियस पेशेंट को ले जाने के लिए एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है। मृतकों के पड़ोसी अरुणेश यादव ने बताया कि डायरिया का प्रकोप पूरे गांव में फैला हुआ है। शुरुआत में ही सरकारी स्तर पर कोई सुविधा उपलब्ध कराई जाती तो यह घटना नहीं होती। यहां तक कि सरकारी अस्पतालों में भी डायरिया पीड़ित मरीजों का इलाज बेहतर ढंग से नहीं हो रहा है। किसी प्रकार लोग अपने स्तर से निजी क्लीनिक में इलाज करा रहे हैं। बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 47 में शुक्रवार को परिधि की मौत हो गई। जबकि गुरुवार को परिधि की बहन परी कुमारी और पड़ोसी कारू सिंह के बेटे गोलू कुमार की मौत हो गई थी।

## गया में तीर्थ यात्रियों के लिए स्पेशल पैकेज तैयार, बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट मुहैया कराएगा होटल

निज संवाददाता। गया



बजट के अनुसार करें बुक

गया में पितृ पक्ष मेला के तहत देश विदेश से पिंड दानी पहुंचते हैं। इसके लिए बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने नई अच्छी पहल शुरू की है। बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने पैकेज तैयार किया है। इसके जरिए रूम बुक किया जा सकता है। साथ ही पिंड दान का खर्च भी पैकेज में शामिल होगा। पिंडदान करने के लिए गया जी आने वाले लोगों को अब ये नहीं सोचना पड़ेगा कि उन्हें गया के किस होटल में रुकना है, होटल का क्या चार्ज होगा, पिंडदान कौन कराएगा और कितना पैसा खर्च होगा। पिंडदान देने के लिए आने वाले तीर्थ यात्री बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की वेबसाइट पर जाकर अपने बजट के अनुसार होटल बुक कर सकते हैं। पर्यटन विभाग की लिस्ट में 4 स्टार होटल से लेकर सामान्य होटल शामिल है। कोई भी तीर्थ यात्री बजट के अनुसार निजी होटल का फायदा ले सकता है।

**बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का पैकेज तैयारः** बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन में पैकेज तैयार किया गया है। हर एक होटल के दिन के हिसाब से रेट फिक्स है। कोई भी होटल वाले, जो सूची में शामिल है, वह तय देर से अधिक नहीं ले सकते हैं। खास बात यह है कि पेमेंट पर्यटन विभाग के दिए गए उसके खाते में तीर्थ यात्री पैकेज की मुताबिक एडवांस में जमा करेंगे। उसी के अनुसार उन्हें गया जी में ठहरने के लिए डिपार्टमेंट की ओर से होटल मुहैया कराएगा। यह सारा काम कोई भी तीर्थ यात्री देश विदेश के किसी भी कोने से ऑनलाइन बुकिंग कर सकता है।

**बजट के अनुसार करें बुकिंगः** www.bstdc.bihar.gov.in या फिर contactbstdc@gmail.com पर तीर्थ यात्री संपर्क कर न केवल जानकारी ले सकते हैं। बल्कि, अपने बजट के अनुसार बुकिंग भी कर सकते हैं। खास बात यह भी है कि पर्यटन विभाग की ओर से जो पैकेज तैयार किया गया है। उसमें रहने से लेकर पिंडदान में होने वाला खर्च भी शामिल हैं। तीर्थ यात्री चाहे तो वह केवल बुकिंग का फायदा ले सकते है। बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के पदाधिकारी सुमन कुमार ने बताया कि पितृपक्ष मेला के तहत तीर्थ यात्रियों के लिए विशेष सुविधा मुहैया कराई जा रही है। इसका फायदा कोई भी तीर्थ यात्री ले सकता है।

**भुवनेश्वर के तीर्थ यात्री ने रूम कराया बुकः** गया जी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष निशांत कुमार ने बताया कि गुरुवार को उनके होटल में भुवनेश्वर के तीर्थ यात्री ने बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की मदद से होटल में रूम बुक कराया है। उन्होंने बताया कि गया जी में बड़े छोटे 50 से अधिक होटल बिहार टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन की लिस्ट में शुमार है, जो तीर्थ यात्रियों की सेवा के लिए पितृपक्ष मेला के दौरान तत्पर रहेगा।

## नई लाइन से बिजली उपभोक्ता को राहत, नालंदा के हरनौत-धमौली प्रखंड में ओवर लोडिंग की समस्या खत्म

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में नई लाइन से बिजली उपभोक्ता को राहत मिली है। हरनौत के चेरन ग्रिड सब स्टेशन से धमौली पावर सब स्टेशन (पीएसएस) तक नौ किलोमीटर लंबी 33 केवी की नई लाइन को सफलतापूर्वक चार्ज कर दिया गया है। यह कदम क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत साबित हुआ है, जो लंबे समय से बिजली की अनियमित आपूर्ति से परेशान थे। नई व्यवस्था के तहत, चेरन ग्रिड से अब धमौली और रहुई पीएसएस को सीधे बिजली मिल रही है। इससे रहुई इलाके में ओवरलोडिंग की समस्या का समाधान हो गया है, जो पहले उपभोक्ताओं के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

**बिजली की होती थी कटौतीः** पहले की व्यवस्था में बड़ी पहाड़ी ग्रिड से सोहसराय पीएसएस और फिर वहां से धमौली और रहुई को बिजली दी जाती थी। मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति कम होने के कारण, विशेष रूप से पीक आवर्स में कटौती का सहारा लेना पड़ता था। बिहारशरीफ (ग्रामीण) के कार्यकारी अभियंता रूपक कुमार ने बताया कि "हरनौत-धमौली के बीच बिछाई गई 33 केवी नई लाइन को चार्ज करने से रहुई के साथ-साथ नूरसराय और थरथरी में भी ओवर लोडिंग और ट्रिपिंग की समस्या काफी हद तक खत्म हो जाएगी। अब पीक आवर्स में भी बिना किसी रुकावट के बिजली आपूर्ति संभव हो पाएगी।

**बिजली आपूर्ति हुई सामान्यः** नई व्यवस्था का एक अतिरिक्त फायदा यह भी है कि सोहसराय से धमौली को दी जाने वाली आठ मेगावाट बिजली अब नूरसराय पीएसएस को दी जा रही है। इससे नूरसराय और थरथरी पीएसएस की बिजली आपूर्ति भी सामान्य हो गई है। विभाग की योजना के अनुसार, धमौली और मालती पीएसएस की क्षमता में भी बढ़ोतरी की जाएगी। धमौली में 3.5 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर को हटाकर 5 एमवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा। जबकि, हटाए गए 3.5 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर को अस्थावां के मालती पीएसएस में स्थापित किया जाएगा।

## ससुराल जाने के दौरान युवक की मौत

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के एकंगरसराय-इस्लामपुर मुख्य पथ पर सड़क हादसे में गुरुवार को एक युवक की मौत हो गई। ये अपनी पत्नी को लाने के लिए ससुराल जा रहा था। इस दौरान बाइट बिजली के खंभे से टकरा गई। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। मामला एकंगरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत जगाई गांव के समीप का है। मृतक की पहचान तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के धरमा बीघा गांव निवासी रामस्वरूप बिन्द के (40) वर्षीय बेटा अजीत के रूप में की गई है।

# संक्षिप्त समाचार

## गैर इरादतन हत्या के मामले में 3 डॉक्टरों के खिलाफ गवाही

**गया।** गैर इरादतन हत्या के मामले में गुरुवार को प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलीन कुमार पांडे की अदालत में अनुसंधानकर्ता ने तीन चिकित्सकों के खिलाफ गवाही दी । इस मामले में डॉ बिंदेश्वर प्रसाद एवं उनके पुत्र डॉ संजीव रंजन तथा पुत्री डॉक्टर संगीता रंजन तत्कालीन कोंच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित हैं , ट्रायल का सामना कर रहें है । मामले में पटना से आए अनुसंधानक राजू कुमार ने अदालत को बताया कि वह डेल्हा थाना कांड संख्या 167/16 का अनुसंधान किया था । उसने गवाहों का बयान दर्ज किया था तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त किया था । उसने कांड को सत्य पाकर अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया था । घटना 20 सितंबर 2016 की है। प्राथमिकी के अनुसार मृतक सुनीता देवी के पति संजय सिंह ने अभियुक्तों के खिलाफ नामजद प्राथमिक दर्ज कराई थी । सूचक कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम दिघी के रहने वाला है । घटना के दिन संजय सिंह पत्नी के इलाज के लिए कोंच के सरकारी अस्पताल संगीता रंजन के पास गया था । उनके द्वारा कहा गया कि सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं होगा । मेरे पिता डॉ बिंदेश्वर प्रसाद अच्छा इलाज करते हैं ।उनके कहने पर सूचक डेल्हा स्थित बिंदेश्वर प्रसाद के क्लीनिक में गया । वहां सूचक से 25 हजार रुपया चिकित्सक द्वारा लिया गया । पत्नी के इनकार करने के बावजूद भी चिकित्सक ने ऑपरेशन किया । जिसके दूसरे दिन उसकी मौत हो गई थी । सूचक ने डॉक्टर को फर्जी बताया था तथा इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया था । इस मामले में अभियोजन की ओर से पांच गवाह का परीक्षण कराया गया है ।

## टिकारी अनुमंडलीय अस्पताल में शुरू हुई सिजेरियन सुविधा

**टिकारी।** अनुमंडल अस्पताल टिकारी में गुरुवार को सिजेरियन ऑपरेशन से एक महिला का प्रसव कराया गया। जच्चा-बच्चा दोनों के स्वस्थ रहने पर अस्पताल के चिकित्सक व अन्य सहकर्मी खुश हैं। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि अनुमंडल अस्पताल, टिकारी में गुरुवार को सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा शुरु कर दी गई है। अनुमंडलीय अस्पताल में पहला सिजेरियन डॉ. विनीता शर्मा, डॉ. गुरविंदर, एनेस्थेटिक डॉ. सिद्धार्थ भारती, ओटी इंचार्ज उमा भारती, जीएनएम संगीता कुमारी द्वारा संयुक्त रुप से संपन्न किया गया। श्री सिन्हा ने बताया कि प्रसव के लिए टिकारी के बेल्हड़िया मुहल्ला निवासी सुभाष कुमार की पत्नी सीमा कुमारी भर्ती हुई थी। उनका सफल ऑपरेशन के साथ प्रसव कराया गया।

## देसी कट्टा, शराब और बाइक हुई बरामद

**नीमचक बथानी।** अतरी थाना क्षेत्र के मोहड़ा प्रखंड स्थित जगतपुर गांव में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुरुवार की सुबह एक देशी कट्टा के साथ 5 खोखा व 130 लीटर देशी शराब बरामद की है। इस मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अवैध शराब की सूचना पर जगतपुर गांव में महेंद्र गिरी के घर में छापेमारी करने गई थी। पुलिस को देख महेंद्र गिरी ने घर से देशी कट्टा और खोखा समेत प्लास्टिक में पैक 130 लीटर शराब अपने घर के बगल में छिपा दिया। जिसको पुलिस ने बरामद किया।

## छापेमारी में आठ लोगों पर लगाया जुर्माना

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में कई स्थानों पर गुरुवार को बिजली विभाग द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान आठ लोगों के विरुद्ध जुर्माना लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया गया है। कनीय विद्युत अभियंता राजेश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी अभियान के दौरान आठ लोगों के विरुद्ध जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के अनुसार पाली गांव में विजय साव पर 15078 रुपए, उतरैन टोला बेली पर निवासी ध्रुव यादव पर 21968 रुपए, कलावती देवी पर 10283 रुपए, शंभू कुमार पर 37673 रुपए, राज किशोर यादव पर 13578 रुपए, लक्ष्मी देवी पर 24452 रुपए, राम लखन यादव पर 22987 रुपए एवं ब्रजेश कुमार पर 8735 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## अंचल कार्यालय में दलाल की सूचना पर एसडीओ ने की छापेमारी, एक को दबोचा

**कोंच।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार गुरुवार की शाम अचानक पहुंचे। उन्हें देखकर अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की माने तो अंचल कार्यालय में दलाल होने की सूचना पर टिकारी एसडीओ द्वारा छापेमारी की गई थी। छापेमारी के दौरान एसडीओ ने मौके से एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़ा है। एसडीओ सुजीत कुमार ने बताया कि अंचल कार्यालय में दलाल होने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। इस दौरान शक के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया है। पकड़े गए व्यक्ति के पास से कुछ सरकारी कागजात बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि एसडीओ द्वारा अंचल कार्यालय में छापेमारी किए जाने के बाद कई बाइक लावारिस हालत में मुख्यालय से बरामद की गई है।

## प्रेम-प्रसंग में युवक पर किया जानलेवा हमला

**नालंदा।** नालंदा में एक युवक पर गुरुवार को जानलेवा हमला किया गया है। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के मकनपुर गांव का है। जख्मी युवक मकनपुर गांव निवासी अरविंद प्रसाद का पुत्र अखिलेश कुमार है। अखिलेश के भाई अभिजीत कुमार ने बताया कि सुनियोजित तरीके से उसके भाई को फोन कर पड़ोसी दिलीप प्रसाद की पत्नी रीना कुमारी ने बुलाया और घर बुलाकर चाकू, हथौड़ा और मसाला पीसने वाला लोहड़ी से प्रहार कर बुरी तरह से जख्मी कर दिया गया। सिर, गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आई है। चर्चा है कि पड़ोस की एक महिला से युवक का प्रेम-प्रसंग चल रहा है। अभिजीत एक दिन पूर्व भी



दिल्ली से राखी बंधवाकर घर लौटा था और आज वह पड़ोस की एक महिला से मिलने गया था। जहां उसके घर वालों ने देख लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद पड़ोसी घर में ताला लगाकर फरार हो गया। नूरसराय थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि जख्मी के भाई अमिताभ कुमार ने पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। प्रेम-प्रसंग को लेकर युवक पर जानलेवा हमला किया है। फिलहाल जख्मी युवक का इलाज निजी अस्पताल में कराया जा रहा है।

## नालंदा के महद्दीपुर में बनेगा मशरूम क्लस्टर

**नालंदा।** बिहार सरकार ने मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। गुरुवार को बिहार के कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने नालंदा जिले के बिंद प्रखंड स्थित महद्दीपुर गांव में मशरूम बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मशरूम बीज तैयार करने की प्रक्रिया को बारीकी से समझा और केंद्र की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि हमारा लक्ष्य महद्दीपुर को इस क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बनाना है। हम यहां क्लस्टर और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) की स्थापना कर मशरूम उत्पादन क्षमता को विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस पहल से दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार होगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कृषि सचिव ने मशरूम उत्पादन को महिला सशक्तिकरण से जोड़ते हुए कहा कि यह क्षेत्र महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि वे परंपरागत खेती के साथ-साथ मशरूम उत्पादन को अपनाकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस मौके पर पटना के प्रसिद्ध मशरूम उत्पादक कीर्ति सौरव ने एक महत्वपूर्ण सुझाव रखा। उन्होंने कृषि सचिव से मशरूम उत्पादन के बाद बचे स्पेंट कम्पोस्ट (अवशेष) को जैविक खाद के रूप में उपयोग करने की अनुमति देने का आग्रह किया। साथ ही, उन्होंने मत्स्य पालन कर रहे किसानों को भूमि पट्टे में विशेष सुविधा देने और मशरूम उत्पादकों को भी इसका लाभ देने की मांग की।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

शुद्धि–पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 02/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331034 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, के SBD के Section-IV (Qualification Information) Clause 1.2 एवं Clause 1.3 में अंकित Year 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 को क्रमशः Year 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 पढ़ा जाय। SBD के अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 333609 (Rural Development) 24-25 (D)

पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: 34–एसडीएसटीई–एएसएन–2024–25, दिनांक 23.08.2024,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर पीए सिस्टम का प्रतिस्थापन/संवर्धन। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 66,23,357.35, **बयाना राशि:** रु. 1,32,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 180 दिन। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 16.09.2024 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in/** इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है। ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर निश्चित रूप से पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई–निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं।

ASN-156/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना संख्या 122–124–एमएलडीटी–24–25 दिनांक 19.08.2024।** डीआरएम/ईआर/मालदा, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन कार्यालय भवन, पोस्ट ऑफिस–झलझलिया, जिला– मालदा, पिन–732102 (डब्ल्यूबी) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्याः 122– एमएलडीटी–24–25। कार्य का नामः** धनौरी–किऊल स्टेशनों के बीच किमी 400/0-1 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 34–स्पेशल के बदले में और मंडल इंजीनियर–III/पूर्व रेलवे मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर–किऊल सेक्शन में मसुदन–अभलपुर स्टेशनों के बीच किमी 377/9-387/0 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 23 के बदले में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्यः** 105216055.61। **निविदा संख्याः 123–एमएलडीटी–24–25। कार्य का नामः** मंडल इंजीनियर–III/पूर्व रेलवे, मालदा के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर किउल सेक्शन में अभयपुर–कजराह स्टेशनों के बीच किमी 382/6-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 26 और किमी 386/4-5 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 27–स्पेशल के बदले में सबवे के निर्माण के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्यः ₹** 129595746.35। **निविदा संख्या 124–एमएलडीटी–24–25। कार्य का नामः** पूर्व रेलवे मालदा के मंडल इंजीनियर–III के अधीन सहायक अभियंता/लाइन/जमालपुर के अधिकार क्षेत्र में जमालपुर–किउल सेक्शन में जमालपुर–दशरथपुर स्टेशनों के बीच किमी 361/6-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 16–स्पेशल और किमी 362/7-8 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 17–स्पेशल के बदले सबवे के निर्माण के लिए खुली ई–निविदा। **निविदा मूल्यः** 110912082.68 । **निविदा बंद होने की तिथि और समय (3 मदों के लिए):**10.09.2024 को 15.30 बजे। **वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्डः** www.ireps.gov.in/डीआरएम कार्यालय/मालदा टाउन।

(MLD-82/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 11



खेल

भारतीय महिला पहलवान अदिति, नेहा, पुलकित और मानसी विश्व चैम्पियन बनी

Page 10



देश

10 वर्षों में पहली बार आपीएस पर सरकारी कर्मचारियों से बात करेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

मूल्य ₹ 2.00
कृष्ण पक्ष, अश्विनी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • शनिवार • 24 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 254 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹66,600 | ₹86,700 |





## आज का इतिहास

- 1910 : भारत के कोलकाता की तीसरी सबसे बड़ी तम्बाकू कंपनी को आईटीसी लिमिटेड ने खरीदा।
- 1971 : भारत ने ओवल क्रिकेट टेस्ट मैच में इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर उसकी धरती पर पहली जीत दर्ज की।

## न्यूज बाइट्स

### सीबीआई को केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली (ए.)।** सीबीआई को कथित दिल्ली श केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि उसे कथित शराब घोटाला मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। यह दलील विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष दी गई, जिन्होंने मामले की सुनवाई 27 अगस्त को तय की। मामले में केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त को खत्म होने वाली है। अदालत ने 12 अगस्त को मामले में केजरीवाल और पाठक के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के लिए सीबीआई को 15 दिन का समय दिया था।

### ग्रामीण चिकित्सक परीक्षा में असफल शिक्षार्थी को 27 से आवेदन का मौका

**पटना (नि.सं.)।** अप्रशिक्षित ग्रामीण चिकित्सक परीक्षा में असफल शिक्षार्थी को एक बार फिर आवेदन करने का मौका दिया जा रहा है। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने पुनः परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि जारी कर दी है। शिक्षार्थी 27 अगस्त से पांच सितंबर तक बिना विलंब शुल्क के आवेदन कर सकते हैं। वहीं छह सितंबर से 15 सितंबर तक विलंब शुल्क के साथ आवेदन भरे जाएंगे। विलंब शुल्क के तौर पर 150 रुपये देने होंगे। वहीं 16 से 25 सितंबर तक 18 सौ रुपये विलंब शुल्क के साथ आवेदन भरे जाएंगे। परीक्षा शुल्क चार सौ रुपये प्रति विषय देने होंगे। किसी तरह की दिक्कतें होने पर हेल्पलाइन नंबर 0612-2545051 पर संपर्क कर सकते हैं।

### रेप्को बैंक ने गृह मंत्री को सौंपा 19.08 करोड़ रुपए के लाभांश का चेक

**नई दिल्ली (ए.)।** गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय के अंतर्गत परिचालित रेप्को बैंक को वित्त वर्ष 2023-24 में 11 प्रतिशत की शानदार विकास दर दर्ज करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने पर गुरुवार को बधाई दी।

### डायरिया से तीन बच्चों की हुई मौत

**नालंदा (नि.सं.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में डायरिया से 3 बच्चों की मौत हो गई। मरने वालों में दो सगी बहनें (5 साल की परिधि और 3 साल की परी) शामिल हैं। तीसरी बहन भी बीमार है। इनके पड़ोस में रहने वाला 11 साल का गोलू कुमार भी डायरिया से अपनी जान गंवा बैठा। 2 दिन में हुई 3 बच्चों की मौत के बाद जिला प्रशासन की नींद टूटी है।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में किसानों के साथ की परिचर्चा, कहा

# किसानों की सेवा करना मेरे लिए है पूजा

» किसानों की आय दोगुना करने के लिए हैं छह सूत्र » बिहार में कृषि रोड मैप पर काम हो रहा है, करेंगे हरसंभव मदद

- शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत, इस टैलेंट का ठीक उपयोग बिहार को भारत का ही सिरमौर नहीं बनाएगा बल्कि भारत को दुनिया का सिरमौर बना देगा।



निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में कृषि भवन में किसानों के साथ शुक्रवार को परिचर्चा की। श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति मैं आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने किसानों की सेवा का काम मुझे दिया है। किसानों की सेवा ही मेरे लिए भगवान की पूजा है। हम पूरी कोशिश करेंगे कि हम देश के किसानों का कल्याण कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लालकिले से कहा है कि वो तीन गुना तेजी से काम करेंगे। मैं बिहार की सरकार, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और कृषि विभाग को बधाई देना चाहता हूँ। वे लगातार किसान के कल्याण के काम में लगे हुए हैं। आज मैंने स्टॉल देखे हैं, मखाना, चावल, शहद, मक्का, चाय सब कुछ अद्भुत है। बिहार के किसानों को मैं प्रणाम करता हूँ। बड़े जमीन के टुकड़े हमारे पास नहीं हैं, 91 प्रतिशत सीमांत किसान हैं। लेकिन फिर भी किसान चमत्कार कर रहे हैं। किसानों की आय दोगुना करने का अभियान प्रधानमंत्री ने शुरू किया है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारे किसानों के लिए 6 सूत्र हैं जिन पर हम काम कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाना, इसके लिए जरूरी है अच्छे बीज। उत्पादन अच्छा है लेकिन और संभावना है। फल, सब्जी, अनाज, दलहन, तिलहन के अच्छे बीज जरूरी हैं। मुझे खुशी है कि 65 फसलों की 109 प्रजातियों के बीज प्रधानमंत्री ने किसानों को समर्पित किये हैं। ऐसी धान की किस्म है जिसमें 30% कम पानी लगता है। बाजरे की एक किस्म है जिसकी फसल 70 दिन में आ जाती है। ऐसे बीज हैं जो जलवायु के अनुकूल हैं। बढ़ते तापमान में भी अच्छा उत्पादन देते हैं। मैं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - आईसीएआर में बात करूंगा जिससे यहां किसानों को बीज की उपलब्धता हो जाए। उन्होंने कहा कि उत्पादन की लागत घटाना हमारा दूसरा संकल्प है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से किसानों को बहुत मदद मिलती है। किसान क्रेडिट कार्ड - केसीसी से खाद के लिए सस्ता लोन मिल जाता है। तीसरी चीज है उत्पादन के ठीक दाम मिल जाएं। यहां का मखाना धूम मचा रहा है। मखाना एक्सपोर्ट क्वालिटी का पैदा हो रहा है। चीजें एक्सपोर्ट होती है तो किसान को ज्यादा फायदा होता है। इससे जुड़ा कार्यालय बिहार में आये, इसके लिए मैं प्रयास करूंगा।

श्री चौहान ने कहा कि कृषि का विविधीकरण सरकार के रोडमैप में है। परंपरागत फसलों के साथ ही ज्यादा पैसे देने वाली फसलों को बढ़ावा देने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मैं फूड प्रोसेसिंग की बात भी करना चाहूंगा। बिहार का टैलेंट दुनिया में अद्भुत है। इस टैलेंट का ठीक उपयोग बिहार को भारत का सिरमौर नहीं बनाएगा, भारत को दुनिया का सिरमौर बना देगा। इसे खेती में और कैसे लगा सकते हैं, नए आइडियाज़ के साथ। केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग आखिर हम कब तक करेंगे। इससे उर्वरक क्षमता भी कम होती है और जो उत्पादन होता है, उनका शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। आजकल केंचुए गायब हो गए हैं। खाद डालकर उनका समापन ही कर दिया। केंचुआ 50-60 फीट जमीन के नीचे जाता है, ऊपर आता है, इससे जमीन उर्वरक रहती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में प्राकृतिक खेती का मिशन शुरू हो रहा है। इससे उत्पादन घटेगा नहीं, बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मैं अगली बार पूरा समय लेकर आऊंगा। इसके बाद हम खेतों में ही कार्यक्रम करेंगे, प्रैक्टिकल प्रॉबलम भी देखेंगे। किसान के बिना दुनिया नहीं चल सकती है। बाकी चीजें तो फैक्ट्री में बन जाएंगी लेकिन गेहूं-चावल कहांसे लाओगे? हम सब मिलकर काम करेंगे।

इस मौके पर बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बिहार की 80 फीसदी से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। केंद्रीय कृषि मंत्री का सहयोग मिलेगा। राज्य के किसान खुशहाल होंगे।

### केमिकल फर्टिलाइजर और कीटनाशक का इस्तेमाल बड़ी चुनौती

वहीं, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि एमएसपी के समय किसान का लाभ जोड़कर नहीं बनाया जाता था। हम ऐसी फसल उगाएंगे, जिसकी विदेश में डिमांड होगी। बिहार में बहुत टैलेंट है। यूपीएससी में बिहार से काफी बच्चे आते हैं। केमिकल फर्टिलाइजर और कीटनाशक का इस्तेमाल बड़ी चुनौती है। इसे कम करना होगा।

### किसान भाई चमत्कार कर रहे हैं

बिहार की सरकार को बधाई देना चाहता हूं। सरकार लगातार अच्छा काम कर रही है। बिहार में कृषि रोड मैप पर काम हो रहा है। मखाना, मक्का, चाय के लिए अच्छा काम कर रही है। बिहार में 95 फीसदी ऐसे किसान हैं, जिनके पास एक एकड़ भूमि भी नहीं है। फिर भी किसान भाई चमत्कार कर रहे हैं।

### 4 साल में 13 लाख नए घर बनेंगे

शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बिहार में 13 लाख मकानों का निर्माण होगा। अगले चार साल में काम पूरा होगा। महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का वादा जल्द पूरा करेंगे।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना

# 9247 लाभार्थी हुए फाइनल 10 लाख की मिलेगी मदद

निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लिए राज्य के 9247 लाभुकों का चयन कर लिया गया है। उद्योग विभाग सभागार में शुक्रवार को कंप्यूटर रैंडमाइजेशन पद्धति से चयन प्रक्रिया पूरी की गई। चयनित सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। पात्रता की जांच के बाद प्रशिक्षण दिया जाएगा। उसके बाद खाते में पहली किस्त भेज दी जाएगी। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा और पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी की मौजूदगी में कंप्यूटर रैंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई। इस मौके पर उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने चयनित लाभुकों को शुभकामनाएं दीं। साथ ही कहा कि जिनका चयन नहीं हो पाया है, वे निराश न हों। उन्हें उद्योग विभाग की अन्य योजनाओं में मौका दिया जाएगा। स्टार्टअप, लघु उद्यमी योजना के अलावा वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर भी उद्यम शुरू किया जा सकता है। राज्य के सभी अनुमंडल मुख्यालयों में एक-एक शिक्षण संस्थान को उद्यमिता विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। अभी तक 20 जिलों में केंद्र का चयन हो गया है। इस बार प्रयास है कि पटना के अलावा इन केंद्रों पर भी लाभुकों को प्रशिक्षण दिलाया जाय। उन्हें एक सप्ताह का प्रशिक्षण ट्रेड के हिसाब से दिया जाएगा। पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री हरी सहनी ने लघु उद्योगों की स्थापना को विकास का माध्यम बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा कर दूसरे को रोजगार दे रहे हैं। इस मौके पर चयन समिति के सदस्यों के अलावा सचिव वंदना प्रेयसी, उद्योग निदेशक आलोक रंजन घोष, निदेशक रवि प्रकाश, निदेशक विवेक रंजन मैत्रेय आदि मौजूद रहे।

सबसे पहले एससी-एसटी उद्यमी योजना, उसके बाद क्रमशः अतिपिछड़ा वर्ग, महिला और युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों का चयन किया गया। इन चारों वर्गों से दो-दो हजार लाभार्थी चयनित किए गए हैं। अंत में अल्पसंख्यक कल्याण योजना से 1247 लाभुकों का चयन किया गया। इस तरह कुल 9247 लाभार्थियों का चयन हुआ।

### दस लाख रुपये तक मिलेंगे

चयनित लाभुकों को 10 लाख रुपये तक की राशि दी जाएगी। इनमें 50 फीसदी राशि सहायता और शेष 50 फीसदी ऋण के रूप में मिलगी। योजना वर्ष 2018 से शुरू है। पिछले वर्ष तक कुल 34,441 लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल चुका है। उनके बीच 2660 करोड़ की राशि बांटी जा चुकी है। इस बार 58 परियोजनाओं के लिए आवेदन मांगे गए थे। इसे तीन वर्गों में बांटा गया। कैटेगरी ए में 23 परियोजनाओं के लिए 5000, कैटेगरी बी में 23 परियोजनाओं के लिए 3500 और कैटेगरी सी में 12 परियोजनाओं के लिए 747 लाभुकों का चयन हुआ है। इस वर्ष मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत पांच लाख 41 लाख 467 आवेदन आए थे। अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के 99875, अति पिछड़ा वर्ग के 154417, युवा उद्यमी वर्ग के 151384, महिला उद्यमी वर्ग के 109609 तथा अल्पसंख्यक वर्ग के 26382 आवेदन मिले थे।

पड़ोसी देश नेपाल में बड़ा हादसा

# काठमांडू जा रही भारतीय बस नदी में गिरी, अबतक 14 लोगों की मौत



एजेंसी | नई दिल्ली

पड़ोसी देश नेपाल से आ रही है, जहां भीषण सड़क हादसे में अबतक 14 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 15 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। यूपी नंबर बस सैलानियों को लेकर पोखरा से काठमांडू जा रही थी। इसी दौरान तनहुं के अबुखैरेनी में बस नदी में जा गिरी। जानकारी के मुताबिक, अबुखैरेनी इलाके में एक भारतीय बस नदी में गिर गई है। यूपी नंबर बस हादसे की शिकार हुई है। हादसे के बाद राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। अबतक बस से 14 शव बरामद किए जा चुके हैं 16 घायलों को सुरक्षित नदी से बाहर निकाल लिया गया है। नेपाल के पोखरा स्थित मझेरी रिसॉर्ट में ठहरे भारतीय सैलानियों को लेकर बस काठमांडू रवाना हुई थी और हादसे की शिकार हो गई मौके पर नेपाल पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी पहुंचे हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# औरंगाबाद समेत कई जिलों में तेज बारिश, 24 जिलों में अलर्ट

निज संवाददाता | पटना



शुक्रवार की सुबह रक्सौल, औरंगाबाद और जहानाबाद में बारिश हुई है। रक्सौल में भारी बारिश से मॉल, बैंक और अस्पताल में पानी भर चुका है। पटना समेत कई शहरों में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज बिहार के 23 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 72 घंटे के अंदर प्रदेश में अच्छी बारिश के उम्मीद है। 25 अगस्त को कुछ जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। बिहार में मानसून सामान्य रूप से बना हुआ है, लेकिन प्रदेश में अब भी 25 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, 22 अगस्त तक बिहार में 701.5 मिमी बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन अब तक 527.3 एमएम बारिश हुई है। औरंगाबाद में अब तक 126 एमएम बारिश हो चुकी है। जबकि भभूआ में सिर्फ 19 एमएम बारिश हुई। बीते 24 घंटे के दौरान जहानाबाद, जमुई, बांका, भागलपुर समेत कुछ जिलों में हल्की बारिश हुई। वहीं पटना के कुछ हिस्सों में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

# पुलिसवालों को 2.30 करोड़ का दुर्घटना बीमा, रिटायर कर्मियों को भी कई लाभ

निज संवाददाता | पटना



बिहार के पुलिसकर्मियों की दुर्घटना में मौत होने पर उनके परिजनों को 2.30 करोड़ रुपये तक का भुगतान होगा। ऐसे पुलिसकर्मियों की बेटियों की शादी और बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए बीमा का प्रावधान किया गया है। सामान्य मौत पर 20 लाख रुपये मिलेंगे। एक लाख नौ हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को यह लाभ मिलेगा। स्थायी पूर्ण विकलांगता पर 1.5 करोड़, विकलांगता के प्रतिशत पर आंशिक विकलांगता के लिए 1.5 करोड़ तक का प्रावधान किया गया है। सामान्य मृत्यु होने पर आश्रितों को 20 लाख का लाभ मिलेगा। वहीं, सेवानिवृत्त कर्मियों का 75 लाख का बीमा कवर होगा। पुलिस मुख्यालय और बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच शुक्रवार को समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक के सहायक (कल्याण) विशाल शर्मा ने प्रेसवार्ता में बताया कि हमारा मौजूदा समझौता ज्ञापन 13 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया था। अब नया समझौता हुआ है। इस सैलरी पैकेज से न केवल सेवारत, बल्कि सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी और उनके परिजन भी लाभान्वित होंगे। बैंक उन्नत बैंकिंग सेवाएं और विभिन्न बीमा सुविधाएं निःशुल्क देगा। यह पैकेज स्वैच्छिक है।

### तीन महीने के बाद होगी समीक्षा

इस पैकेज की प्रगति की समीक्षा तीन माह बाद होगी। इसमें देखा जाएगा कि सभी कर्मियों को लाभ मिल रहा है या नहीं। जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। वर्तमान में बिहार पुलिस के विभिन्न कोषों से मिलने वाली सहायता से अतिरिक्त यह लाभ होगा।

# भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों से कराया गया अवगत

निज संवाददाता | पटना





भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा द्वारा शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक, बाढ़, पटना, के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों का एक्सपोजर विजिट कराया गया। भारतीय मानक ब्यूरो के पूरे देश में स्थित कार्यालयों द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं शिक्षकों एवं औद्योगिक समूह के लोगों का एक्सपोजर विजिट कराया जाता है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं औद्योगिक समूह के लोगों के बीच मानकीकरण के विषय में जागरूकता पैदा करना है। मानकीकरण के बारे में उनके बीच कई तरह जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। ये लोग उपलब्ध जानकारी को अन्य लोगों के बीच चर्चा के माध्यम से बांटते हैं, इससे लोगों के बीच जागरूकता बढ़ती है। इसी क्रम में राजकीय पॉलिटेक्निक, बाढ़, पटना, के कुल 36 छात्र एवं छात्राएं और संकाय सदस्य सुरभि रानी, अमित राणा, रोहण शर्मा, वरूण कुमार एवं नवीन कुमार ने पटना शाखा कार्यालय एवं प्रयोगशाला का दौरा किया। इस कार्यक्रम में पटना शाखा प्रयोगशाला प्रमुख कौशिक दत्ता एवं मनोज चव्हाण, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी पटना शाखा से विजय कुमार गौरव, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी, हिमांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं सुधांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं प्रशांत कुमार तिवारी, एसपीओ उपस्थित थे। मनोज चव्हाण, संयुक्त निदेशक, वैज्ञा. डी ने उन्हें बीआईएस के कार्यकलापों एवं प्रयोगशाला के द्वारा किये जा रहे परीक्षणों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में हिमांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी एवं सुधांशु कुमार, उपनिदेशक / वैज्ञा.सी ने छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों जैसे उत्पाद प्रमाणन (आईएसआई) मार्क, हॉलमार्क एवं इलक्ट्रॉनिक उत्पादों पर रजिस्ट्रेशन मार्क के बारे में बताया।

# ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 198वीं बैठक का आयोजन

निज संवाददाता | पटना



ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय पटना में शुक्रवार को संजय कुमार क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में विभागीय राजभाषा कर्यन्वयन समिति की 198वीं बैठक का आयोजन किया गया। अजीत कुमार शर्मा सहायक निदेशक, राजभाषा एवं समिति के सचिव के द्वारा अप्रैल 2024 से जून 2024 तक के तिमाही के दौरान कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया एवं समिति को बताया गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कार्यालय में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत 99.38 रहा। साथ ही समिति के सदस्य के रूप में उपस्थित शाखा अधिकारियों एवं अधीक्षकों के साथ चर्चा के दौरान राजभाषा अधिनियम की धारा3(3) नियम 3 4 और 5 के प्रभावी अनुपालन हेतु विभिन्न उपाय सुझाएं गये एवं समिति के अध्यक्ष द्वारा उस पर सहमति प्रकट की गई।

क्षेत्रीय निदेशक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में रेखांकित किया कि राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्याक्रम का सभी शाखाओं द्वारा अक्षरशः अनुपालन किया जाए एवं कार्यालय में राजभाषा के प्रयोग को बढ़ाने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा विकसित ई-टूल का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए।

# स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशा निर्देश को लागू करें राज्य सरकारें : केंद्र

**नयी दिल्ली (ए.)।** विद्यालयों और शैक्षणिक स्थानों में बढ़ते आपराध के मामलों के मद्देनजर केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए "स्कूल सुरक्षा और संरक्षा पर दिशानिर्देश" को लागू करने का निर्देश दिया है।

साथ ही सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से अपने-अपने राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में स्कूल सुरक्षा और संरक्षा-2021 पर दिशानिर्देश की अधिसूचना की स्थिति के बारे में जानकारी देने का भी अनुरोध किया गया है।

बली खान के दिये कागजात और पुलिस रिपोर्ट के आधार पर पासपोर्ट जारी कर दिया गया

# अफगानी नागरिक ने फर्जीवाड़ा कर लिया इंडियन पासपोर्ट और आधार कार्ड

- बली खान के दिये कागजात और पुलिस रिपोर्ट के आधार पर पासपोर्ट जारी कर दिया गया, लेकिन जब इसकी सच्चाई सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया।





निज संवाददाता | पटना

अफगानी नागरिक ने फर्जीवाड़ा कर भारतीय पासपोर्ट ले लिया। इसका भंडाफोड़ होने के तुरंत बाद रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ताविशी बहेल पांडेय ने गांधी मैदान थाने में बली खान के खिलाफ केस दर्ज कराया है। बली खान गांधी मैदान थानांतर्गत फ्रेजर रोड स्थित पटना सुपर मार्केट के बी ब्लॉक में रहता है। आरोप है कि वह मूल रूप से अफगानी नागरिक है। उसने अपनी मूल नागरिकता छिपाकर भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कि विदेशी नागरिक किस प्रकार से पासपोर्ट हासिल करने में कामयाब हो गया। आरोपी एक हवाला कारोबारी है। 16 मार्च वर्ष 2023 को उसे पटना से पासपोर्ट जारी किया गया था। बली खान के दिये कागजात और पुलिस रिपोर्ट के आधार पर पासपोर्ट जारी कर दिया गया, लेकिन जब इसकी सच्चाई सामने आई तो हर कोई हैरान रह गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस से कहा है कि पहचान छिपाकर पासपोर्ट हासिल कर लेना देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

### पिता के साथ पटना में रह रहा

इधर, गांधी मैदान थाने की पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। अब तक हुई तफ्तीश में यह पता चला है कि बली खान के पास आधार कार्ड व अन्य कागजात भी हैं। वह सालों से पटना में रह रहा है। उसके पिता भी यहां रहते थे। सवाल यह है कि क्या बली खान के परिवार के किसी सदस्य को भारतीय नागरिकता मिली थी या नहीं? किस आधार पर मूल रूप से अफगान का होने के बावजूद ये लोग पटना में रह रहे थे।

# लालू की पार्टी छोड़कर आए नेता को सीएम ने दिया बड़ा पद



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अध्यक्ष पद पर हैं। वहीं सांसद संजय झा कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा कार्यकारी अध्यक्ष पद पर हैं। वशिष्ट नारायण सिंह उपाध्यक्ष, केसी त्यागी राजनीतिक सलाहकार व प्रवक्ता, डॉ. आलोक कुमार सुमन कोषाध्यक्ष, मनीष कुमार वर्मा महासचिव पद पर हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी छोड़कर जदयू में आए पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल को अति पिछड़ा प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सीएम नीतीश कुमार ने कई वरीय नेताओं को अलग-अलग राज्य का प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने महासचिव मनीष कुमार वर्मा को ओडिसा और कर्नाटक की जिम्मेदारी सौंपी हैं। वहीं महासचिव अफाक आलम मुख्यालय, केरल, लक्ष्यद्वीप और जम्मू एवं कश्मीर राज्य की जिम्मेदारी सौंपी हैं।

# जनता दरबार में कई शिकायतों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

निज संवाददाता | नवादा




जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 22 आवेदन आये। जिलाधिकारी ने बारी-बारी से आवेदनकर्ताओं से मिलकर शिकायतों के निवारण के लिए आश्वासन दिया और कई आवेदनों को का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में विद्युत, भूमि विवाद, नल-जल, झगड़ा, आपूर्ति, राजस्व, मद्य निषेध, शिक्षा, भू अर्जन, पारिवारिक विवाद, अतिक्रमण, आईसीडीएस आदि से संबंधित मामले आए। जनता दरबार में प्रखंड-नवादा सदर, पंचायत-खरॉट, पो0-ओढ़नपुर, ग्राम-आमीपुर के अनीता देवी, थाना-नारदीगंज, ग्राम-नारदीगंज के मुन्नी देवी, नवीन नगर नवादा नर्स कॉलनी के वीरेन्द्र कुमार, स्टेशन रोड नवादा के अनिता देवी, थाना-वारिसलीगंज, ग्राम-माफी के हेमन्त कुमार, अंचल-पकरीबरावां के ग्रामीणवासी नरेश प्रसाद एवं अन्य, थाना-रोह, साकिन-महरामा डिह के गायत्री कुमारी द्वारा अपने-अपने शिकायतों से संबंधित आवेदन दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा सभी मामलों को संबंधित पदाधिकारियों को अविलम्ब जॉच कर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया तथा कुछ मामलों का निष्पादन ऑन स्पॉट कर दिया गया। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त नवादा दीपक कुमार मिश्रा, गोपनीय प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी जिला जन शिकायत पदाधिकारी राजकुमार सिंहा, कला एवं सांस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी, निदेशक डीआरडीए नीरज कुमार, डीसीएलआर नवादा गौरव कुमार के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लगातार हो रही बारिश से ढ़ाढ़र नदी का बढ़ा जल स्तर

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दो दिन से लगातार वर्षा होने से किसानों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। किसान अपने खेत मे पानी संचय में लगे हुए हैं। वही ताल, तलैया, नदी, नाले में भी पानी देखा जा रहा है। पिछले दो दिनों से झमाझम वर्षा होने से नारदीगंज की ढाढर नदी समेत अन्य नदी में तेज पानी का बहाव शुक्रवार से शरू हो गया। नदी में पानी का तेज वहाव को देखने के लिए कई पुल पर पहुंचे। शुक्रवार को दिनों भर झमाझम वर्षा होती रही। आसमान में काले काले बादल छाए रहे।मेघ गर्जन के साथ वर्षा हुई। वर्षा होने से जनजीवन प्रभावित रहा।लोग घर से भी बाहर निकलना मुनासिब नहीं समझा। अति आवश्यक कार्य को लेकर ही लोग घर से बाहर निकले। आम दिनों के अपेक्षा सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। इस तरह की वर्षा होने से फुटपाथी दुकानदार को काफी परेशानी हुई। गुरुवार की रात भी अच्छी वर्षा हुई है। इस वर्ष में दूसरी बार नदियों में पानी की धार देखी जा रही है। इसके पहले 13 अगस्त 2024 को सुखी नदी में पहली बार पानी का तेज वहाव आया था। सभी बरसाती नदी है। जल संचय का मुख्यस्त्रोत कहा जाता है। नदी में पानी की वहाव आने से लोगों में खुशी देखी जा रही है। बीते दो दिनों से मौसम ने करबट ली है। लोग कयास लगाए हुए हैं कि अभी वर्षा होने की उम्मीद है। किसान बैजू कुमार, रामाशीष यादव समेत अन्य का कहना है कि वर्षा होने से धान के पौधे में फायदेमंद साबित होगा। वही भूगर्भीय जलस्तर भी ठीकहोने की आशा है।

## रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**नारदीगंज (नवादा)**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर आगामी 24 अगस्त 2024 को 11 बजे दिन में शरू किया जाएगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार व लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से कहा आयोजित रक्तदान शिविर अधिक से अधिक लोग रक्तदान कीजिए। रक्तदान महादान है। मानवता की सेवा के लिए इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। यह शिविर छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान, नवादा के द्वारा आयोजित होगी। छत्रपति शिवाजी सेवा संस्थान नवादा के सचिव जितेंद्र प्रताप ने सिविल सर्जन को आवेदन पत्र भेजकर रक्तदान शिविर आयोजित करने की मांग किया था। सिविल सर्जन ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि आयोजित रक्तदान शिविर में सीएचसी नारदीगंज में चिकित्सीय दल को गठन कर उनके देखरेख में रक्तदान किया जाना है।

# जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम को लेकर शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

» त्यौहार में प्रशासन के तरफ से विभिन्न स्थानों एवं रुटो में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी।

निज संवाददाता | वारिसलीगंज (नवादा)



वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र में जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व को हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिया गया। बैठक में जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व में पूजा समितियों एवं अखाड़ों के सदस्यों को जुलुस के लिये परमिशन एवं रूट चार्ट के अनुसार जुलुस निकालने को लेकर निदेशित किया गया। त्यौहार में प्रशासन के तरफ से विभिन्न स्थानों एवं रुटो में दंडाधिकारी के साथ पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी। बैठक में अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार एवं अधिकारीयों ने कहा की जुलुस में डीजे का प्रयोग निशिद्ध रहेगा। साथ ही साथ शोशल मिडिया पर भी प्रशासन की कड़ी नजर रखी जाएगी। भड़काऊ एवं भ्रामक पोस्ट डालने वालों के ऊपर सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में एस आई भोला सिंह, राजकुमार सिंह मुखिया, गोविंद जी तिवारी, शिव शंकर चंद्रवंशी, शैलेंद्र सिंह विधायक प्रतिनिधि वार्ड सदस्य, मुखिया इत्यादि

# बिहार के मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने किया डाक चौपाल का उद्घाटन

» इनमें आधार कार्ड बनवाना, पत्र पार्सल की बुकिंग, पासपोर्ट बनवाना, बचत खाते, आवर्ती खाते, सुकन्या समृद्धि खाता खोलना और डाक जीवन बीमा शामिल हैं।




निज संवाददाता | नवादा

नवादा नगर के एक प्रमुख निजी होटल में आयोजित डाक चौपाल ने क्षेत्रीय जनता को डाकघर की सेवाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन मुख्य डाक महाध्यक्ष, बिहार, अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलन करके किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पिंकी देवी, अध्यक्ष नगर परिषद नवादा, अनिल मेहता, समाजसेवी एवं जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी नवादा, और धीरज कुमार, सहायक प्राध्यापक बी.एम.एस., पावापुरी ने शिरकत की। इस अवसर पर नवादा जिले के अलावा आसपास के कई जिलों से बड़ी संख्या में लोगों ने कार्यक्रम में भाग लिया। डाक चौपाल के दौरान, डाकघर की विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता को सीधे प्रदान किया गया। प्रधान डाकघर नवादा में कई काउंटर लगाए गए, जहां लोगों ने मौके पर ही विभिन्न प्रकार के खाते खोले, जैसे सुकन्या समृद्धि खाता, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक का खाता, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा। मुख्य डाक महाध्यक्ष अनिल कुमार ने अपने संबोधन में डाकघर की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डाकघर अब एक व्यापक सेवा केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है, जहाँ एक ही छत के नीचे विभिन्न प्रकार की सेवाएं उपलब्ध हैं। इनमें आधार कार्ड बनवाना, पत्र पार्सल की बुकिंग, पासपोर्ट बनवाना, बचत खाते, आवर्ती खाते, सुकन्या समृद्धि खाता खोलना और डाक जीवन बीमा शामिल हैं। डाकघर अब 'मॉल' की तरह काम कर रहा है, जो कि लोगों को सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर प्रदान करता है। मुख्य डाक महाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से संवाद किया और बताया कि डाकघर से जुड़कर लोग लाखों रुपए कमा सकते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि डाकघर के अभिकर्ता पहले ही अच्छा लाभ कमा रहे हैं और अब लोग डाकघर से जुड़कर निर्यातक भी बन रहे हैं। वे स्थानीय वस्तुओं जैसे पापड़, अचार, हस्तकरघा से बने कपड़े, मखाना आदि को विदेशों में निर्यात कर रहे हैं। यह पहल 'लोकल फॉर वोकल' की भावना को साकार कर रही है। डाक निर्यात केंद्र के माध्यम से घरेलू महिलाएं अपने घर पर बने उत्पादों को भी विदेशों में निर्यात कर रही हैं, जो कि एक नई उम्मीद और अवसर का संकेत है। डाकघर अब न केवल सेवाओं का वितरण कर रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार में पहुंचाने का माध्यम भी बन चुका है। मुख्य डाक महाध्यक्ष ने नवादा के लोगों को डाकघर से जुड़कर निर्यातक बनने की अपील की और बताया कि यह एक बेहतरीन मौका है, जहाँ डाकघर आम लोगों को व्यवसाय करने और अपने उत्पादों को विदेशों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान कर रहा है। डाकघर की सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए, उन्होंने बताया कि अब ग्रामीण डाकघर भी पूरी तरह से ऑनलाइन हो गए हैं और डाकिया घर-घर जाकर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। लोग अब पैन कार्ड, श्रम कार्ड, विश्वकर्मा कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य सेवाएं भी डाकघर से प्राप्त कर सकते हैं। डाक चौपाल के दौरान, छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे और डाकघर की योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। पिंकी देवी, अध्यक्ष नगर परिषद नवादा ने डाकघर की योजनाओं की सराहना की और लोगों से डाकघर से जुड़ने की अपील की। उन्होंने डाक चौपाल की सफलता की भी भूरी-भूरी प्रशंसा की। अनिल मेहता ने भी डाक चौपाल की सराहना की और आग्रह किया कि इस प्रकार के आयोजन अन्य स्थानों पर भी किए जाएं। डाक अधीक्षक नवादा, कुंदन कुमार ने नवादा डाक मंडल द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवादा डाक मंडल के कर्मचारी डाकघर की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने में अत्यंत मेहनत कर रहे हैं, चाहे वह 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के आधार कार्ड की बात हो या सुकन्या खाता खोलने की बात, डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा की बात हो, या आयुष्मान कार्ड, विश्वकर्मा कार्ड, श्रम कार्ड का रजिस्ट्रेशन हो। इस प्रकार के आयोजन में जितेंद्र कुमार, संतोष कुमार, अभिषेक कुमार, प्रतिभा नारायण, मनीष कुमार, भीम सेन, अंकित कुमार, शंकर कुमार, अरविंद कुमार, और पोस्टमास्टर अजय कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनकी मेहनत और समर्पण ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# सारेगामा हम भोजपुरी ने दिये इंडस्ट्री को 5 नये सितारे

निज संवाददाता | पटना




भोजपुरी संगीत जगत की अग्रणी म्यूजिक कंपनी सारेगामा भोजपुरी द्वारा 'सारेगामा हम भोजपुरी सुपरस्टार' नामक एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इनमें टॉप 5 में क्रमशः नीतीश, अनूप, कृष्णा, श्रीरेंद्र और अंजली का चयन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य उन प्रतिभाओं को पहचान और मंच प्रदान करना था, जिन्हें अक्सर उचित मंच नहीं मिल पाता है। भोजपुरी समुदाय में अपार प्रतिभा छुपी हुई है, लेकिन उचित अवसर और मंच के अभाव में ये प्रतिभाएं दुनिया के सामने नहीं आ पातीं। इसे ध्यान में रखते हुए, सारेगामा हम भोजपुरी ने इस अनोखे कार्यक्रम की शुरुआत की, जिससे भोजपुरी जनता को एक विस्तृत प्लेटफार्म मिला। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भोजपुरी युवा दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू भी मौजूद रहे और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस दौरान उन्होंने सारेगामा की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसा मंच गायकों के लिए सारेगामा ने दिया है, जो इंडस्ट्री के लिए सौभाग्य की बात है। मैं चाहूंगा कि इस मंच का फायदा हर प्रतिभाशाली लोग उठाएं और अपने कला को सारी दुनिया में पहचान सारेगामा के माध्यम से दिलाएं। मालूम हो कि इस प्रतियोगिता में 50,000 से अधिक प्रतिभागियों में से सारेगामा हम भोजपुरी की ज्यूरी ने कड़ी मेहनत और जजमेंट के बाद 5 बेहतरीन प्रतिभाओं को चुना। इनमें नितेश राणा (बलिया), अनूप कुमार ओझा (बक्सर)कृष्णा यादव झकझोरिया (रोहतास), श्रीरेंद्र उपाध्याय (कैमुर)और अंजली राय (लखनऊ) क्रमशः 1 से 5 स्थानों पर चयन किया गया है। इन प्रतिभाओं के चयन के साथ ही सारेगामा ने भोजपुरी जगत को टॉप 5 स्टार्स दिए हैं, जो भविष्य में इस क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। ये सभी सारेगामा के एक्सक्लूसिव आर्टिस्ट होंगे। श्रोता इनके गाने सारेगामा भोजपुरी पर सुन सकेंगे। सारेगामा भोजपुरी की यह मुहिम यहीं नहीं रुकेगी, बल्कि आगे भी जारी रहेगी, ताकि और भी भोजपुरी प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिल सके और उन्हें अपनी पहचान बनाने का अवसर प्राप्त हो।

## यक्ष्मा मरीजों के लिये लगाया गया आधुनिक ट्रेउनेट मशीन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। यक्ष्मा मरीजों की बेहतर तरीके से पहचान करने में अब सुविधा होगी। इसके लिए जिला यक्ष्मा विभाग के सौजन्य से नारदीगंज स्थित सीएचसी में ट्रेउनेट मशीन उपलब्ध कराया गया है। सीएचसी नारदीगंज के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने शुक्रवार को ट्रेउनेट मशीन का फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। इस मौके पर डा. विमलेंद्र कुमार सिन्हा, डा. इंद्रदेव कुमार, लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार, विकास कुमार, एसटीएस अमरेंद्र कुमार, एसटीएलएस वंदना कुमारी समेत अन्य शामिल रहे। इस मौके पर प्रभारी ने ट्रेउनेट मशीन लगने से टीबी रोगियों की जांच में सुविधा मिलेगी, रोगियों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। अब इस केंद्र में यक्ष्मा मरीजों का जांच के लिए सुविधा उपलब्ध हो गया है। मरीजों के बलगम की जांच निःशुल्क किया जाएगा। इसके पहले बलगम जांच के लिए नवादा या अन्य जगहों पर बलगम की जांच होती थी, जिससे मरीजों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब उन्हें परेशानी से निजात मिल गया। इस मशीन से जांच होने पर स्पष्ट हो जाएगा कि मरीज टीबी रोग से ग्रसित हैं, या नहीं। इस तरह के रोगियों को पहले माइक्रोस्कोप से जांच किया जाता था।

## प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)**। पेंशनर भवन नारदीगंज में शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर संगोष्ठी की। अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा पूरे विश्व में भारत सर्वप्रथम चांद के दक्षिण भाग में अंतरिक्ष यात्रियों के द्वारा भारतीय झंडा फहरा कर एक ऐतिहासिक गौरव प्राप्त किया है। यह भारतीय का प्रथम कदम है। पूरे विश्व के लोग आश्चर्य चकित हैं। कहा गया भारतीय वैज्ञानिकों का ऐसा सोंच हुआ कि विश्व में प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया। उन्होंने कहा अंतरिक्ष यात्रियों को सरकार की ओर से बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाय।

बिहार सरकार

## बन्दोबस्त कार्यालय, औरंगाबाद

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–02 (बन्दो0)/2024

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नवगठित शिविर कार्यालयों के संचालन हेतु आवश्यक उपस्कर सामग्री एवं विशेष सर्वेक्षण अमीनों के कार्यार्थ सामग्रियों का क्रय कर आपूर्ति करने का निदेश प्राप्त हुआ है।

विभाग द्वारा निर्धारित Spacification के अनुसार उपस्कर एवं सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु योग्य निबंधित फर्मों से द्विलिफाफा पद्धति के तहत दिनांक–31.08.2024 को अपराह्न 12 बजे तक मुहरबंद निविदा बन्दोबस्त कार्यालय, औरंगाबाद में आमंत्रित की जाती है। निविदा दाखिल हेतु निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक–31.08.2024 को ही अपराह्न 02 बजे निविदा समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोली जाएगी जिसमें संबंधित निविदा दाता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। तकनीकी निविदा में सफल होने पर ही वित्तीय निविदा खोली जाएगी। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी औरंगाबाद जिला के वेबसाइट–aurangabad.bih.nic.in देखा जा सकता है। निर्धारित Spacification के अनुसार विशेष सर्वेक्षण अमीनों एवं अंचल स्तरीय शिविर कार्यालयों हेतु आपूर्ति किये जाने वाले उपस्कर एवं सामग्रियों की विवरणी निम्न प्रकार है :–

(A). शिविर कार्यालय के लिए उपस्कर की सूची :–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | संख्या | दर/पीस |
|---|---|---|---|
| 1. | लकड़ी का टेबल (4'x2.5x3') | 44 | 4000 |
| 2. | लकड़ी की कुर्सी | 44 | 2500 |
| 3. | प्लास्टिक कुर्सी (नीलकमल/सुप्रीम) | 330 | 1500 |
| 4. | बक्सा (चदरा) (4'x2.5x3') (Tata Steel) | 55 | 3000 |
| 5. | तख्ती तिपाई | 11 | 3500 |
| 6. | कैलकुलेटर ओरपेट (12 डिजीट) | 33 | 500 |
| 7. | चैन (जरीब) | 11 | 2000 |

(B) विशेष सर्वेक्षण अमीनों को दी जाने वाली सामग्रियों की सूची :–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | संख्या | दर/पीस |
|---|---|---|---|
| 1. | मापने का टेप(100 ft.) | 298 | 350 |
| 2. | गुनिया | 298 | 60 |
| 3. | प्लॉटिंग स्केल | 298 | 40 |
| 4. | डिवाईडर ब्रास | 298 | 70 |
| 5. | तख्ती तिपाई | 298 | 2500 |
| 6. | स्केल 30 से0मी0 | 298 | 15 |
| 7. | सूजा | 298 | 40 |
| 8. | कैलकुलेटर (OREVA) | 298 | 225 |
| 9. | मैप कंटेनर/कवर बड़ा | 298 | 200 |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 006787 (Revenue) 2024-25

बन्दोबस्त पदाधिकारी
औरंगाबाद

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## महाप्रबंधक ने किया पटना-सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



निज संवाददाता | हाजीपुर (वैशाली)

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा राजेंद्रपुल, समस्तीपुर, दरभंगा, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर के रास्ते पटना से हाजीपुर तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेलखंड के मध्य पड़ने वाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, समपार फाटक सिगनलिंग प्रणाली सहित संरक्षा से जुड़े पहलुओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल दिया। उन्होंने दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेशन का भी निरीक्षण किया। सीतामढ़ी में महाप्रबंधक ने सर्कुलेटिंग एरिया, साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, एफओबी, प्लेटफार्म सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा दरभंगा एवं सीतामढ़ी स्टेशन पर स्टेशन पुनर्विकास से संबंधित कार्यों की अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। महाप्रबंधक ने निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। इस दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद तथा समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव अपने-अपने क्षेत्राधिकार में महाप्रबंधक के साथ उपस्थित रहे।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में नवागंतुक कृषि स्नातक छात्रों का दीक्षारम्भ कार्यक्रम संपन्न

निज संवाददाता | जमुहार (रोहतास)



जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कृषि विज्ञान संस्थान में आज नवागंतुक कृषि स्नातक छात्रों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सम्मेलन कक्ष में किया गया, जहां बड़ी संख्या में नवागंतुक छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गोपाल नारायण सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि पर आधारित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कृषि प्रधान देश के रूप में, हमारी जीडीपी का महत्वपूर्ण हिस्सा कृषि से आता है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी लगन और मेहनत के बल पर कृषि में नए शोध करें, ताकि देश के किसानों की स्थिति को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब किसानों की स्थिति मजबूत होगी, तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष डॉ. हरिकेश सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके बुद्धि और विवेक से ही देश के विकास की दिशा तय होगी। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे कृषि में नए अनुसंधानों की ओर अग्रसर हों और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए समर्पित रहें। कुलपति डॉ. महेंद्र कुमार सिंह ने भी छात्रों को संबोधित किया और कहा कि कृषि को अक्सर हेय दृष्टि से देखा जाता है, लेकिन वास्तव में यही भारत की उन्नति का आधार है। उन्होंने छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि वे विश्वविद्यालय में अपने उद्देश्यों को प्राप्त करें और इसके लिए जो भी सहयोग आवश्यक हो, वह हमेशा उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम को प्रति कुलपति डॉ. जगदीश सिंह और परीक्षा नियंत्रक डॉ. कुमार आलोक प्रताप ने भी संबोधित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. हेमंत कुमार सिंह ने सभी नवागंतुक छात्रों को उनके उद्देश्यों के प्रति जागरूक किया और कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कल्पना कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. ए. के. सिंह ने किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी, कुलाधिपति के निजी सचिव योगेश उपाध्याय और कृष्णा साहू भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### उच्च व निम्न रक्तचाप और मधुमेह पर लगा चिकित्सा शिविर

**आरा।** माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली, आरा में गुरुवार उच्च व निम्न रक्तचाप और मधुमेह पर चिकित्सा शिविर लगा। इस मौके विद्यालय के निदेशक श्रेयांश जैन, उपाध्यक्ष सुचिता जैन, प्राचार्या डा. सहाया मेरी, उपप्रधानाचार्य साईं प्रसाद, प्रधानाध्यापक रत्नेश चौबे, प्रधानाध्यापिका सोनी चौधरी के आलावा शिक्षकगण, चिकित्सकों का दल व कर्मचारी मौजूद रहे। यह शिविर डा. प्रवीण कुमार सिन्हा के नेतृत्व में विशेष तौर से शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया। मुख्य उद्देश्य बीमारियों से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को बताते हुए उनकी जीवन की सुरक्षा करना है। विद्यालय के निदेशक और प्राचार्या ने टीम के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए उनकी सराहना की। चिकित्सकों के दल ने इन बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए इसके बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। इस दौरान लोगों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों पर चिकित्सकों से सलाह लिया।

### शनिवार को लगेगा चर्म रोग मुफ्त जांच एवं परामर्श शिविर

**आरा।** महावीर टोला में शनिवार को चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ मो मुबारक हुसैन, मुफ्त चर्म रोग जांच शिविर लगाएंगे। शिविर में मुफ्त परामर्श, मुफ्त जांच व मुफ्त दवा का भी वितरण किया जायेगा। पटना के डॉ मोहम्मद मुबारक हुसैन ने बताया कि मैं प्रत्येक शनिवार को आरा के महावीर टोला में अपनी सेवा देता हूं। प्रत्येक दो महीनें पर मुफ्त चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया जाता है।

### राष्ट्रीय सॉफ्ट बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 28 से 30 सितम्बर तक

**आरा।** 10 वी फेडरेशन कप राष्ट्रीय सॉफ्ट बॉल क्रिकेट महिला पुरुष चैंपियनशिप केआयोजन के लिए वीर कुंवर सिंह स्टेडियम मे बैठक हुई। अध्यक्षता समाज सेवी राम दिनेश यादव ने किया। बैठक मे आवाशन, भोजन, मैच ग्राउंड पर चर्चा हुआ। इस दौरान सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दीये। भारतीय सॉफ्ट बॉल क्रिकेट फेडरेशन के तरफ से 10 वी सॉफ्ट बॉल फेडरेसन कप का आयोजन, भोजपुर ( बिहार ) को दिया गया है। प्रतियोगिता मे पुरुष की 8 एवं महिला की 8, कुल 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता 28 से 30 सितम्बर को होगी। बैठक में भारतीय सॉफ्ट बॉल फेडरेशन के तकनिकी चेयर मैन मो शाहिद, शालिनी सोनकर, भोजपुर सॉफ्ट बॉल क्रिकेट ज़िला सचिव कुमार मंगलम, रागिनी सोनकर, राजीव कुमार सिंह, रजनीश कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार सिंह समेत कई सदस्य मौजूद थे।

### आरा के प्रभारी प्राचार्य बनाए गये प्रो. डॉ. आलोक कुमार

**आरा।** महाराजा कॉलेज, आरा का प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डा.) आलोक कुमार को बनाया गया है। इसको लेकर गुरूवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। अधिसूचना के अनुसार महराजा कॉलेज, आरा में कार्यरत शिक्षकों के वरीयता सूची की समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद पाया गया कि वर्त्तमान में महाराजा कॉलेज, आरा में सबसे वरीय शिक्षक गणित विभाग के प्रो. (डा.) आलोक कुमार है। वरीयता के आधार पर प्रो. (डा.) आलोक कुमार को महाराजा कॉलेज, आरा का प्रभारी प्राचार्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक नियुक्त किया गया है।

### आरा नगर रामलीला समिति का पुनर्गठन



**आरा।** शहर में शारदीय नवरात्रि में इस बार नए तरीके से भव्य 18 दिवसीय रामलीला होगी। इसकी तैयारी अभी से ही शुरू हो गई है। इस संदर्भ में गुरुवार को शुभ नारायण नगर-मझौंवा में संभावना आवासीय उच्च विद्यालय के जुबली हॉल में गुरुवार को आरा नगर रामलीला समिति की महत्ती आम सभा हुई। इसकी अध्यक्षता आरा नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, संचालन अवधेश कुमार पाण्डेय एवं धन्यवाद ज्ञापन राम कुमार सिंह ने किया। इस क्रम में समिति के नये सचिव, कोषाध्यक्ष समेत अन्य पदधारकों का मनोनयन एवं अन्य मुद्दों पर विचार किया गया। सर्वसम्मति से आरा नगर रामलीला समिति का मुख्य संरक्षक आचार्य डॉ. धर्मेंद्र तिवारी (पूर्व कुलपति सह पीठाधीश्वर ब्रह्मपुर पीठ) को बनाया गया। संरक्षक मंडल में राममूर्ति प्रसाद, अवधेश कुमार पांडेय, रामकुमार सिंह, डॉ. कुमार द्विजेंद्र, मनोज कुमार सिंह (पूर्व मुखिया), अविनाश कुमार को बनाया गया। डॉ. अर्चना कुमारी को अध्यक्ष, शंभू चौरसिया को उपाध्यक्ष, विष्णु शंकर गुप्ता को सचिव, अनिल कुमार गुप्ता को संयुक्त सचिव, मेजर राणा प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष, ओपी कश्यप को सह- कोषाध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में हरेंद्र प्रसाद यादव (मुखिया), पुष्पेंद्र सिंह (समाजसेवी), डी. राजन (अधिवक्ता), अखिलेश्वर प्रसाद, यशवंत कुमार, कृष्ण कुमार, मिथिलेश रंजन, मनोज कुमार सिंह, राकेश कुमार धन्नु, राकेश सिंह, सुनील चौधरी एवं संजीव सिन्हा का मनोनयन किया गया है।अपने संबोधनमें गर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह ने कहा कि रामलीला नजदीक आ गया है। हम सब को यूद्वस्तर पर कार्य करना होगा। तभी यह कार्यक्रम सफलीभूत होगा। सनातन को बुलंद करने के लिए सभी को जात-पात त्यागकर एकजुट होना पडेगा। रामलीला विरोधी गतिविधियों के कारण पूर्व सचिव शंभूनाथ प्रसाद को बर्खास्त किया गया है। रामलीला से जुड़े जितने भी पुराने सदस्य व पदाधिकारियों का हमेशा स्वागत है। उनके मान-सम्मान में कोई कमी नही रखी जाएगी। आमसभा में अक्टूबर में शारदीय नवरात्र में 18 दिवसीय रामलीला के तैयारी पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान नगर रामलीला समिति के पदाधिकारी व सदस्य को सहयोग राशि देने, रावण का पुतला निर्माण करने, शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर नगर रामलीला समिति का पोस्टर-बैनर लगाने, रामलीला के आयोजन के लिए दान व सहयोग राशि एकत्रित करने एवं रामलीला मैदान के सौंदरीकरण एवं मंच के निर्माण आदि पर विचार हुआ।

### फर्जी दारोगा बनकर दूसरी शादी करने वाला युवक गिरफ्तार, डीआईजी के निर्देश पर पुलिस ने दर्ज किया था एफआईआर

**बक्सर।** बक्सर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कमरपुर निवासी अमित राय पिता इंद्रजीत राय को पुलिस ने फर्जी दारोगा बन कर दूसरी शादी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। उसने ससुराल वालों को शाहाबाद रेंज के डीआईजी का फर्जी पत्र भी दिखाया था। इसकी जानकारी जब डीआईजी के पास पहुंची तो डीआईजी के निर्देश पर मुफस्सिल थाने में 30 जनवरी को एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए लगातार



छापेमारी की जा रही थी। वह काफी समय से फरार चल रहा था। बताया गया की अमित राय पहले से शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी है। वहीं युवक ने खुद को दारोगा बताते हुए दूसरी शादी की और बेगूसराय के तेघड़ा निवासी एक व्यक्ति से दहेज भी लिया था। वहीं मुफस्सिल थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि अमित राय की गिरफ्तारी के लिए काफी कोशिश की जा रही थी। इस बीच पुलिस को जब गुप्त सूचना मिली तो छापेमारी कर थाना क्षेत्र से आरोपी को पकड़ लिया गया। उससे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

# गला दबाकर नवविवाहिता की आरा में हत्या, पति अरेस्ट

## ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए मर्डर का आरोप, प्रेम-प्रसंग के बाद हुई थी शादी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र के हिरखी पिपरा गांव में गुरुवार को एक नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका के चाचा ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल, पुलिस ने मृतका के पति को अरेस्ट कर लिया है। जबकि, ससुराल के अन्य लोग घर छोड़ कर फरार है। 3 साल के प्रेम-प्रसंग के बाद इन्होंने शादी की थी। स्थानीय ग्रामीणों ने मामले की सूचना शाहपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर शाहपुर थानाध्यक्ष कुमार रजनी कांत और एसआई ज्योति कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उसके बाद पुलिस ने वहां एफएसएल की टीम को भी बुलाया।



**ससुराल के अन्य लोग घर छोड़कर फरारः** एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और कई साक्ष्य को इकट्ठा किया। इसके अलावा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। ससुराल के अन्य लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मृतका शाहपुर थाना क्षेत्र के हिरखी पिपरा गांव निवासी अभिषेक राय की पत्नी खुशी कुमारी (20) है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अभिषेक राय और खुशी कुमारी के बीच करीब 3 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था और दोनों मोबाइल पर बातचीत किया करते थे।

**मृतका के चाचा ने दर्ज कराई प्राथमिकीः** दोनों के परिवार वालों को बातचीत की जानकारी होने के बाद इनकी शादी करा दी गई थी। मृतका के चाचा दिनेश कुमार ने स्थानीय थाना में उसके पति और ससुराल वालों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में कहा गया कि बक्सर के सिमरी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव निवासी हरी कुंवर ने अपनी बेटी खुशी कुमारी की शादी शाहपुर थाना क्षेत्र के हिरखी पिपरा गांव निवासी गोरख राय के बेटे अभिषेक राय की शादी हुई थी। पिछले महीने की 12 तारीख को हिंदू रीति-रिवाज के साथ विवाह हुआ था।

**बाइक नहीं देने पर नवविवाहिता की हत्याः** शादी के एक सप्ताह बाद से ही उसके पति व ससुराल वालों बुलेट बाइक की मांग करने लगे। बाइक नहीं देने पर नवविवाहिता की हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि मृतका के परिवार वाले दिल्ली में रहकर काम करते हैं। मृतका अपने दो बहन व एक भाई में छोटी थी। उसके परिवार में मां सरिता देवी व एक बहन नेहा कुमारी और एक भाई दीपक कुमार है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। इस घटना के बाद मृतका की मां सरिता देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शराब मामले में उत्पाद अधीक्षक की जमानत याचिका खारिज

निज संवाददाता। बक्सर



♦ बक्सर में गिरफ्तारी मामले में राहत नहीं, पुलिस भी लगातार कर रही कोशिश

बक्सर के उत्पाद अधीक्षक दिलीप पाठक को फिलहाल कोर्ट ने राहत नहीं दिया है। उनके जमानत आवेदन को विशेष न्यायाधीश ने खारिज कर दिया है। इससे उनकी मुश्किलें कम होती दिखाई नहीं दे रही है। उत्पाद अधीक्षक ने पिछले दिनों जमानत आवेदन को कोर्ट में दाखिल किया था। इसकी सुनवाई के बाद न्यायालय ने फैसला सुरक्षित रखा था। गुरुवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया और इसमें जमानत याचिका को खारिज कर दिया। वहीं पूर्व में उत्पाद अधीक्षक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने न्यायालय में निवेदन किया था। हालांकि पुलिस की ओर से उत्पाद अधीक्षक की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास जारी है। मामला बक्सर के औद्योगिक थाना से संबंधित है। मालूम हो कि शराब की तस्करी के मामले का खुलासा हुआ था। इसमें बिहार होम गार्ड के दो जवान सहित आधा दर्जन लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। उक्त मामले में अनुसंधान के दौरान पुलिस ने उत्पाद अधीक्षक की भी संलिप्तता पाई थी। पुलिस के अनुसंधान पर उनके निजी मोबाइल नंबर से शराब तस्करों से साठगांठ होने का साक्ष्य मिला था। इसके बाद एसपी मनीष कुमार ने उत्पाद अधीक्षक की गिरफ्तारी को लेकर निर्देश दिया था। एसपी के निर्देश पर संबंधित पुलिस पदाधिकारी उत्पाद अधीक्षक की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी में जुट गए थे। छापेमारी की भनक लगते ही उत्पाद अधीक्षक ने कोर्ट में जमानत के लिए गुहार लगाई थी।

# एक बेटी की मां,तीन बेटियों के पिता के साथ भागी

निज संवाददाता। बक्सर

फेसबुक से हुए प्यार में पागल एक बच्ची की मां तीन बच्चियों के पिता के साथ फरार हो गई। घटना को लेकर महिला के पति ने नगर थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस ने मामले की जांच करते हुए महिला और उसके प्रेमी को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दोनों को लेकर बक्सर पहुंच गई है। पति को सूचना देने के बाद पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार नई बाजार निवासी 32 साल की महिला एक अगस्त को घर से अपनी एक साल की बच्ची को लेकर मोबाइल बनवाने के बहाने घर से गायब हो गई थी। काफी खोजबीन पर महिला के नहीं मिलने पर उसके पति ने टाउन थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में जांच की तो महिला झारखंड के दुमका में अपने प्रेमी के साथ पकड़ी गई। पुलिस ने जब गिरफ्तार किया तो मामला फेसबुक से प्यार करने और भागने का सामने आया। आरोपित प्रेमी दुमका का रहने वाला रुपेश कुमार साह है।



बक्सर पुलिस ने झारखंड से प्रेमी के साथ किया बरामद, फेसबुक पर हुए था प्यार

आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी पहले ही हो चुकी है। उसकी तीन बेटियां भी है। पिछले दिनों उसकी पत्नी अपनी प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। पत्नी के गायब होने के बाद फेसबुक पर नई बाजार की महिला के संपर्क में आया था। इसके बाद दोनों एक अगस्त को घर से गायब हो गए। पटना में कुछ दिनों तक रहने के बाद झारखंड चले गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर थाना लाया है।

# भोजपुर पुलिस ने 46 बदमाश को पकड़ा, SP ने चोरी की 66 मोबाइल मालिकों को सौंपा

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव के आदेश पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें 46 बदमाश पकड़े गए है। SP ने चोरी की 66 मोबाइल को मालिकों को सौंपा है। पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी भी अरेस्ट हुआ है। हत्या के प्रयास में दो, एससी-एसटी एक्ट में एक, पुलिस पर हमले में एक, हत्या के प्रयास में एक, वारंट में दस, शराब पीने में 14 व शराब बिक्री करने में 15 पकड़े गए है। अभियान के दौरान 96 लीटर देसी और दो लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है।

**पांच कारतूस के साथ एक अरेस्टः** करीब नौ जमानतीय और 19 गैर जमानती वारंटों का निष्पादन किया गया। उदवंतनगर पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट में एक को धर दबोचा है। इसके अलावा उदवंतनगर पुलिस ने घोड़पोखर गांव से पांच कारतूस के साथ एक को पकड़ा है।



बदमाश ललक यादव घोड़पोखर गांव का निवासी है। हथियार नहीं मिल सका है। आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि ये पहले भी जेल जा चुका है। तरारी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक आरोपित को धर दबोचा है।

**66 लोगों की चोरी हुई मोबाइल जब्तः** एसपी कार्यालय परिसर में गुरुवार को अलग-अलग मोहल्लों और गांवों से जुड़े लोग को अपना खोया हुए या चोरी का मोबाइल वापस मिला है। भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बरामद करीब 66 मोबाइल सेट स्वामियों को सौंपा है। इनमें बहुत ऐसे लोग थे, जो मोबाइल मिलने की आस छोड़ चुके थे। इससे पूर्व दो अगस्त को बरामद 56 मोबाइल मालिकों को सौंपे गए थे।

**अपराध की रोकथाम के लिए कार्रवाई जारीः** एसपी ने बताया कि अपराध की रोकथाम के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। आए दिन मोबाइल फोन गुम होने, चोरी, लूट, छिनतई की घटनाएं हो रही हैं। बदमाश ऐसे मोबाइल का उपयोग भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में कर रहे है। इसे लेकर अलग-अलग थानों में एक विशेष टीम का गठन कर खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस पर हमला करने वाला आरोपी अरेस्ट

**तकनीकी मदद के आधार पर हुई कार्रवाईः** विशेष टीम सर्विलांस के जरिए तकनीकी मदद व संबंधित थाना के सहयोग से अभियान के दौरान बरामद किया गया है। इसके अलावा चार बाइक भी बरामद की गई है। मोटरसाइकिल व मोबाइल देकर चेहरे पर मुस्कान लौटाने का प्रयास किया गया है। एसपी ने बताया कि आपरेशन मुस्कान के तहत टाउन थाना ने छह, नवादा थाना ने छह, मुफस्सिल थाना ने तीन, गजराजगंज ओपी ने पांच, उदवंतनगर थाना ने छह, गड़हनी थाना ने दो, सहार थाना ने दो, हसन बाजार थाना ने सात, अगिआंव बाजार थाना ने तीन, नारायणपुर थाना ने पांच, करनामेपुर ओपी ने आठ, पीरो थाना ने सात, खवासपुर थाना ने तीन, शाहपुर, सिकरहटा व चरपोखरी थाना ने एक-एक मोबाइल बरामद किया है।

# 3 दोस्तों को मारी गोली, पुराने विवाद का लिया बदला, घायलों ने तीन साल पहले एक की हत्या की थी

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के बदमाशों ने फायरिंग की है। जिसमें तीन दोस्तों को गोली लगी है। जिन्हें इलाज के लिए बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में टाउन थाना क्षेत्र के बड़ी मस्जिद निवासी ज्योति प्रकाश का बेचा राहुल कुमार (24), पड़ाव मोड़ भट्टी निवासी बलिराम प्रसाद का बेटा अमन सिंह (21) औरआरण्य देवी निवासी स्व.बैजू प्रसाद का बेटा जीतू कुमार (26) शामिल है। तीनों दोस्त हैं। राहुल कुमार को जांघ, अमन सिंह को दाहिने पैर के तलवे और जीतू कुमार को दाहिने हाथ के कलाई पर गोली लगी है। जीतू और राहुल ने मिलकर तीन साल पहले एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या की थी। दूसरे का गर्दन काटा था। इसी का बदला लेने के लिए फायरिंग की गई है। घटना टाउन थाना क्षेत्र के आरण्य देवी मंडी के बाजारी साह के गोला की है। उधर घटना की सूचना मिलते ही टाउन थानाध्यक्ष



देवराज राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।

**2021 में हुआ था विवादः** जख्मी राहुल कुमार ने कहा कि 2021 में 22 अप्रैल को अंशु नामक युवक के गैंग के साथ विवाद हुआ था। मंडी में हमलोग और उसके गैंग के लोग बैठे थे। इसी दौरान खाने-पीने को लेकर विवाद हो गया। उस समय अंशु और उसके दोस्त गौतम ने मिलकर धमकी दी थी। जिसके बाद हमने गौतम की हत्या कर दी थी। अंशू का गर्दन काटा था। पर वो भाग गया था। जिसके बाद अंशु कुमार के परिवार वालों ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। उस केस में सुलह हो गया।

**हत्या का केस अभी भी चल रहा हैः** वही, 2021 में गौतम की हत्या मामले में अभी केस चल है। गुरुवार की देर शाम जब सभी आरण्य देवी मंडी के बाजारी साह के गोला में बैठे हुए थे। तभी अंशु अकेले वहां आया और घूमकर चला गया। इसके बाद जब वह दोबारा आया तो अंधाधुन फायरिंग कर दी।

**तीनों की स्थिति सामान्य हैः** जख्मी राहुल कुमार ने अंशु कुमार पर गोली मारकर जख्मी करने का आरोप लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। जबकि इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि तीन दिन लड़कों को गोली लगी है। तीनों का बुलेट निकाल दिया गया है। तीनों की स्तिथि स्टेबल है।

# छात्रा के साथ मारपीट, बदमाश ने की छेड़खानी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के एक हाई स्कूल में पढ़ने गई छात्रा के साथ मारपीट और रेप के प्रयास का मामला सामने आया है। पीड़िता ने इस घटना को लेकर राजपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद राजपुर थाना ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें बदमाश छात्रा को स्कूल से खींच कर बाहर निकालते नजर आ रहा है। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है। राजपुर थाना क्षेत्र में हाई स्कूल के पढ़ने गई एक छात्रा से गुरुवार की दोपहर एक युवक ने छेड़खानी की। युवक तियरा गांव के रहने वाले कृपा



शंकर राम का बेटा अंशु राम बताया जाता है। जानकारी के अनुसार राजपुर थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा पढ़ने के लिए हाई स्कूल गई हुई थी। इसी बीच तियरा गांव के रहने वाले अंशु राम ने हाई स्कूल में घुसकर उक्त छात्रा के साथ छेड़खानी कर दी है। बदमाश लड़की को स्कूल के बाहर खींचकर मारते पीटते ले आया। इस मामले की सूचना राजपुर थाना पुलिस को दी गई।

# सांप के डसने से महिला की मौत, आरा से झाड़–फूंक कराने बक्सर ले गए थे परिजन

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के बिहिया थाना क्षेत्र के सदासी टोला गांव में गुरुवार को सांप के डसने से अधेड़ महिला की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। दरअसल, परिजन महिला को झाड़-फूंक कराने के लिए बाबा के पास भी लेकर गए थे, जहां उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ था। इसके बाद उन्हें डॉक्टर के पास लेकर गए। फिलहाल, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका बिहिया थाना क्षेत्र के सदासी टोला गांव निवासी मंड देव यादव की 55 वर्षीया पत्नी पुनीता देवी है। मृतका के पोते रवि कुमार ने बताया कि उसकी दादी चूल्हा जलाने के लिए कमरे से गोइठा निकल रही थी। उसी दौरान सांप ने उन्हें डस लिया। इसके बाद परिजन उन्हें झाड़-फूंक करने को लेकर बक्सर के कंज्या बाबा के पास ले गए। झाड़-फूंक करने के बाद



जब उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ, तो परिजन उन्हें इलाज के लिए दुलौर अनुमंडलीय अस्पताल ले गए। वहां से डॉक्टर ने उन्हें आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

परिजन ने इसकी सूचना अस्पताल में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतका की चार बेटी पूनम देवी, कबूतरी देवी,अमृता देवी, बटरी कुमारी व दो बेटा रमेश कुमार और गणेश कुमार है।

# फर्जी कागजात देकर नौकरी करने वाले दो शिक्षक बर्खास्त, यूपी की महिला ने दर्ज कराई शिकायत

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले में नियुक्त दो शिक्षकों पर कारवाई करते हुए नियोजन इकाई द्वारा उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्यवाही जिला लोक शिकायत निवारण बक्सर में दायर परिवादों की सुनवाई के पश्चात किया गया है। इसको लेकर यूपी की टोडरपुर गांव की रहने वाली भगमनिया देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिनके द्वारा बताया गया कि बक्सर जिले में प्रखण्ड शिक्षक अमित कुमार द्वारा बालिका मध्य विद्यालय इटाढ़ी, में बिहार राज्य के आरक्षण नियमों की अवहेलना करने के बाद नौकरी का लाभ लिया गया है। उनके द्वारा जिला बक्सर का अवैध रूप से आधार, निवास प्रमाण पत्र एवं अनुसुचित जाति/जनजाति प्रमाण पत्र बनवाकर SC/ST का लाभ लिया गया है। जिसके बाद बालिका मध्य विद्यालय



इटाढ़ी, जिला बक्सर में वो नियोजन कराकर शिक्षक की नौकरी कर रहे हैं। बता दें कि अमित कुमार, यूपी स्थित गाजीपुर जिले के टोडरपुर गांव के निवासी हैं। उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है कि 2021 में वो यूपी सरकार द्वारा निर्गत एसटी एससी प्रमाण पत्र का प्रयोग कर यूपी सरकार की कई योजनाओं का लाभ ले चुके हैं। बाद में वो शिक्षक की नौकरी पाने के लिए गलत तरीके से बिहार राज्य के बक्सर जिले से एससी, एसटी का जाति प्रमाण पत्र,निवास प्रमाण पत्र बनवाकर एससी एसटी कोटे का लाभ लेकर प्रखण्ड शिक्षक के तौर पर अपना नियोजन करा लिया। शिकायत पर जब अंचल अधिकारी द्वारा जांच किया गया तो शिकायत सही पाया गया। जिसके बाद प्रखण्ड शिक्षक नियोजन इकाई इटाढ़ी द्वारा सेवा मुक्त कर दिया गया। वहीं, दूसरा मामला ब्रहम्पुर प्रखण्ड से जुड़ी शिक्षिका जमीला खातुन, तथा कथित राबिया परवीन शिक्षिका, मध्य विद्यालय भरखर, से जुड़ा हुआ है। पूर्व में प्रमंडलीय आयुक्त पटना-सह-प्रथम अपीलीय प्राधिकार पटना निर्देश पर सेवा मुक्त किया गया है। इसके साथ ही नौकरी से हटाने की तिथी तक जितना वेतन मिला है उसके वसूली करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ब्रह्मपुर को ब्रह्मपुर थाने में आरोपी शिक्षिका जमीला खातुन के विरूद्ध प्राथिमिकी दर्ज कराई गई है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com | ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper



# रिंग बांध के मरम्मती का काम जारी



**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर में नवगछिया के इस्माइलपुर प्रखंड के बिंद टोली स्थित रिंग बांध मंगलवार को ध्वस्त हो गया था। पिछले दो दिनों से जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने लगातार इसके लिए युद्ध स्तर पर मरम्मती का काम किया है। तटबंध से पानी के बहाव पर लगभग काबू किया गया है। यह जानकारी सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी नागेंद्र कुमार ने गुरुवार की रात 11 बजे दी है। फिलहाल, 10 हजार लोग इससे प्रभावित है। किचन चलाकर बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजनः सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि गोपालपुर के महिपाल राजकीय उच्च बुनियादी स्कूल तीन टंगा गोपालपुर और जगदंबा कन्या विद्यालय गोपालपुर के साथ-साथ सैदपुर में सामुदायिक किचन चलाकर बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन कराया जा रहा है। उसके साथ ही पशु आश्रय स्थल चिकित्सा शिविर निरंतरण काम कर रही है। पशुपालकों के बीच पर्याप्त मात्रा में पशु चारा का वितरण कराया जा रहा है। प्रभावित परिवारों के बीच पॉलीथिन शीट का भी वितरण किया गया है। करीब 10,000 लोग प्रभावितः मालूम हो कि मंगलवार को 44 करोड़ से बने लगभग 12 किलोमीटर रिंग बांध के 200 फीट का हिस्सा पानी में बह गया था। हादसे में 60 से अधिक घर बाढ़ के पानी से भर गया। इससे करीब आधा दर्जन गांव चपेट में आ सकता है। करीब 10,000 लोग इससे प्रभावित हुए हैं। इधर, घटना के बाद से ही जिला अधिकारी नवल किशोर चौधरी संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ मॉनिटरिंग कर रहे हैं। दिन-रात युद्ध स्तर पर काम जारी है। बता दें कि 15 करोड़ रूपए इस साल मेंटेनेंस के नाम पर खर्च किए गए।लेकिन, वह भी बाढ़ के पानी के साथ बह गया।

# DM ने लंबित पत्रों की स्थिति की समीक्षा की

**भागलपुर** : भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने लंबित पत्रों की स्थिति की समीक्षा की। जिला सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी मिथिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि जिला पंचायत शाखा में पांच पत्र और राजस्व शाखा में 332 पत्र निष्पादन के लिए लंबित है। डीएम ने कहा कि प्रधान सहायक, जिला पंचायती राज यदि अविलंब पत्रों का निष्पादन नहीं करवाते हैं, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राजस्व शाखा के लंबित पत्रों के निष्पादन के लिए अपर समाहर्ता राजस्व को हस्तांतरित किया जाएगा। इधर, विधि शाखा के प्रभारी पदाधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि हाल ही में 50 परिवाद पत्र उपलब्ध हुआ है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक........... दिनांक..................

**प्रेश विज्ञप्ति**

PR NO. - 332925

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या– 09RIII/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 16.08.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में कार्य समाप्ति की तिथि 09 माह के स्थान पर 15 माह पढ़ा जाए शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा । व

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 333533 Rural Development (24-25)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 04/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 27.07.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 331042 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, के SBD के Section-IV (Qualification Information) Clause 1.2 एवं Clause 1.3 में अंकित Year 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23 को क्रमशः Year 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 पढ़ा जाय। SBD के अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 333616 (Rural Development)24-25*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SR/DT/Med-03/2024-25 (2nd Call) दिनांक 21.08.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of 125x115 mm dia and 60 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM-II Hand Pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Medininagar for the year 2024-25. | SR/MED-01 | 33 | 2768311.00 | 55500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 27.08.2024 / 02.30 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। | | | | | |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.09.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। | | | | | |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। | | | | | |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 7543089612 | | | | | |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 | | | | | |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 333629 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

## कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, पलामू
## कृषक बन्धुओं के लिए अति आवश्यक सूचना

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखंड, राँची (सहकारिता विभाग) झारखंड सरकार की अधिसूचना संख्या – 05/नि०यो०(B-PMFbY) 25/2024 –25–916 दिनांक 14.08.2024 के आलोक में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम से वित्तीय वर्ष 2024–25 में खरीफ मौसम से राज्य में अगहनी धान एवं भदई मकई (मुख्य फसल) जिसकी बीमा इकाई क्रमशः ग्राम पंचायत एवं प्रखंड होगी।

इस योजना में ऋणी कृषक (भू–धारक एवं बटाईदार) दोनो शामिल हो सकते है। गैर ऋणी कृषक योजना का लाभ हेतु आवेदन करते समय निम्नांकित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करायेंगे।

**1. आधार कार्ड**
**2. भूमि स्वामित्व संबंधी प्रमाण पत्र**
**3. बटाई प्रमाण पत्र**
**4. बैंक पासबुक**
**5. फसल बुआई का स्वसत्यापित प्रमाण पत्र**
**6. वंशावली**
**7. मोबाईल नं०**

गैर ऋणी कृषक द्वारा सहकारी साख समितियाँ, व्यवसायिक बैंक ग्रामीण बैंक, प्रज्ञा केंद्र, पोस्ट ऑफिस एवं योजना के पोर्टल www.pmfby.gov.in के माध्यम से स्वंय ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है।

आवेदन कृषकों के बैंक खाते से सत्यापन हेतु टोकन राशि के रूप में किसानों से 01(एक) रूपया मात्र लिया जायेगा।

गैर ऋणी कृषकों के लिए प्रति एकड़ बीमित राशि धान के लिए 65,988 रूपये एवं मकई के लिए 49,772 रूपये है।

उक्त अधिसूचित फसलों की क्षतिपूर्ति का अधिकतम स्तर 80 प्रतिशत है।
गैर ऋणी किसान खरीफ 2024 के लिए दिनांक 31.08.2024 तक ही आवेदन कर सकते है।

**नोटः– कृषि रक्षक Toll Free No. 14447**

जिला सहकारिता पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.333486 Co-opretive(24-25):D

# ओपीडी में अब महिलाओं के अल्ट्रासाउंड के लिए अलग केंद्र

**भागलपुर।** भागलपुर मायागंज अस्पताल के ओपीडी में अब महिला मरीजों की अल्ट्रासाउंड जांच अलग होगी। गुरुवार को इसका ट्रायल शुरू हुआ। पहले दिन 50 महिला मरीजों की जांच डॉ. निलेश कुमार लाल ने किया। यह सुविधा निःशुल्क है। अस्पताल प्रबंधन ने इसके लिए एजेंसी तय की है। दरअसल ओपीडी में एक दिन में 100 मरीजों से ज्यादा की जांच नहीं हो पाती थी। नतीजतन मरीजों को दूसरे दिन का नंबर मिलता था। इससे मरीजों को दिक्कत होती थी। अब अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार ने अलग से महिलाओं की जांच के लिए सेंटर बना दिया। इससे जहां मरीजों को राहत मिलेगी। महिलाओं को ज्यादा देर तक इंतजार करने की समस्या भी नहीं रहेगी। आमतौर पर यहां इलाज के लिए गर्भवती महिलाएं और पेट व बच्चेदानी से संबंधित बीमारियों की मरीज आती हैं। उन महिलाओं को सामान्य मरीजों की कतार में अपनी बारी के इंतजार में रहना पड़ता है।

# पीजी में दाखिला के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**भागलपुर।** टीएमबीयू में पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए दो दिन बाद आवेदन करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी। विवि के छात्र सेवा केंद्र से आवेदन करने के लिए काउंटर से छात्र-छात्राओं ने फॉर्म प्राप्त किया। दूसरी तरफ सुबह करीब 11 बजे से कुछ छात्र-छात्राएं काउंटर पर फॉर्म लेने के लिए पहुंचे थे। लेकिन काउंटर पर फॉर्म उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्रों को असुविधा हुई। छात्रों ने इसकी शिकायत डीएसडब्ल्यू कार्यालय में किया।

# सरकारी स्कूलों में अब बनेंगे भूकंपरोधी भवन

मुंगेर। सरकारी स्कूल आने वाले दिनों में अलग-अलग रंगों में नजर आएंगे। दूर से ही रंग के आधार पर प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्कूलों का पता लोगों को चल जाएगा। इसके लिए अब सरकार ने नए स्वरूप का चयन भी कर लिया है। जिले के प्रारंभिक स्कूलों का रंग पहले की तरह गुलाबी ही रहेगा, लेकिन भवन का बॉर्डर अब मैरून रंग से रंगा जाएगा। जबकि माध्यमिक स्कूल अब ग्रे रंग में और भी खुबसूरत नजर आएगा। वहीं माध्यमिक स्कूलों के भवन का बॉर्डर अब नीले रंग का नजर आएगा। जबकि स्कूलों का अंदरूनी हिस्सा सफेद रंग से रंगा जाएगा। फिलहाल प्रारंभिक स्कूलों का रंग पहले से पिंक है।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू
## (सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना कांड सं0–43/2019, दिनांक 25.05.2019 के प्राथमिकी अभि0 विवेक कुमार, पिता रामवृक्ष साव, सा0 परसाई, थाना तरहसी, जिला पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक पलामू के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंजः– 9264196949
थाना प्रभारी, तरहसीः–9264196949

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 333539 Police(24-25).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/04/24-25/ GR_1/RE_2**

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा पंचायत बरवाटोली में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय रूद में चाहरदीवारी निर्माण। | 47,38,404 | 95,000 | 5,000 | 3 माह |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.08.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 24.08.2024 से दिनांक 03.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.09.2024 अपराह्न 1:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8.परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार

PR 333613 (Rural Development)24-25*D

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT, NAGAR PANCHAYAT, HUSSAINABAD

**E-PROCUREMENT NOTICE (SHORT-TERM NOTICE)**
**Reference No. UDHD/NPH/04/2024-25**

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08, 09 | UDHD/NPH/04/2024-25/01 | Construction of PCC Road and RCC Drain (R/S & L/S) from Main Market Ambedkar Chowk to Gandhi Chowk,Lambi Gali to House of Lalita Babu | **7799000.00** | **155980.00** | **10000.00** | 09 Month |
| 2 | 12 | UDHD/NPH/04/2024-25/02 | Construction of PCC Road from Harihar Chowk Shukabh Sauchalaya to Durga Badi | **1870900.00** | **37420.00** | **5000.00** | 03 Month |
| शहरी परिवहन मद | | | | | | | |
| 3 | 02 | UDHD/NPH/04/2024-25/03 | Construction of PCC Road from on Kacha Road from Japla Nabinagar Road to Dihwar Asthan | **2661300.00** | **53230.00** | **10000.00** | 03 Month |
| 4 | 03 | UDHD/NPH/04/2024-25/04 | Construction of PCC Road and Drain (R/S) from the Anumandal hospital Boundary vaya Prema multihospital to Japla Nabinagar Road | **3840800.00** | **76820.00** | **1000 0.00** | 06 Month |
| 5 | 02 | UDHD/NPH/04/2024-25/05 | Construction of PCC Road on Kaccha Road from the Japla Nabinagar Road vaya Mehdinagar Mahabir Mandir to Shihor Devi Dham old Temple | **5031500.00** | **100630.00** | **10000.00** | 09 Month |

| | Part-B | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of tender on website | 27.08.2024, 02:00 pm |
| 2 | Date starts of submission of bids | 27.08.2024, 02:00 pm |
| 3 | Last date/time of Online submission of bids | 10.09.2024, 03:00 pm |
| 4 | Date of bid opening | 10.09.2024, 04:00 pm |
| 5 | Name & Address of office inviting tender | EXECUTIVE OFFICER NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 6 | Contact no. Of procurement officer | 8580180458 |
| 7 | Helpline number of e- procurement cell | 9798635093 |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of the Nagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 333494 (District) 24-25 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–N.I.T. No.-11/2024-25**

**पत्रांकः–580 दिनांक :–23.08.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, चतरा । |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि– | 30.08.2024के अपराह्न 1.00 (एक) बजे तक । |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 31.08.2024के अपराहृन 3.00 (तीन) बजे तक । |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 31.08.2024के अपराह्न 3.30 (साढ़े तीन) बजे । |
| 5. | परिमाण विपत्र विक्री का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा ।<br>2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल का कार्यालय हजारीबाग । |
| 6. | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1. कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल का कार्यालय, चतरा । |
| 7. | कार्य की विवरणी | |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Community hall at Morenwa ,SalaiaDist-Chatra for the year 2023-24. | 24,98,650.00 | 50000.00 | 5000.00 | 04 Months |

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, चतरा

PR 333596 (Building)24-25*D

## कार्यालय नगर परिषद, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना सं0 NPB-03/2024–25 (3rd Call)**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर में आवश्यक कार्य हेतू क्षेत्र भ्रमण एवं दैनिक कार्यो के सफल निशपादन हेतू किराये पर एक चार पहिया (बिना चालक) वाहन (Mahindra Scarpio /Mahindra SUV/ Mahindra Bolero /Mahindra TUV 300 with AC or cars of same segment) की आवश्यकता है। नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा वाहन को भाडे पर लेने में प्रथम स्थान पर Mahindra Scarpio, द्वितिय स्थान पर Mahindra SUV, तृतीय स्थान पर Mahindra Bolero एवं चतुर्थ स्थान पर Mahindra TUV 300 एवं अन्य चार पहिया वाहन को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए ऑफलाईन कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता वाहन के आवश्यक कागजातों (वाहन निबंधन प्रमाण–पत्र, इंश्योरेंस, रोड टैक्स एवं प्रदुशण प्रमाण–पत्र) सहित दर के साथ बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन दिनांक 31.08.2024 को अपराह्ण 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा कर सकते है। प्राप्त कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरान्त न्यूनतम दर दाता को स्वीकृति प्रदान करते हुए कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन होने के उपरांत वाहन मालिक के साथ तीन वर्ष हेतू एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान होने वाली सभी तरह की खराबी, सर्विसिंग की तत्काल जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। कोटेशन दिनांक 31.08.2024 अपराह्ण 03:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर में खोली जाएगी। इस संबंध में नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

किसी भी समय इस कार्य को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | वाहन का प्रकार | दर (प्रतिदिन) | दर (प्रतिमाह) |
|---|---|---|---|
| 01 | | | |

अतः उपरोक्त कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 333495 (District)24-25*D

# बेगूसराय में रोज 3 लाख अंडे का हो रहा उत्पादन

## सबसे अधिक प्रोडक्शन लडुआरा गांव में होता, यहां से 1 लाख अंडे की होती सप्लाई



**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय और आसपास के जिलों का बाजार अब आंध्र प्रदेश में उत्पादित अंडा पर निर्भर नहीं है। बल्कि अब बेगूसराय में ही बड़े पैमाने पर अंडा का उत्पादन किया जा रहा है। बाजार के अनुमान के मुताबिक सीजन में यहां प्रत्येक दिन करीब 4 लाख अंडे की खपत है, जिसमें से 3 लाख अंडे बेगूसराय के विभिन्न जगहों पर बनाए जा रहे हैं। इसमें सबसे अधिक अंडा बेगूसराय सदर प्रखंड के लडुआरा गांव में बन रहा। यहां के 8 मुर्गी फार्म में प्रत्येक दिन लगभग 1 लाख अंडों का उत्पादन किया जा रहा है। इस व्यवसाय से न सिर्फ बड़ा स्वरोजगार खड़ा हुआ, बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार भी मिला है। बेगूसराय में करीब 25 अंडा फार्म है और प्रत्येक अंडा फार्म में 7 से 10 मजदूर काम कर रहे हैं। सदर प्रखंड के लडुआरा निवासी गालिब शाहीन के पुत्र गौहर शाहीन और रमीज राजा ने ऐसा ही 22 हजार मुर्गियों का अंडा फार्म खोला है। ग्रेजुएशन कर चुके रमीज राजा को 2017 में मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की मैट्रिक पास करने के बाद आंख में कुछ समस्या आई तो गांव में ही रहकर कुछ बेहतर बिजनेस करने की सोच रहे थे। उन्होंने अपने भाई और पिता के सामने जब यह बात रखी तो पिता भी उत्सुक हुए और कुछ नया बिजनेस शुरू करने को कहा।

### यू-ट्यूब से आइडिया ली

मोबाइल पर नए-नए बिजनेस का आइडिया देख रहे थे। तभी एक दिन यूट्यूब पर अंडा के धंधा के संबंध में देखा। इसके बाद लगातार यूट्यूब पर देखने लगे कि आखिर यह धंधा कैसे हो सकता है। पास में अधिक पैसे नहीं थे, पिता गालिब शाहीन ने 9 कट्ठा जमीन बेची, कुछ पैसे पास में थे। कुल मिलाकर 35 लाख की लागत से धंधा शुरू कर दिया। पहली बार 5300 चूजे बेनकीज की कंपनी के हेचरी से लिए। सभी मिलकर चूजा को मुर्गा बनाने और उससे अंडा उत्पादन पर ध्यान देने लगे। दो स्टाफ को भी रख लिया, दाना, दवा, वैक्सीनेशन करने लगे।

### कोरोना काल में हुआ था नुकसान

120 दिन के बाद जब अचानक पहली मुर्गी ने अंडा दिया तो चेहरे खिल उठे और एक-एक कर सभी मुर्गियों ने अंडा देना शुरू कर दिया। बिक्री भी होने लगी, लेकिन इसी दौरान कोरोना से लॉकडाउन हो गया। जो इन लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया। अंडा की बिक्री कम हो गई, अंडा तैयार करने में करीब चार रुपए की लागत आती है, यह लोग पहले 5 रुपए में अंडा बेच रहे थे।

लेकिन लॉकडाउन के कारण ग्राहक नहीं आ रहे थे, ढाई से तीन रुपए में अंडा बेचना पड़ रहा था। मजबूरी थी कि मुर्गी अंडा दे रही है तो आखिर वह अंडा का करेंगे क्या, अगर कम दाम में भी नहीं बेचेंगे तो सड़ जाएगा। जिसके मद्देनजर घाटा उठाते रहे, लेकिन हार नहीं मानी। इसके बाद 2022 से फिर नए सिरे से अपने लेयर फार्म पर ध्यान देना शुरू कर दिया और आज उनके पास 22 हजार कैपेसिटी का तीन मुर्गा फार्म है।

### 120 दिन के बाद अंडा देती मुर्गी

इन्होंने 10 लोगों को रोजगार भी दे रखा है, जिसे 12 से 15 हजार रुपए प्रत्येक महीना सैलरी दे रहे हैं। इनकी 22 हजार मुर्गी से सभी मेंटेनेंस काटकर 15 प्रतिशत की बचत हो रही है। शुद्ध दाना, रख-रखाव और सफाई के कारण मुर्गियां स्वस्थ हैं।

गालिब शाहीन ने बताया कि चूजा से अंडा उत्पादन करने लायक मुर्गी तक बनने तक की प्रक्रिया में 115 से 120 दिन लग जाते है। 120 दिन के बाद प्रत्येक मुर्गी 27 मिनट 35 सेकंड के अंतराल पर एक अंडा देती है और लगातार चार महीना अंडा देने के बाद हम लोग उस मुर्गी को कटिंग करने वालों के हाथ 60 प्रति पीस के हिसाब से बेच देते हैं।

उन्होंने बताया कि चूजा से लेकर मुर्गी के अंडा देने तक उन्हें उचित प्रकाश और खान-पान पर रखा रखा जाता है। प्रत्येक चूजा और मुर्गी को रोज 2900 कैलोरी एनर्जी और 20.5 ग्राम प्रोटीन की जरूरत होती है, जिसे मेंटेन करते हैं। जिसके कारण हमारी मुर्गियां स्वस्थ रहती है और जब स्वस्थ रहेगी तो अंडा भी बेहतरीन क्वालिटी का होगा। वर्ड फ्लू, सर्दी खांसी आदि बीमारी से बचाने के लिए वैक्सीनेशन करते हैं।

### 35 लाख की लगाई लागत आज एक करोड़ से अधिक

35 लाख की लगाई लागत आज एक करोड़ से अधिक की हो चुकी है। अब यह लोग दाना भी कहीं से खरीद कर नहीं लाते हैं, बल्कि खुद से तैयार करते हैं। नेशनल एग को-ऑर्डिनेशन कमेटी से जुड़ चुके हैं, यह कमेटी प्रत्येक दिन दोपहर 12:00 बजे अंडा का रेट फिक्स करती है। इसी रेट से यह होलसेल रेट में बेच रहे हैं, आज का रेट 5.62 रुपया रहा। चूजा, दाना, स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर, दवा और वैक्सीनेशन का खर्च काटकर साल में 20 से 22 लाख रुपए तक की बचत हो रही है।



# अब घर बैठे बच्चों के बनेंगे आधार कार्ड; डाक विभाग ने ली जिम्मेदारी, 7 हजार डाकिया की तैनाती

**पटना, एजेंसी।** अगर आपके बच्चों का आधार कार्ड नहीं बना है या उसमें किसी प्रकार के सुधार की जरूरत है तो चिंता करने की बात नहीं है। अब घर बैठे आपका काम होगा। बिहार में सात हजार डाकिया घर-घर जाकर बच्चों का आधार कार्ड बनाएंगे। इन डाकियों को इसके लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। सरकार ने इसके लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। राज्य में अभी दस हजार डाकिया हैं। फिलहाल 28 सौ डाकिया घर-घर जाकर मोबाइल किट से आधार कार्ड बना रहे हैं, लेकिन अब इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी। अब सात हजार और डाकियों को आधार कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद डाकिया का चयन लिखित परीक्षा से होगी। परीक्षा पास करने पर उन्हें ऑथेंटिकेशन नंबर मिलेगा। इसके लिए डाक विभाग ने यूआईडी से अगले 40 दिनों के लिए तीन स्लॉट बुक की हैं। इस तिथि में डाकिया लिखित परीक्षा में शामिल होंगे। यह काम 30 सितंबर तक पूरा कर लिया जाएगा।

**दस लाख बच्चों का आधार कार्ड बनाने लक्ष्य**

पांच साल तक के 10 लाख बच्चों का आधार कार्ड बनाने का लक्ष्य है। इसके लिए डाक विभाग विशेष तैयारी कर रहा है। डाक विभाग की मानें तो पांच साल तक एक लाख 60 हजार बच्चों का ही अब तक आधार बना है।

डाकिया से मोबाइल नंबर और घर का पता भी घर बैठे ही लोग अपडेट करा सकेंगे। इसकी भी सुविधा अब डाक विभाग देगा। इस काम के लिए अब डाक विभाग जाने की जरूरत नहीं होगी।

**क्या कहते हैं अधिकारी ? :** हर बच्चे का आधार कार्ड बने, इसके लिए सात हजार डाकियों को लगाया जाएगा। सभी डाकिये को पहले प्रशिक्षित किया जाएगा। इसके बाद उन डाकियों को आधार कार्ड बनवाने के लिए घर-घर भेजा जाएगा। दस लाख बच्चों का आधार बनवाने का लक्ष्य है। -अनिल कुमार, चीफ पोस्ट मास्टरजनरल,बिहार

# बेरोजगारों के लिए जॉब का सुनहरा मौका बेगूसराय में 28 को रोजगार कैंप

## इंसेंटिव के साथ मिलेगी 13 हजार से अधिक की सैलरी

**बेगूसराय, एजेंसी।** बेगूसराय में इंटर पास बेरोजगारों के लिए रोजगार का सुनहरा मौका है। बैंकिंग सेक्टर में रोजगार मिल सकता है। बिहार सरकार का श्रम संसाधन विभाग बेगूसराय जिला नियोजनालय में लगातार जॉब कैंप का आयोजन करता है। इसी कड़ी में 28 अगस्त (बुधवार) को एक बार फिर जॉब कैंप आयोजित होगा।

### 60 पदों पर होगी बहाली

जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेश ने बताया कि 28 अगस्त को एक बार फिर जिला नियोजनालय में भारत फाइनेंशियल इंक्लुजन लिमिटेड जॉब कैंप का आयोजन कर रहा है। जिसमें लोन ऑफिसर के 60 पदों पर बहाली की जाएगी। 18 से 28 साल के कोई भी इंटर पास युवा इसमें भाग ले सकते हैं। इसके लिए एनसीएस पोर्टल www.ncs.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी है।




**जॉब लोकेशन होगा बिहार :** बिहार जॉब लोकेशन होगा। इस काम के लिए 13750 मंथली सैलरी मिलेगी। इसके अलावा पीएफ, इएसआईसी, ग्रेच्युटी, इंसेंटिव और इंश्योरेंस आदि की भी सुविधा मिलेगी। जॉब कैंप में भाग लेने के इच्छुक लोग अपने बायोडाटा, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक का पासबुक, डीएल, बाइक का पेपर व पासपोर्ट साइज के दो रंगीन फोटो के साथ सुबह 10 बजे से शाम के 4 बजे तक जिला नियोजनालय में आ सकते हैं।

# आईजीआईएमएस पटना में खुलेगी प्राइमरी एंजियोप्लास्टी यूनिट, पेसमेकर लगाने की भी सुविधा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के लोगों के लिए अच्छी खबर है। एंजियोप्लास्टी के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। हार्ट अटैक से युवाओं की जान बचाने के लिए आईजीआईएमएस में एक अलग यूनिट खोली जा रही है। प्राइमरी एंजियोप्लास्टी यूनिट में युवाओं को तत्काल हार्ट अटैक से होनेवाली धमनियों के ब्लॉकेज को हटाने, स्टेंट लगाने अथवा बाहर से पेसमेकर लगाने की भी सुविधा होगी। जल्द से जल्द इस सेवा को बहाल करने के लिए काम शुरू हो गया है। सीसीयू यनिट की ठीक बगल में स्थित इस सेंटर में ये सुविधाएं दिन-रात (24 घंटे) मिलेगी। अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि अगले सप्ताह से यह यूनिट शुरू हो जाएगी। बताया कि कोरोना के बाद से हार्ट अटैक से अचानक होनेवाली मौतों में युवाओं की संख्या लगभग 15 से 20 प्रतिशत तक पहुंच गई है। इसका बड़ा कारण कोरोना पीड़ितों की हृदय की धमनियों में संकुचन, खून का थक्का जमने और ब्लॉकेज की समस्या को माना जा रहा है।

**आईजीआईएमएस के नर्सों को मिलेगा व एडवांस लाइफ सपोर्ट :** इसे देखते हुए आईजीआईएमएस में प्राइमरी एंजियोप्लास्टी यूनिट को खोला जा रहा है। आईजीआईएमएस हृदय रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. रवि विष्णु ने बताया कि यहां विशेषज्ञ और अनुभवी डॉक्टरों की टीम है। 24 घंटे इनकी तैनाती इस सेंटर में रहेगी। मरीज 24 घंटे में कभी भी पहुंचेंगे तो मिनटों में एंजियोप्लास्टी सेंटर की सुविधा मिलेगी। एंजियोप्लासटी होने से दिल की बीमारियों 50 तक बचाव संभव है। कोरोना के बाद से राज्य में हार्ट अटैक से बीमार होने और मरने वालों की संख्या बढ गई है। बड़ी संख्या में युवा उम्र के लोग भी इसके शिकार बन गए हैं। कई बार ऐसा देखा गया है कि काम करते हुए कम उम्र के युवाओं को हार्ट अटैक आ गया। इनमें से जिन्हें समय से इलाज की सुविधा नहीं मिली वे मौत के शिकार बन गए। इसे देखते हुए आईजीआईएमएस की ओर से यह सुविधा बहाल की गई है।



# बेतिया में 2 बाघों में लड़ाई, एक की मौत, दूसरे बाघ की तलाश जारी

## डॉक्टर बोले- पैर, चेहरे और सिर पर गंभीर चोट

**बेतिया, एजेंसी।** वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक नर बाघ की मौत हो गई है। शुक्रवार सुबह उसका शव मिला है। बाघ के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। वन विभाग की माने तो बाघ की मौत दूसरे बाघ से लड़ाई के दौरान हुई है। वन विभाग की टीम दूसरे बाघ की तलाश कर रही है। टीम का मानना है कि उस बाघ को भी गंभीर चोटें आई होगी। घटना स्थल की जांच में फुट प्रिंट देखकर बाघों के बीच हुए जबरदस्त खूनी संघर्ष का अनुमान लगाया जा रहा है। मामला मांगुराहा वन क्षेत्र के कक्ष संख्या 46 का है। फिलहाल वन कर्मी बाघ के शव का मांगुराहा में पोस्टमॉर्टम करा रहे हैं। बाघ की उम्र करीब 8 साल बताई जा रही है।

### सीएफ और डीएफओ घटनास्थल पर कर रहे कैंप

वहीं शुक्रवार की सुबह सूचना के बाद सीएफ और डीएफओ घटनास्थल पर पहुंचकर कैंप कर रहे हैं। जंगल में किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। वीटीआर प्रमंडल एक के उप क्षेत्र निदेशक प्रदुम्न गौरव ने बताया कि दो बाघों के आपसी वर्चस्व में एक नर बाघ की मौत हो गई है। शव देखने से दो दिन पुराना लग रहा है। उन्होंने बताया कि बाघ के शव का पोस्टमॉर्टम कर जांच के लिए विसरा वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट आफ इंडिया देहरादून और इंडियन वेटनरी रिसर्च इंस्टीट्यूट बरेली भेजी जाएगा। रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट होगा। पोस्टमॉर्टम के बाद मृत बाघ का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। वीटीआर के डॉक्टरों के अनुसार मृत बाघ के पैर, चेहरे और सिर पर गंभीर जख्म हैं। खून अधिक बहने से उसकी जान जाने की आशंका जताई गई है। वन विभाग जंगल में लगे ट्रैप कैमरों की जांच कर रहा है। रेंजर सुनील कुमार पाठक के नेतृत्व में वन कर्मियों की टीम घायल बाघ के फुट प्रिंट की ट्रैकिंग कर रही है।



### टाइगर रिजर्व में कुल 59 बाघ

वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में कुल 59 बाघ हैं। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व पूरी तरह से खुला हुआ क्षेत्र है। इसमें बाघ इधर से उधर एक कंपार्ट से दूसरे कंपार्ट में जाते रहते हैं। इसलिए हर कंपार्ट में बाघों की कितनी संख्या है। इसका अब तक सही से आंकलन नहीं मिला है। मांगुराहा रेंज शोर शराबे से अलग है, ऐसे में यहां शाकाहारी जानवरों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। यही कारण है कि यहां पर आसानी से बाघ देखे जा रहे हैं।

### इलाके के लिए बाघों के बीच होती है लड़ाई

बाघों की आपसी लड़ाई इलाके के लिए होती है। दरअसल, युवा अवस्था में आने के साथ ही बाघ अपना इलाका बांट लेते हैं। इसके लिए पेड़ों पर अपनी गंध छोड़ते है। इसके साथ ही पेड़ों पर फुट प्रिंट बनाते हैं, इससे वह अपने इलाके में एक बार में नजर बनाए रखने का काम करते हैं। ऐसे में अगर दूसरा बाघ उनके इलाके में आता है तो दोनों में लड़ाई होना तय है।

# आधुनिक सुविधाओं के सहारे दरभंगा देशभर में बनेगा उदाहरण

## सांसद गोपाल जी ठाकुर बोले-लोगों की समस्याओं का होगा समाधान



**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा नगर निगम के बेनीपुर नगर परिषद, रौल, घनश्याम पुर और बहेरी नगर पंचायतों में अलग-अलग जन समस्याओं का समाधान कर सरकार सभी मौलिक सुविधाओं के लिए लगातार काम करी है। सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा है कि यहां जल जमाव से लोगों को परेशानी होती है। इसका जल्द ही समाधान होगा। एयरपोर्ट जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं के सहारे देश भर में ये जिला उदाहरण बनेगा।

सांसद ने कहा कि प्रदेश के नगर विकास मंत्री नितिन नवीन व बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा से विकास के इन मुद्दों को लेकर मुलाकात की है। नगर विकास मंत्री और विभाग के प्रधान सचिव आनंद शंकर से मुलाकात की और नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न जन समस्या के बारे में चर्चा की। बताया जाता है परेशानी को लेकर उन्होंने पहले भी तत्कालीन नगर विकास मंत्री को 5 फरवरी को भेंट कर अपनी मांग रखी थी। सांसद ने कहा कि दरभंगा शहर कमिश्नरी मुख्यालय भी है, जिसके चलते यहां अन्य जिलों के लोगों और पदाधिकारी का आना जाना लगा रहता है। लेकिन, शहर के अंदर जल जमाव सहित कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनका समाधान करना आवश्यक है। सांसद डॉक्टर ठाकुर ने मंत्री के सामने कचरा के निपटारे की बात रखी। इससे संबंधित परेशानी के समाधान होने से स्वच्छता का वातावरण होगा। वहीं, इसके माध्यम से कई लोगों को रोजगार उपलब्ध कराई जायेगी। सांसद डॉक्टर ठाकुर ने बेनीपुर नगर परिषद व बिरौल घनश्यामपुर, बहेरी नगर पंचायतों के चतुर्दिक विकास पर बातचीत की है। सासंद ने ये भी कहा है कि इन सभी क्षेत्रों के बस स्टैंड व ऑटो स्टैंड में यात्री सुविधाओं का अभाव है, जिसके कारण यात्रियों को विभिन्न तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। सांसद ने इन सभी स्टैंड मे शौचालय, पेयजल रात के समय प्रकाश की व्यवस्था को अनिवार्य बताते हुए कहा कि नगर विकास विभाग इसका शीघ्र समाधान करेगी। सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनोरंजन, रेलवे ,एयरपोर्ट जैसी सभी आधुनिक सुविधाओं के सहारे दरभंगा का विकास देश स्तर पर एक उदाहरण बनेगा।

# पशुपति पारस को साधने में जुटी बीजेपी, दिलीप जायसवाल रालोजपा दफ्तर जाकर मिले

**पटना, एजेंसी।** बिहार की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल फिर से तेज हो गई है। लोकसभा चुनाव 2024 में एनडीए के अंदर दरकिनार किए गए राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) के प्रमुख पशुपति पारस एक बार फिर सियासत के केंद्र में आ गए हैं। बिहार बीजेपी के चीफ दिलीप जायसवाल ने गुरुवार को पारस के पार्टी दफ्तर जाकर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच बहुत देर तक बातचीत हुई। इससे सियासी गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। बता दें कि पिछले हफ्ते ही भोजपुर जिले की तरारी सीट से विधायक रहे बाहुबली सुनील पांडे ने रालोजपा छोड़कर बीजेपी में शामिल हो गए थे। इसके बाद से पशुपति पारस नाराज बताए जा रहे हैं। तरारी उन चार सीटों में से एक हैं जिन पर आगामी दिनों में उपचुनाव होने हैं। रालोजपा ने सुनील पांडे के सहारे ही बीजेपी से तरारी सीट पर दावा ठोका था। जानकारी के मुताबिक बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष एवं नीतीश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल ने रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस से मुलाकात की। यह मीटिंग रालोजपा के पटना स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। हालांकि, इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया गया है। मगर राजनीतिक हलकों में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। दरअसल, इस साल हुए लोकसभा चुनाव के सीट बंटवारे में बीजेपी ने चिराग पासवान के गुट वाली लोजपा (रामविलास) को तरजीह देते हुए पांच सीटें दी थीं। जबकि उनके चाचा पशुपति पारस के गुट वाली रालोजपा को एक भी सीट नहीं मिली। इसके बाद पारस ने नरेंद्र मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। उनके एनडीए छोड़कर जाने के भी कयास लगाए जाने लगे। हालांकि, बाद में उन्होंने चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने का ऐलान कर दिया था। बिहार में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इससे पहले पशुपति पारस एनडीए में अपनी जगह फिर से हासिल करने में जुटे हैं, ताकि सीट बंटवारे में उन्हें सम्मानजनक हिस्सा मिल सके। इससे पहले बिहार की चार सीटों (तरारी, रामगढ़, बेलागंज और इमामगंज) पर उपचुनाव होना है। निर्वाचन आयोग जल्द ही इसकी घोषणा कर सकते हैं। इस उपचुनाव को बिहार विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है। पिछले दिनों पशुपति पारस एक्टिव हुए और उन्होंने बीजेपी से तरारी विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ने की मांग कर दी। इस सीट से चार बार विधायक रहे सुनील पांडे उस समय पारस की पार्टी में ही थे। रालोजपा उन्हें ही टिकट देने का मन बना रही थी। मगर हाल ही में उन्होंने रालोजपा को अलविदा कहकर बीजेपी जॉइन कर ली। उनके बीजेपी के टिकट पर उपचुनाव लड़ने की संभावना है। बताया जा रहा है कि पारस इस बात को लेकर बीजेपी नाराज हैं।





# मांझी पुलिस ने शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

**छपरा, एजेंसी।** मांझी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को ताजपुर में छापेमारी कर बड़े पैमाने पर देसी शराब तैयार करने वाली मिनी फैक्ट्री का उदभेदन किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने लगभग पांच हजार लीटर अर्द्ध निर्मित देसी शराब को विनिष्ट कर दिया व सप्लाई के लिए तैयार कर रखी एक सौ बीस लीटर शराब बरामद कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो कारोबारियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। गिरफ्तार कारोबारियों में गृहस्वामी भरत चौधरी के पुत्र डब्ल्यू चौधरी व सन्नी चौधरी शामिल हैं। छापेमारी के बाद पुलिस अगली कार्रवाई में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ताजपुर में बड़ी मात्रा में देसी शराब बनायी व बेची जा रही है। सूचना के आलोक में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम गठित कर गुरुवार को ताजपुर निवासी भरत चौधरी के घर पर औचक छापेमारी कर दी। पुलिस ने मौके से एक सौ बीस लीटर देसी शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि 5000 लीटर अर्द्ध निर्मित देसी शराब को मौके पर ही विनिष्ट कर दिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक बाइक,चार गैस सिलेंडर व भारी मात्रा में शराब बनाने का उपकरण, ड्रम व बर्तन आदि भी बरामद किया है। छापेमारी करने पहुंची टीम में थानाध्यक्ष अमित कुमार के अलावा एस आई नसीम खान,मिथिलेश कुमार,शिवजी प्रसाद गुप्ता,पी एस आई ओमप्रकाश एवं सशस्त्र बल के पुलिसकर्मी आदि भी शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भारी बारिश से मानगो में सड़कें जलमग्न

**जमशेदपुर, एजेंसी।** शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे मानगो क्षेत्र की सड़कें भारी बारिश के कारण जलमग्न हो गई। सड़कों के साथ स्वर्णरेखा नदी पर बना मानगो का पुराने पुल में भी जल निकासी न हो पाने से घुटने तक पानी भर गया। इससे आने-जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। करीब एक घंटे तक की जोरदार बारिश से मानगो रोड नंबर 14 के समीप भी पानी घुटनों तक भर आया। इसके कारण कई गाड़ियां सड़क पर बंद पड़ गई।

### नन इंटरलॉकिंग के कारण धनबाद की कई ट्रेनें रहेंगी रद्द

**धनबाद, एजेंसी।** पश्चिम-मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के कटनी मुरवारा-बीना रेलखंड के बीच दमोह स्टेशन पर तीसरी लाइन की स्थापना से जुड़े नन-इंटरलॉकिंग के मद्देनजर कई ट्रेनों को रद्द करने और कई ट्रेनों का रूट बदलने की घोषणा की गई। धनबाद होकर चलने वाली कई ट्रेनें भी प्रभावित रहेंगी। 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस नौ सितंबर को नहीं चलेगी। वापसी में 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस 11 सितंबर को रद्द रहेगी। 19413 अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस चार और 11 सितंबर को, 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस सात और 14 सितंबर को, 22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस तीन और पांच सितंबर को, 22912 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस पांच और सात सितंबर को, 19607 कोलकाता-अजमेर एक्सप्रेस 28 अगस्त तथा पांच और 12 सितंबर को, 19608 अजमेर-कोलकाता एक्सप्रेस 26 अगस्त तथा दो व नौ सितंबर को रद्द रहेगी। हावड़ा से 26 अगस्त और दो सितंबर को खुलने वाली 13025 हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस न्यू कटनी, कटनी साउथ, जबलपुर, इटारसी होते हुए भोपाल जाएगी। इस तरह भोपाल से 28 अगस्त को खुलने वाली 13026 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस भोपाल, इटारसी, जबलपुर, कटनी साउथ, न्यू कटनी के रास्ते चलेगी। 31 अगस्त को कोलकाता से खुलने वाली 19414 कोलकाता-अहमदाबाद एक्सप्रेस संत हिरदाराम नगर, भोपाल, इटारसी, जबलपुर, कटनी साउथ, न्यू कटनी के रास्ते चलेगी। 10 सितंबर और 12 सितंबर को इंदौर से खुलने वाली 22911 इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस संत हिरदाराम नगर, भोपाल, इटारसी, जबलपुर, कटनी के रास्ते चलेगी। वहीं 29 व 31 अगस्त तथा दो, नौ और 12 सितंबर को हावड़ा से चलने वाली 22912 हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस कटनी, जबलपुर, इटारसी, भोपाल, संत हिरदाराम नगर के रास्ते चलेगी।

### 25 को मोरहाबादी में फूटेगी कन्हैया की 1.01 लाख रुपये की दही-हांडी

**रांची, एजेंसी।** जिला श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति 24 और 25 को दो दिवसीय जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन मोरहाबादी मैदान में करेगी. 24 अगस्त को बाल गोपाल व राधा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता गीतांजलि बैंक्वेट हॉल मोरहाबादी में होगी. वहीं 25 अगस्त को भजन संध्या और नृत्य मंचन होगा. साथ ही दही हांडी प्रतियोगिता होगी. इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला गोविंदा दल शामिल होंगे. पुरुष गोविंदा के लिए हांडी की ऊंचाई 20 फीट व महिला वर्ग के लिए 17 फीट होगी. पुरुष गोविंदा टीम के विजेता को एक लाख एक हजार रुपये मिलेंगे, जबकि द्वितीय पुरस्कार 41 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये मिलेंगे. वहीं महिला प्रतिभागियों के लिए प्रथम पुरस्कार 55 हजार, द्वितीय पुरस्कार 31 हजार व तृतीय पुरस्कार 11 हजार रुपये है. यह जानकारी बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में समिति के मुख्य संरक्षक राजीव रंजन प्रसाद ने दी. उन्होंने बताया कि दही हांडी प्रतियोगिता के लिए प्रवेश शुल्क 3100 रुपये निर्धारित है. फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 अगस्त है.राजीव रंजन ने बताया कि बाल गोपाल व बाल राधा (फैंसी ड्रेस) प्रतियोगिता के पहले ग्रुप में छह माह से पांच वर्ष तक व दूसरे ग्रुप में छह से 12 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल होंगे. प्रतियोगिता के दिन ही दोपहर तीन बजे से आयोजन स्थल पर रजिस्ट्रेशन शुरू होगा. वहीं 25 अगस्त को भजन संध्या होगा. इसमें श्री कृष्ण के जीवन आधारित नृत्य मंचन आकर्षण के केंद्र होंगे. 25 अगस्त को ही दही हांडी प्रतियोगिता होगी. इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे. जन्मोत्सव पर पूरे मोरहाबादी मैदान में आकर्षक लाइटिंग होगी. श्रीकृष्ण का झूलन सजाया जायेगा. मुख्य आकर्षण लेजर शो होगा, जिसके द्वारा कृष्ण लीला एवं रामायण का दृश्यावलोकन कराया जायेगा. इस अवसर पर अध्यक्ष विनोद गोप, संरक्षक डॉ राजेश गुप्ता छोटू, मनोज गुप्ता, संजय सोनी, राजेश गुप्ता, राहुल, गौतम सिंह, रोहित सिंह, तरुण मल्लिक आदि मौजूद थे.

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संभाला पदभार, कहा- कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी

**रांची , एजेंसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव का गुरूवार को कांग्रेस भवन में अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व नवमनोनीत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

जहां से जुलूस की शक्ल में हजारों कार्यकर्ताओं के साथ श्री कमलेश ने स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर, अमर शहीद बिरसा मुंडा, शहीद नागेश्वर महतो, वीर बुधु भगत,स्वर्गीय कार्तिक उरांव,वीर सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कांग्रेस भवन पहुंचे जहां उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर से पदभार ग्रहण किया।

**दायित्व का निर्वहन करूंगा :** इस अवसर पर केशव महतो कमलेश ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है उसे आपके साथ मिलकर निर्वहन करुंगा। मैं कांग्रेस का साधारण कार्यकर्ता हूं और किसान का बेटा हूं। आज 50 वर्ष की लंबी राजनीतिक यात्रा के बाद आपके सामने खड़ा हूं। मैंने 1974 में सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य करना शुरू कर आज इस मुकाम तक पहुंचा हूं। झारखंड के क्रांतिकारी स्वर्गीय कार्तिक उरांव सहित वर्तमान अध्यक्षों के नेतृत्व में काम करने का मुझे मौका मिला। इस लंबे कालखंड में मुझे संगठन और कांग्रेस को नजदीक से समझने का मौका मिला है। मैंने पार्टी के नेतृत्व के निर्देशों का हमेशा पालन किया क्योंकि पार्टी ने मुझे सम्मान दिया और मैंने संगठन हित को व्यक्तिगत हित से हमेशा सर्वोपरि माना है। कार्यकर्ता हमारी पूंजी है। मुझे नेतृत्व ने जोनल कोऑर्डिनेटर, कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जिसका मैंने भली-भांति निर्वहन किया। हमने कार्य के मामले में हमेशा पारदर्शिता का पालन किया है और आगे भी यह जारी रहेगा। 4 माह पहले मुझे पिछड़ा वर्ग आयोग का



सदस्य बनाया गया था और आज मैं उस पद से त्यागपत्र देकर आपके सामने हूं।

**100 बार भी कुर्बान होना पड़े तो पीछे नहीं हटूंगा :** इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। इसके लिए अगर मुझे 100 बार भी कुर्बान होना पड़े तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। उन्होंने कहा कि हमने मिल-जुलकर काम किया और मुझे लगता है कि आगे भी हमे मिल-जुलकर कर काम करने का मौका मिलता रहेगा। मुझे काम करने का अवसर मिला और उसमें आपका पूरा सहयोग मिला। हमें यह संकल्प लेना है कि हमने 2024 में पुनः सरकार बनाने का जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसे नए अध्यक्ष के साथ मिलकर पाना है। हमें तमाम मतभेदों को भूलकर फिर से झारखंड में सत्ता मे वापसी करनी है ताकि हम समाज के विघटनकारी ताकतों का जवाब दे सके। यही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। मुझे कई अनुभवी नेताओं के साथ पिछले 11 वर्षों से काम करने का अवसर मिला है और जिस तरह से गौरव यात्रा, न्याय यात्रा, जन संवाद यात्रा, जन जागरण यात्रा में आपका सहयोग मिला मुझे उम्मीद है कि आप नवनियुक्त अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को भी पूरी ताकत के साथ सांगठनिक मजबूती की यात्रा में सहयोग करेंगे।

**यही संगठन की खूबसूरती है :** इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि मेरे साथ काम करने वाले दो कार्यकारी अध्यक्षों को काम करने का मौका मिला है। यही संगठन की खूबसूरती। यह तय है कि संगठन को आप जितना मजबूत करेंगे संगठन आपको उतनी ही मजबूती देगी और जनता का विश्वास आप पर बढ़ता जाएगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में संगठन की अहम भागीदारी होती है जिससे संघर्षों को मजबूती मिलती है और जनहित के लिए काम करने का मौका मिलता है। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो ने किया तथा स्वागत भाषण मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम में डॉ रामेश्वर उरांव, राजेश ठाकुर, सुखदेव भगत, दीपिका पांडेय सिंह, डॉ इरफान अंसारी, बन्ना गुप्ता, उमाशंकर अकेला, राजेश कच्छप, रामचन्द्र सिंह, सुबोधकांत सहाय, प्रदीप यादव, अनादि ब्रह्म, प्रदीप तुलस्यान, ब्रजेन्द्र सिंह, ममता देवी, मंजूर अहमद अंसारी, रौशन लाल भाटिया, अशोक चौधरी, चंचल चटर्जी, मदन मोहन शर्मा, जलेश्वर महतो, रविन्द्र सिंह, सुलतान अहदम, संजय लाल पासवान, शांतनु मिश्रा, पप्पू अजहर, डॉ एम तौसीफ, केएन त्रिपाठी, अमुल्य नीरज खलखो, सतीश पॉल मुंजनी, डॉ संजय सिंह, जयप्रकाश गुप्ता, आदित्य विक्रम जयसवाल, सोनाल शंति, कमल ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, जगदीश साहू, राजेश सिन्हा सन्नी, सुरेन राम, सुन्दरी तिर्की, केदार पासवान, भानु प्रताप बड़ाईक सहित काफी संख्या में कांगेस शामिल थे।

## फिल्टर प्लांट में कार्यरत दो गार्डों की पिटाई, केबल लूटे

**झरिया, एजेंसी।** कांड्रा स्थित नगर निगम के फिल्टर प्लांट में सोमवार की रात आधा दर्जन अपराधियों ने धावा बोलकर जमकर उत्पात मचाया। अपराधियों ने दो रात्रि प्रहरी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई के कारण दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। अपराधियों ने निगम के पेयजल स्वच्छता प्रमंडल धनबाद के सरकारी बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया।

कुर्सी व गार्ड रूम, पंप हाउस व कंट्रोल रूम के शीशे तोड़ दिए। अपराधी 35 एमएम का 30 मीटर कॉपर केबल लूटकर भाग निकले। फिल्टर प्लांट के ठेके में कार्यरत प्लांट इंचार्ज संजय महतो ने घटना की लिखित शिकायत गोशाला ओपी को दी है। शिकायत में कांड्रा मंडल बस्ती निवासी अभिषेक मंडल व सुरेश मंडल पर केबल लूट का आरोप लगाया गया है। कहा है कि दोनों को पहचानते हैं, अन्य को नहीं जानते हैं। इस शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

### गेट नहीं खोलने पर हुए आक्रोशित

अनुबंध पर कार्यरत डोमगढ़ सिंदरी निवासी सुरक्षा प्रहरी निरंजन महतो एवं कांड्रा निवासी गणेश गोपाल महतो फिल्टर प्लांट के अंदर कार्य में तैनात थे। तभी 4 युवक अंदर आने के लिए गेट पीटने लगे। जबकि दो लोग गेट के बाहर खड़े थे। जब गेट नहीं खोला तो उनलोगों ने गेट का ताला तोड़ दिया और अंदर प्रवेश कर गए। अंदर आते ही गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडे से पिटाई शुरू कर दी। स्वतंत्रता दिवस समारो के लिए गाड़े गए झंडे का पाइप उखाड़ कर निरंजन व गणेश से हमला कर दिया। इससे दोनों कर्मी घायल हो गए। इसके बाद अपराधी धमकी देते हुए कॉपर का 30 मीटर केबल और एक हैलोजन लाइट लेकर भाग निकले।50 हजार आबादी को होती है जलापूर्ति 7 कांड्रा फिल्टर प्लांट से रंगामाटी, बीआईटी, कांड्रा बाजार, चासनाला एवं मोहलबनी के 5 जलमीनारों को पानी की आपूर्ति की जाती है। 50 हजार से अधिक लोग इसी पानी पर निर्भर हैं। उनके पास दूसरा कोई विकल्प नहीं है। फिल्टर प्लांट सुरक्षा की दृष्टि से काफी संवेदनशील भी है। प्लांट में अंदर प्रवेश करने पर प्रतिबंध भी है। फिर भी फिल्टर प्लांट में घुसकर तोड़फोड़ व कर्मियों के साथ मारपीट करने का मामला गंभीर बना है।

## विक्षिप्त को बेड़ियों में जकड़ रांची जाने का इंतजार करता रहा परिवार, नहीं मिली एंबुलेंस

**धनबाद, एजेंसी।** हाथों और पैरों में लोहे की बेड़ियां हैं। मां और बड़ा भाई निगरानी में लगे हैं, ताकि मानसिक रूप से विक्षिप्त 26 वर्षीय युवक कहीं भाग न जाए। उसे दिमाग का इलाज कराने के लिए रांची ले जाना है। सभी एसएनएमएमसीएच अस्पताल के मेडिसिन वार्ड के बाहर पिछले 7 घंटों से 108 एंबुलेंस का इंतजार कर रहे हैं। विक्षिप्त के बड़े भाई ने बताया कि इन 7 घंटों में दसों बार 108 पर फोन किया। हर बार अलग-अलग जवाब मिलता है। कभी एंबुलेंस खाली नहीं है तो कभी एंबुलेंस मिल जाएगी आदि जवाब मिलता रहा। सुबह से शाम हो गई लेकिन एंबुलेंस नहीं मिली। परिजनों ने कहा कि मरीज को वापस घर नहीं ले जा सकते, इसलिए जब एंबुलेंस आएगी तो रांची ले जाएंगे। इतना पैसा नहीं है कि निजी एंबुलेंस से ले जाएं।

**रेफर मरीजों के लिए है 4 एंबुलेंस :** धनबाद में कुल 36 की संख्या में 108 एंबुलेंसों का संचालन होता है। रेफर मरीजों के लिए 4 एंबुलेंसों का इंतजाम है। 4 एंबुलेंस खराब हैं और शेष अलग-अलग प्रखंडों से संचालित किए जाते हैं। नियमानुसार कॉल करने के बाद आधे से एक घंटे में एंबुलेंस उपलब्ध कराने का समय निर्धारित किया गया है। बावजूद 108 एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ता है।

**इसलिए हाथ-पांव में बेड़ियां :** विक्षिप्त मरीज के भाई फूलचंद ने बताया कि भाई की हालत इतनी खराब है कि वह बेड पर रहता ही नहीं है। बार-बार वार्ड से भागकर अस्पताल के बाहर चला जाता है। खुद के



साथ दूसरे को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, इसलिए हाथ-पांव बांध कर रखा है। बताया कि युवक की प7ी और बच्चे भी हैं।

**यह है मामला :** कदवारा पूर्वी टुंडी के रहनेवाले फूलचंद चोड़े ने बताया कि उसका छोटा भाई चादे चोड़े पिछले एक माह से मानसिक रूप से बीमार है। इलाज के लिए सोमवार को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। आज (बुधवार को) डॉक्टरों ने रांची रेफर कर दिया। डॉक्टरों ने सुबह 11 बजे रेफर किया। इसके बाद रांची ले जाने के लिए 108 एंबुलेंस को फोन किया। डॉक्टर से भी बात कराई, लेकिन शाम के 6 बज गए हैं लेकिन एंबुलेंस नहीं मिली।

**हॉस्पिटल के बाहर बैठा रहा टुंडी का परिवार, एंबुलेंस चालक देते रहे अलग-अलग जवाब :** 108 एंबुलेंस के स्थानीय प्रबंधक केशव कुमार का कहना है कि कांके में 4 बजे तक ही मरीज को एडमिट लिया जाता है, इसलिए उसे कल का टाइम दिया गया है। रेफर मरीजों के लिए एंबुलेंस की संख्या बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। एंबुलेंस बढ़ने पर यह दिक्कत नहीं होगी।

## आप और कांग्रेस में बड़ा डेंट, झारखंड के कई नेताओं ने थामा बीजेपी का दामन, इंडिया का वजूद खतरे में

**रांची, एजेंसी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में आईएनडीआईए गठबंधन का वजूद खतरे में है। डूबती नाव से लोग भाग रहे हैं। गुरुवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में जमशेदपुर के कांग्रेस और दूसरे दलों के कई कार्यकर्ताओं को भाजपा में शामिल कराते हुए उन्होंने ये बातें कहीं।पार्टी में शामिल होने वाले लोगों से उन्होंने कहा कि आपके योगदान से केवल सरायकेला, जमशेदपुर में ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में पार्टी को ताकत मिलेगी।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय ने कहा कि राज्य सरकार से जनता हर हाल में मुक्ति पाना चाहती है। इस दौरान पूर्व विधायक अरविंद कुमार सिंह उर्फ मलखान सिंह और गणेश महली भी उपस्थित थे।मिलन समारोह में कांग्रेस नेता सह इंटक के प्रदेश सह सचिव चंदन कुमार सिंह, आम आदमी पार्टी के प्रदेश उप संयोजक प्रेम कुमार, सरायकेला खरसावां कांग्रेस के जिला महामंत्री विनोद कुमार सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली। वहीं, सरायकेला खरसावां कांग्रेस के जिला सचिव राम विचार राय, कांग्रेस नेता नीरज कुमार सिंह, शैलेश गुप्ता, पंकज कुमार सिंह राघवेंद्र सिंह, संजय कुमार सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

झारखंड में सत्ता परिवर्तन की हुंकार भरने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी ताकत जुटानी शुरू कर दी है। 23 अगस्त को रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रस्तावित युवा आक्रोश रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पूरी शिद्दत से जुटे हुए हैं।इसी कड़ी में गुरुवार को गोलमुरी मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया और युवाओं से रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनावों में जनता और खासकर युवाओं से झूठे वादे करके सत्ता हासिल की।

## हेमंत सोरेन संवैधानिक पद पर बैठकर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रहे है : शिवराज सिंह चौहान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भाजपा के जन आक्रोश रैली से डर चुकी है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को जगह जगह रोका जा रहा है। यह अन्याय की अति है, जुल्म की पराकाष्ठा है। एक डरा हुआ मुख्यमंत्री ऐसा कर सकता है। चौहान ने कहा कि हेमंत सोरेन से ना झारखंड संभल रहा है ना पार्टी संभल रही। चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता ऐसी गीदडभभकी से डरने वाले नहीं है। हम अन्याय के खिलाफ लड़ेंगे, हमारा हर कार्यकर्ता लड़ेगा। झारखंड की जनता को अहिंसात्मक तरीके से न्याय दिलाकर कर रहेंगे। हेमंत सोरेन सरकार इस आंदोलन को कुचल नहीं सकती है।



केंद्रीय मंत्री चौहान ने अधिकारियों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के इशारे पर जो ऐसा कर रहे हैं अगर वे लोग अलोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को रोकने की कोशिश की तो अच्छी तरह समझ लें हम लोकतंत्र का पालन करने वाले लोग हैं, हमें इंदिरा नहीं रोक पाई तो हेमंत क्या रोकेंगे। अधिकारियों को यह समझना होगा कि यह दो महीने की सरकार है। चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के लोग डीजीपी, एसपी को भाजपा को रोकने और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करने का आदेश दे रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं के जेल भेजने की तैयारी की गई है, लेकिन भाजपा डरने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के लोगों को दुमका जिला के मुफस्सिल थाना में रांची जाने से मना कर दो बस जब्त की गई। जामताड़ा नगर स्टैंड - 4 बस (मनोज मण्डल की बस) टाउन डीएसपी द्वारा जब्त कर रांची जाने से मना किया गया। बस मालिकों को रांची न जाने की हिदायत दे कर धमकाया जा रहा है। जामताड़ा के फतेहपुर थानें में रांची के लिये बस में बैठ कर जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को बस से उतार कर बस पुलिस ले कर चली गई। बुधवार की रात डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बैठक कर सभी जिलों के एसपी को बसें रांची नहीं आने देन का निर्देश दिया है। प्रेस वार्ता में मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद थे।

**चंपाई को अपमानित करना ठीक नहीं : शिवराज :** इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सीएम हेमंत सोरेन को अहंकार से भर गए हैं। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने खुद अपना दर्द व्यक्त किया है, वह झामुमो के संस्थापकों में से एक हैं और उन्होंने शिबू सोरेन के साथ मिलकर काम किया है। जिस तरह से उन्हें अपमानित किया गया वह ठीक नहीं है। सीएम रहते हुए विधायक दल की बैठक का पता नहीं होना, कार्यक्रम करने और कुछ भी बांटने से मना कर दिया जाना, एक मुख्यमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार किसके मन को दर्द नहीं पहुंचाएगा। चंपाई ने खुद अपना दर्द बयां किया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ऐसा ही सीता सोरेन के साथ भी किया गया।

## संताल में कम हो रहे आदिवासी, केंद्र चुप क्यों है: हाईकोर्ट

**रांची, एजेंसी।** संताल में बंगलादेशी घुसपैठियों के प्रवेश के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से जवाब दायर नहीं किया गया। सात ही केंद की तरफ से समय की मांग की गई है जिसे लेकर हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी है। खंडपीठ ने कहा कि इतना संवेदनशील मामला होने के बाद भी केंद्र सरकार सहित अन्य प्रतिवादी जवाब दायर करने के लिए समय मांग रहे हैं। आदिवासियों की आबादी घटती जा रही है और केंद्र सरकार मौन है। यहां तक की आदिम जनजाति के सदस्यों की संख्या भी घट रही है। उनकी सुरक्षा के लिए सीएनटी, एसपीटी एक्ट भी लागू है।




केंद्र साकारात्मक रवैया नहीं दिखा रही

खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अंडमान-निकोबार में जैसे ट्राइबल अपने क्षेत्र में किसी को घुसने नहीं देते है, यहां भी वही स्थिति चाहते हैं क्या केंद्र सरकार कब तक चुप रहेगी मामले में कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है कोर्ट ने कहा कि झारखंड का निर्माण आदिवासियों के हितों की रक्षा के लिए हुआ था। ऐसा लग रहा है कि केंद्र सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के झारखंड में प्रवेश को रोकने को लेकर कोई दिलचस्पी ही नहीं दिखा रही है। आइबी 24 घंटे काम करती है, लेकिन बांग्लादेशी घुसपैठियों जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अपना जवाब दाखिल नहीं कर पा रही है। बीएसएफ की भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने में काफी महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रतीत होता है कि बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के मामले में केंद्र सरकार का रुख सकारात्मक नहीं दिख रहा है।

केंद्र सरकार की हस्तक्षेप याचिका खारिज : खंडपीठ ने आगे कहा कि मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया जा चुका है, लेकिन केंद्र सरकार जवाब दायर करने के लिए चार से छह सप्ताह का समय मांग रही है। केंद्र सरकार द्वारा चार सप्ताह मांगे जाने संबंधी हस्तक्षेप याचिका (आइए) को खंडपीठ ने खारिज कर दिया। साथ ही केंद सरकार को दो सप्ताह के अंदर जवाब दायर करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई के पांच सितंबर को होगी।

## तीन अभियुक्तों को 25-25 वर्षों के कारावास की सजा व जुर्माना

**देवघर, एजेंसी।** नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म से संबंधित एक मामले में पूरी सुनवाई के बाद देवघर के अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय -सह- पोक्सो मामलों के लिए गठित विशेष न्यायालय के न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार सिन्हा ने तीन अभियुक्तों को दोषी पाकर तीनों में से प्रत्येक को पच्चीस-पच्चीस वर्षों के कारावास व जुर्माना की सजा सुनाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोक्सो कांड संख्या 18/2023 के इस मामले में देवघर जिला के चितरा थाना अन्तर्गत सोनातर ग्राम निवासी अभियुक्त कृष्णा हेंब्रम, अनिल हेंब्रम व सोम लाल हेंब्रम को भादवि की धारा 376(डी) एवं पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी पाया गया एवं तीनों में से प्रत्येक को पच्चीस-पच्चीस वर्षों के कारावास की सजा सहित बीस-बीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई गई। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर अभियुक्तों मे से प्रत्येक को तीन साल अतिरिक्त कारावास का दंड भोगना होगा। अभियुक्तों के विरुद्ध आरोप था कि उन्होंने दिनांक 10/2/2023 ई0 को नाबालिग लड़की को सरसों के खेत में ले जाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार किया। तीनों अभियुक्तों के अलावा एक अन्य अभियुक्त भी इसमें शामिल था, जिसका विचारण जुवेनाइल कोर्ट में हो रहा है। आरोपों को लेकर कांड संख्या- 13/2023 के रुप में मामले की प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने अनुसंधान के बाद अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से 9 गवाह प्रस्तुत किए गए। गवाहों के परीक्षण/प्रतिपरीक्षण एवं उभय पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने तीनों अभियुक्तों को दोषी पाकर उपरोक्त सजा सुनाई।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### कोलकाता से लेकर देहरादून तक बर्बरता

एक ओर कोलकाता में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की बर्बर घटना से समूचे देश में दुख और आक्रोश का माहौल है, सभी ओर से महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर कार्रवाई किए जाने की मांग हो रही है, तो दूसरी ओर देहरादून के सार्वजनिक बस अड्डे पर एक नाबालिग से सामूहिक बलात्कार की घटना सामने आई है। ऐसा लगता है कि आपराधिक मानसिकता के लोगों के भीतर कानून का कोई ऐसा खौफ नहीं है जो उन्हें मनमानी करने से रोक सके।गौरतलब है कि पिछले सप्ताह देहरादून अंतरराज्यीय बस अड्डे पर बाल कल्याण समिति की एक टीम को एक किशोरी बदहवास हालत में मिली थी। इसके बाद घटना का खुलासा हुआ कि बलात्कार की इस घटना को जिन पांच आरोपियों ने अंजाम दिया था, उनमें बस का चालक और परिचालक भी है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन इससे एक बार फिर सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं।आखिर जिस जगह पर नियमित रूप से बसों और यात्रियों की आवाजाही लगी रहती है, वहां सुरक्षा व्यवस्था की क्या स्थिति थी कि आरोपियों ने आसानी से अपराध को अंजाम दिया? एक सार्वजनिक स्थान पर अपराध को अंजाम देने वाले बस कर्मचारियों के भीतर पुलिस और कानून का डर क्यों नहीं था! फिलहाल देश भर में कोलकाता की घटना पर व्यापक आक्रोश फैला हुआ है, इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सजग होना शायद राज्य सरकारों और पुलिस तंत्र की प्राथमिकता में नहीं रही है। देहरादून में नाबालिग से सामूहिक बलात्कार न केवल कोलकाता में हुई घटना के खिलाफ उभरे आंदोलन का असर नहीं होने को दर्शाता है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि सरकारी तंत्र किसी त्रासद घटना के बावजूद किस कदर नींद में डूबा रहता है।इसकी आंख तभी खुलती है, जब कोई घटना तूल पकड़ लेती है। आखिर ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते, जो आपराधिक मानसिकता वाले लोगों के भीतर कानून का डर भर सके और वे किसी वारदात को अंजाम न दे सकें।यह समझना मुश्किल है कि महिलाओं के खिलाफ लगातार बढ़ते अपराधों पर काबू पाने के लिए कानूनों में सख्ती लाने की कवायदों और आए दिन सरकारों की ओर से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर कदम उठाने की घोषणाओं के बावजूद अपराधी बेलगाम होते क्यों दिख रहे हैं।

### लेटरल एंट्री पर रोक

केंद्र सरकार ने यूपीएससी द्वारा संयुक्त सचिव और उप-सचिव स्तर के 45 पदों पर सीधी भर्ती (लेटरल एंट्री) की प्रक्रिया को रोकने का जो निर्देश दिया है, उसके गहरे वैधानिक-राजनीतिक निहितार्थ हैं। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने संघ लोक सेवा आयोग की चेयरपर्सन को लिखे अपने खत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जिन चिंताओं का जिक्र किया है, वे वाजिब चिंताएं हैं। देश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान सामाजिक न्याय पर आधारित है और उसका लक्ष्य प्रशासनिक ढांचे में सभी वर्गों की सहभागिता और समावेशिता को सुनिश्चित करना है। मगर इन 45 पदों के लिए जो विज्ञापन दिए गए थे, उनमें आरक्षण की व्यवस्था नहीं थी। जाहिर है, प्रतिपक्ष ने इस पहलू को लपकते हुए विरोध का बवंडर खड़ा कर दिया। अब प्रधानमंत्री के हस्तक्षेप के बाद आशा है कि भविष्य में सरकारी नियुक्तियों में संविधान में निहित सामाजिक न्याय के आदर्शों का पूरा-पूरा ख्याल रखा जाएगा। वैसे भी, ज्यादा दिन नहीं हुए, जब आरक्षित कोटे से जुड़ी अनियमितता की शिकायतों के मद्देनजर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की नई सूची तैयार करने का आदेश सुनाया था। साफ है, सरकारी नियुक्तियों में सांविधानिक व्यवस्थाओं की किसी किस्म की अनदेखी या चूक अदालती विवाद को ही न्योता देगी। लेटरल एंट्री का चलन नया नहीं है। पिछली यूपीए सरकार और उसके पहले की कांग्रेस सरकारों में भी ऐसी नियुक्तियां होती रही हैं। मगर चूंकि वे इक्का-दुक्का पदों पर होती थीं, और चयनित लोग अपने-अपने क्षेत्र के स्थापित नाम हुआ करते थे, इसलिए उनको लेकर बहुत विवाद खड़ा नहीं हुआ। दुर्योग से अब कोई भी सरकारी नियुक्ति हो, चाहे वह नियमित भर्ती प्रक्रिया के जरिये ही क्यों न हुई हो, अविवादित नहीं रह पाती।

# विकसित भारत को गढ़ने के संकल्पों का उद्बोधन

(ललित गर्ग)

*व्यवस्थित मूल्यांकन, बुनियादी ढांचे और सेवाओं में सुधार के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने की बहुत जरूरी बात कही है। उन्होंने भारत में जीवन को आसान बनाने की अपेक्षा की, ताकि अमीरों एवं युवा प्रतिभाओं के पलायन को रोका जा सके।*

प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेंस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लालकिले की प्राचीर से 78वें स्वतंत्रता दिवस का अब तक का सबसे लम्बा 98 मिनट का 11वां राष्ट्रीय उद्बोधन एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की बानगी है। जो आजादी के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये लोगों को ऊंचे सपने देखने, बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्तमान की वैश्विक एवं राजनैतिक चुनौतियों को भविष्य की अपनी दृष्टि पर हावी नहीं होने दिया। यह उद्बोधन भारत की भावी दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व गुरु बनाने एवं दुनिया की आर्थिक महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है। लालकिले से जब देश का प्रधानमंत्री बोलता है तो वह भारत के महान लोकतंत्र की उस आत्मा को साकार करता है जो इस देश के 140 करोड़ देशवासियों के भीतर बसती है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्बोधन को वास्तविकता की रोशनी में नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत के रूप में देखा जाना चाहिए। धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता को जरूरी बताने के साथ-साथ प्रधानमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से लेकर रिफार्म्स तक, महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों से लेकर गवर्नेंस मॉडल, रोजगार, व्यापार, रक्षा, चिकित्सा समेत कई विषयों की चर्चा की। उन्होंने न्यायिक सुधारों पर आगे बढ़ने का भी संकेत दिया। इसके साथ ही वह विपक्ष को निशाना बनाने से नहीं चूके और सरकार का एजेंडा उन्होंने पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है। निश्चित ही अब तक हुए लालकिले की प्राचीर के उद्बोधनों में सर्वाधिक प्रेरक, संकल्पमय एवं विकसित भारत की इबारत लिखने वाला यह उद्बोधन रहा। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर बढ़ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली महानायक का आह्वान है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में खास एवं ऐतिहासिक होने की अनुगूंजें इस उद्बोधन में साफ सुनाई दी, जैसाकि उनके पूर्व के दो कार्यकाल इस लिहाज खास रहे हैं कि उनकी पार्टी के जिन लक्ष्यों को राजनीति की अन्य धाराएं लगभग नामुमकिन मानती थीं, उन्हें देश के एजेंडा का हिस्सा बनाते हुए हासिल कर लिया गया। चाहे वह अयोध्या में राममंदिर बनाने की बात हो या अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू कश्मीर को हासिल विशेष दर्जा खत्म करने की। तीसरे कार्यकाल में ऐसा ही एक और लक्ष्य है कॉमन सिविल कोड जो राष्ट्रीय स्तर पर लागू होना बाकी है। मोदी ने धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता के रूप में इसका जिक्र करके यह संकेत दिया है कि इसे देशवासियों के लिए स्वीकार्य बनाना और लागू करना उनकी सरकार की प्राथमिकता में काफी ऊपर है। उनके शब्दों में मौजूदा सिविल कोड एक तरह से साम्प्रदायिक नागरिक संहिता है। देश को ऐसे सिविल कोड की जरूरत है, जिससे धर्म के आधार पर भेदभाव से मुक्ति मिले। जब देश में अधिकतर मामलों में नागरिकों पर एक समान कानून लागू होते हैं तो फिर अलग-अलग धर्मों के अपने अलग-अलग लॉ भारत के संविधान पर सवालिया निशान लगाते दिखाई दे रहे हैं। मोदी देश में बार-बार होने वाले चुनावों को विकास की राह में बाधा मानते हैं और यह कोशिश करते रहे हैं कि पूरे देश में एक साथ चुनाव होने लगें। लेकिन हालिया लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सीटें कम होने के बाद उनकी पार्टी और सरकार का यह अजेंडा आगे बढ़ना मुश्किल भले ही माना जा रहा हो, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में इसका भी जिक्र करते हुए यह संकेत दिया कि इस दिशा में उनकी सरकार के प्रयास जारी रहेंगे। इन सबके साथ ही प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की खास उपलब्धियों और उसके सामने मौजूद चुनौतियों का जिक्र करना नहीं भूले। अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं वाले इस बार के उद्बोधन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि विकसित भारत के लक्ष्य को सामने रखा गया, उससे यही स्पष्ट हुआ कि वह अपने इस एजेंडे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के बाद भी वह अपने लक्ष्य से डिगे नहीं हैं। इसका पता इससे चलता है कि उन्होंने आंतरिक और बाहरी चुनौतियों की चर्चा करते समय बांग्लादेश के हालात का भी जिक्र किया और वहां के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों को लेकर भी अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने एक ओर जहां जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति पर प्रहार किया, वहीं दूसरी ओर कोलकाता की दिल दहलाने वाली घटना को ध्यान में रखते हुए नारी सुरक्षा की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने यह कहकर देश की राजनीति में व्यापक परिवर्तन लाने की भी पहल की कि आने वाले समय में एक लाख ऐसे युवाओं को अपनी पसंद के राजनीतिक दलों में सक्रिय होना चाहिए, जिनके परिवार के लोग पहले कभी राजनीति में न रहे हों। निश्चित ही भारतीय राजनीति को परिवारवाद से मुक्ति एवं नए विचारों और नई ऊर्जा से ओतप्रोत युवा नेताओं की आवश्यकता है। यह ऐतिहासिक उद्बोधन कोरा राजनीतिक उद्बोधन न होकर राष्ट्रीयता को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने का सशक्त आह्वान है जो इस बात विश्लेषण करता है कि हम कहां से कहां तक पहुंच गए। अंतरिक्ष हो या समंदर, धरती हो या आकाश, देश हो या दुनिया आज हर जगह भारत का परचम फहरा रहा है, भारत ने जितनी प्रगति की है उसे देखकर हर देशवासी को भारतीय होने का गर्व हो रहा है तो इसका श्रेय मोदी को दिया जाना कोई अतिश्योक्ति नहीं है, इसकी चर्चा करना राजनीतिक नहीं, भारत की सांस्कृतिक, आर्थिक, राजनीतिक समृद्धि का बखान है। हर भारतवासी मोदी के उद्बोधन से इसलिये भी प्रेरित एवं प्रभावित हुए है कि 'मिशन मोड' पर 'ईज ऑफ लिविंग' को पूरा करने के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए उसे आगे बढ़ा रहे है।

# इतिहास के उन ओझल पन्नों की याद

(उमेश चतुर्वेदी)

यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। अगस्त का महीना हमारी आजादी के इतिहास को ही समेटे नहीं है, बल्कि इस महीने के साथ कई क्रांतियों का गौरवमयी इतिहास भी समाहित है। तारीख में उन घटनाओं को तवज्जो तो मिली है, लेकिन भावी इतिहास के संदर्भ में उनके असर को अहमियत नहीं दी गई है। बलिया, तामलुक और सतारा की क्रांतियों और वहां स्वाधीन भारत से पहले ही सुराजी या स्थानीय सरकार की स्थापनाओं ने भावी इतिहास पर कितना असर डाला, इस नजरिए से उन्हें नहीं देखा-समझा गया। नौ अगस्त 1942 की सुबह मुंबई में कांग्रेस के पूरे शीर्ष नेतृत्व को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस के मुंबई अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए आ रहे वालंटियर और कार्यकर्ताओं को या तो रास्तों के स्टेशनों पर ही उतार दिया गया या फिर गिरफ्तार कर लिया गया। इसके पहले की रात को कांग्रेस 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव स्वीकार कर चुकी थी। संदर्भ के लिए बता दें कि 'भारत छोड़ो' का नारा कांग्रेस में सक्रिय समाजवादी धड़े के युवा नेता युसूफ मेहर अली ने दिया था। चूंकि आज की तरह उन दिनों संचार के माध्यम नहीं थे, लिहाजा गांधी, नेहरू, पटेल समेत तमाम कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी की खबरें देर से देश के सुदूरवर्ती इलाकों में पहुंचीं। जैसे-जैसे ये जानकारी पहुंची, इलाकों में अंग्रेज सरकार के खिलाफ बढ़ता चला गया। यूरोपीय देशों की सभ्यता की इतिहासकार जब भी चर्चा करते हैं, ब्रिटिश और फ्रेंच समाज को सबसे ज्यादा सुसंस्कृत माना जाता है। लेकिन ब्रिटिश समाज कितना सभ्य था, इसे भारत में किए उसके दमन से समझा जा सकता है। दिलचस्प यह है कि बयालिस की क्रांति के दौरान ही दूसरा विश्व युद्ध जारी था। यूरोप में हिटल को नाजी बताकर ब्रिटिश सेनाएं उसके विरोध में युद्धरत थीं। तब जर्मन शासक हिटलर यूरोप की नजर में असभ्य था। हिटलर को असभ्य और अमानवीय बताने वाली ब्रिटिश सरकार भारत में उन्हीं दिनों हिटलर जैसा ही कहर ढा रही थी। इतिहास में बयालिस की क्रांति और अंग्रेजों के दमन को इस नजरिए से भी कभी व्याख्यायित नहीं किया गया। बयालिस के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का दमनचक्र हर उस इलाके में पूरी क्रूरता के साथ चला, जहां के लोगों ने सुराज के लिए आवाज बुलंद की। बलिया को कुछ ज्यादा ही दमनचक्र से गुजरना पड़ा। इसकी वजह यह रही कि बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया। 18 अगस्त को बैरिया, रसड़ा, सुखपुरा आदि जगहों पर हुई अंधाधुंध गोलीबारी और उसमें नौजवानों और छात्रों के बलिदान से बलिया का खून खौल उठा। तकरीबन करीब दस लाख की आबादी सड़कों पर उतर आई। रेलवे लाइनें उखाड़ डाली गईं, थाने और तहसील लूट लिए गए। दिलचस्प यह है कि तब बलिया के कलेक्टर कोई अंग्रेज नहीं, भारतीय जगदीश्वर चंद्र निगम थे। लोगों का गुस्सा इतना बढ़ा कि निगम को हारकर बलिया जेल में बंद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चित्तू पांडेय को छोड़ना पड़ा। 19 अगस्त के दिन बलिया ने खुद को आजाद घोषित कर दिया और चित्तू पांडेय उस सरकार के मुखिया बने, जबकि क्रांतिकारी महानंद मिश्र पुलिस प्रमुख। इस आजादी के बाद जिस व्यवस्था ने पांच-छह दिनों तक व्यवस्था चलाई, उसे 'सुराजी सरकार' नाम दिया गया था। बलिया के साथ मिदिनापुर के तामलुक और महाराष्ट्र के सतारा में भी ऐसी ही देसी सरकारें बनीं। तीनों जगह पांच से लेकर हफ्तेभर में अंग्रेजी हुकूमत ने कब्जा कर लिया और उसके बाद जो दमन चक्र चला, सिहरन के साथ उसे याद करने वाली पीढ़ी भी अपनी उम्र पूरी करके दुनिया को विदा कह चुकी है। इसके बावजूद वह दमन बलिया के लोगों के रगों में आज भी दौड़ रहा है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5470

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5469

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## वर्ग पहेली 5470



**संकेतः बाएं से दाएं**
1. 1914 को इस विश्व प्रसिद्ध गजल और ठुमरी, दादरा आदि की गायिका ने जन्म लिया था, इनका मूल नाम अख्तरी बाई फैजाबादी था, इन्हें मल्लिका-ए-गजल के खिताब से नवाजा गया था (निधन 30 अक्टूबर 1974) (6)
7. अज्ञात, अप्रसिद्ध, किसे कोई न जानता हो (4)
8. जाकिर हुसैन का नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (3)
9. शरीर का एक संवेदी अंग, नासिका, घ्राणेन्द्रिय (2)
10. याद करने के लिए बारंबार पढ़ना (3)
11. कंधा, स्कंध, जुलाहों की कूंची (2)
12. हाथी को यह भी कहते है (2)
14. हलफ, कसम, सौगंध (3)
15. रिश्ता, संबंध (2)
17. पदवी, दर्जा, पोस्ट, पद (3)
19. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
20. शक्तिहीनता, अशक्तता, क्षीणता (4)
22. बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
23. दस्ता, ब्रिगेड, उर्दू का एक अक्षर (2)
24. वह जो किया जाए (2)

**ऊपर से नीचे**
1. निर्दोष, बेकसूर, निष्पापा (4)
2. सुगंध, खुशबू, महक (3)
3. वर्जित किया हुआ, निषिद्ध (2)
4. हिंदूओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थल जहां बर्फ के शिवलिंग का दार्शन होता है (5)
5. कुल लाल सुखी लिए हुए (4)
6. किसी वी.वी.आई.पी. के आने पर तोपों का फेर (3)
11. स्याह जुबान, बदजबान, शाप देने वाला (4)
13. अभिनेता नसीरूद्दीन शाह की दिवंगत अभिनेत्री सास (5)
14. नफीरी, एक मंगल वाद्य (4)
16. कोई चुटीली बात, कटाक्ष, कटुवचन (2)
18. वह बाल जिसका पिता मर गया हो, अनाथ (3)
21. फन, सोम (चंद्र) का सोलहवां अंश, आर्ट, सूर्य का बारहवां हिस्सा, हुनर (2)

### वर्ग पहेली 5469 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | जी | | ग | या | ना | | |
| रा | त | | ल | र | ज | ना | |
| क | ना | ग | त | | | ना | ता |
| गो | | म | फ | ल | र | | न |
| र | क्षा | | ह | स्त | | पा | ना |
| ख | | र | मी | | हॉ | की | |
| पु | ष्प | क | | आ | | जा | वा |
| री | | मी | जा | न | | | दी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में दिन सफलता से भरा होगा और पूरे दिन व्यस्तता बनी रहेगी। भौतिक और सांसारिक दृष्टिकोण से कुछ बदलाव हो सकते हैं और आपको सफलता मिलने से मन प्रसन्न होगा। कार्यक्षेत्र में होने वाले बदलाव आपके पक्ष में होंगे और आपका दिन खुशी में बीतेगा। सावधानीपूर्वक वही काम करने की चेष्टा करें।

### वृष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा साबित होगा और आपको तरक्की मिलती जाएगी। व्यापार में निकटवर्ती सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा मिलने से आपका मन खुश होगा और आप तरक्की करेंगे। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगी।

### कर्क
आज करियर में लाभ होगा और आपके पराक्रम में वृद्धि होने से आपके मन को संतोष होगा। दिन आनन्द में बीतेगा और आप सफल होंगे। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं। आपके लिए कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं।

### सिंह
आज तरक्की के योग बन रहे हैं और आपको बिजनस में भरपूर लाभ होगा। आज के दिन आपके हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी विशेषज्ञ की सलाह आपके लिए आगे चलकर उपयोगी सिद्ध होगी। आपके मौज मस्ती के दिन है। आपने पहले जो मेहनत की है उसमें अब आपके लिए सफलता के संयोग बने हैं।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और जीवन सफलता से भरा होगा। आपकी मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और उत्तम प्रकार की धन सम्पत्ति प्राप्त होगह। चन्द्रमा की शुभ दृष्टि से आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। आपको कारोबार के क्षेत्र में नए सहयोगी मिलेंगे और आपके सुख में वृद्धि होगी।

### कन्या
आज लाभ होगा और कारोबार में आपके लिए सफलता के योग बने हैं। आपके जीवन में खुशहाली बढ़ेगी और आप तरक्की करेंगे। नौकरी और कारोबार में सफलता के योग बने हैं। आज लाभकारक होगा। बहस और टकराव से बचें, तो आपके जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और लाभ होगा।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपका पूरा दिन भागदौड़ करने में बीतेगा। घर में किसी की सेहत को लेकर आप थोड़ा सा परेशान रहेंगे, लेकिन शाम तक थोड़ा सा स्थिति में सुधार होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। पत्नी की सेहत को लेकर थोड़ा सा सावधान रहें ताकि आगे फिर कोई समस्या न आए। आपके घर में मेहमान भी कुछ लम्बा पड़ाव डालना चाह रहे हैं।

### वृश्चिक
आज रियर में लाभ का दिन है और आपको तरक्की प्राप्त होगी। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी और आपका मन प्रसन्न होगा। आपके अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। आपको कोई स्थायी सफलता मिल जाएगी और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### मकर
आज दिन सफलता में बीतेगा और आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। दिन में कुछ अधिक व्यस्तता रहेगी और शाम का वक्त आनंद में परिवार के लोगों के साथ बीतेगा। व्यापार व्यवसाय की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। दोपहर तक आप अपना बिखरा हुआ कारोबार सही तरीके से समेट लें।

### कुंभ
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। धन कीर्ति की वृद्धि होगी और आपके शत्रुओं का अंत होगा। प्रबल से प्रबल विरोधी भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे और आपके जीवन में आनंद बढ़ेगा और हर प्रकार की सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में सफलता की प्राप्ति से हर्ष होगा।

### धनु
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आपका कुछ खर्च हो सकता है और परिवार के लोगों के साथ किसी बात को लेकर आपकी बहस हो सकती है। संतान की तरफ से आपको हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और आपके परिवार में खुशी का माहौल होने से मन काफी प्रसन्न होगा। बहुत समय से कोई रुका कार्य बन सकता है।

### मीन
आज करियर में सफलता प्राप्त होगी और आपके लिए कारोबार में तरक्की के योग बन रहे हैं। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। धार्मिक कार्य में आपका मन लगेगा और आपके लिए शानदार तरक्की के योग बन रहे हैं। कुछ समय परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा और आपको खुशहाली का एहसास होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### कबीर फारूकी की स्पेशलटास्क फोर्स के साथ वापसी

**मुंबई, एजेंसी।** इस शो में बहादुरी, धोखा, लालच, प्यार और बदले की कहानियाँऐक्शन से भरपूर होंगी। इस बार कबीर और स्पेशलटास्क ग्रुप (एसटीजी) के सामने एक नया खतरा है, क्योंकिएआई-दमिश्क नाम का एक नौजवान बदला लेने के लिये कश्मीर आया है। क्याएसटीजीकश्मीर के आम लोगों को बचा पाएगा अप्लॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित 'तनाव' इजराइल के 'फौदा' का ऑफिशियलरिमेक है। अवि इसाचारोफ और लियोररैज़ द्वारा निर्मित और यसस्टूडियोज द्वारा वितरित इस शो का निर्देशन पुरस्कार-विजेता सुधीर मिश्रा और ई. निवास ने किया है। इस शो के बेहतरीन कलाकारों में मानव विज, गौरव अरोड़ा, अरबाज़ खान, सत्यदीपमिसरा, रजत कपूर, सुखमणिसदाना, साहिबा बाली, अर्सलानगोनी, अमित गौड़, एकता कौल और वालुस्चाडिसूजा शामिल हैं। 'तनाव 2' को देखना वाकई यादगार होगा।

### मुरली शर्मा ने अपने प्यार नंदिनी सिन्हा के लिये एक खूबसूरत कविता लिखी

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी लिव की नई पेशकश 'पहला प्यार -1 प्रतिशत चांस' के सेट पर प्यार परवान चढ़ रहा है! यह शो पहले प्यार की रोलरकोस्टर राइड है। इसमें दिखाई गई मासूमियत और जज्बातों ने दर्शकों को आहें भरने पर मजबूर कर दिया है। नये एपिसोड में टैलेंटेड एक्टर कृष राव द्वारा अभिनीत मुरली शर्मा को नंदिनी के लिये अपनी भावनाओं से जूझते और नये स्कूल के मुताबिक ढलते हुए देखा जा सकता है। नंदिनीके साथ एक नाटक में भाग लेते हुए, मुरली उसके लिये एक खूबसूरत कविता लिखता है। लेकिन इसमें एक ट्विस्ट है! स्क्रिप्ट से कुछ हटकर काम करते हुए, कृष भी भावुक हो गये और उनके भीतर का कवि जाग गया। मुरली की सोच में डूबकर उन्होंने भी एक छंद लिख डाला। दिल से लिखी उनकी पंक्तियाँ सेट पर गूंजने लगीं और उनके साथी कलाकारों तथा क्रू ने जमकर तालियाँ बजाईं। खासकर यह अरिस्ता को बहुत पसंद आया। नये एपिसोड के बारे में, कृष राव ने कहा, ''एक सीन में मुझे नंदिनी के लिये कविता लिखनी थी। चूंकि मुरली के जज्बात नंदिनी के लिये गहरे हैं, इसलिये मुझे लगा कि अगर यह कविता दिल से निकले, तो बात ही अलग होगी। मैं खुद कविता लिखने बैठ गया और जब मैंने उसे सेट पर पढ़ा, तब हर किसी को वह पसंद आई, खासकर अरिस्ता को! दर्शक हमारे जरिये अपने स्कूल के दिनों को याद कर रहे हैं और जबर्दस्त रिस्पॉन्स दे रहे हैं!

### छत्तीसगढ़ में आदिवासी युवती से हुआ गैंग रेप, फरार आरोपी की ओडिशा में लाश बरामद

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले मे आदिवासी युवती का गैंग रेप करने वाले आरोपियों में से एक फरार शख्स की लाश बरामद हुई है। पुलिस को उसकी लाश पड़ोसी राज्य ओडिशा में बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि वो अपने मामा के घर में छुपा हुआ था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि फरार आरोपी की मौत हो गई है। वह अब तक ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराईपाली गांव स्थित अपने मामा के घर में छुपा था। उन्होंने बताया कि उसकी मौत जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आने से हो गई है। फिलहाल रेंगाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और तार बिछाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आरोपी की लाश को अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले में कुल आठ आरोपी थे। इसमें से 15 साल के एक नाबालिग समेत सात लोगों को पकड़ लिया गया है। आठवां फरार आरोपी संजय यादव (18) पुलिस से बचने के लिये ओडिशा चला गया था। शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले मे पीड़िता (27) के बयान के बाद आठ आरोपियों में से सात को पकड़ा जा चुका है तथा एक की मौत हो गई है। गिरफ्तार लोगों मे राहुल चौहान (19), मोनू साहू (23), राहुल खड़िया (19), उत्तम मिर्धा (20), नरेन्द्र सिदार (23)और बबलु डहरिया (19) को कल न्यायिक रिमांड मे जेल भेजा गया है।

# कांग्रेस का आरोप, भाजपा नेताओं की मिलीभगत से गुजरात में चल रहा नशीली दवाओं का कारोबार



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात में कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा नेताओं की मिलीभगत से राज्य में नशीली दवाओं का कारोबार चल रहा है, और प्रतिबंध के बावजूद यहां शराब पानी से ज्यादा उपलब्ध है।

विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों के निलंबन के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने सदन से वॉकआउट करने के बाद 11 कांग्रेस विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। अमित चावड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में गुजरात शराबबंदी कानून पर चर्चा हो, इसलिए स्पीकर ने कांग्रेस विधायकों निलंबित कर दिया।

उन्होंने कहा, गुरुवार को विधानसभा में शराबबंदी कानून पर चर्चा होनी थी। गुजरात में शराबबंदी के बावजूद पीने के पानी से ज्यादा शराब उपलब्ध है। हर जगह खुलेआम ड्रग्स बिक रही है। गुजरात के अंदर कई दवा कंपनियों की आड़ में ड्रग्स का निर्माण हो रहा है। ड्रग तस्कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ देखे जा रहे हैं। भाजपा के लोगों की मिलीभगत से पूरे गुजरात में ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये लोग विधानसभा में इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होने देते, क्योंकि इससे भाजपा सरकार की पोल खुल जाएगी। इसलिए, आज कांग्रेस विधायकों को बहुमत के बल पर विधानसभा से निलंबित किया गया है ताकि उनका भ्रष्टाचार उजागर न हो। सरकार के प्रवक्ता और गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने विपक्ष के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दाहोद की घटना को लेकर सदन में नियमों के खिलाफ आचरण किया और प्लेकार्ड लेकर आए। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

गुजरात विधानसभा के स्पीकर ने आज मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 11 विधायकों को सदन से वॉकआउट करने के बाद एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। तीन दिवसीय मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी पार्टी के ये विधायक अल्प सूचना पर कुछ सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन स्पीकर शंकर चौधरी ने उनकी मांग खारिज कर दी।

## एबीवीपी को पसंद नहीं आया लेफ्ट समूह पर बैन, यूनिवर्सिटी के खिलाफ खोला मोर्चा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान में अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वी प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स फोरम के पक्ष में आवाज उठाई और कहा कि वामपंथी संगठन पीएसएफ को प्रतिबंधित करने का संस्थान का फैसला तर्कहीन है। एबीवीपी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए। एबीवीपी ने गुरुवार को कहा कि छात्र समूह पीएसएफ पर अचानक और तर्कहीन प्रतिबंध लगाने से ऐसे संगठनों में काफी अशांति पैदा होने का खतरा है। एबीवीपी ने कहा कि इस तरह के कदम से भविष्य में होने वाले छात्र परिषद चुनावों की शुचिता पर गंभीर असर पड़ सकता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले प्रमुख संस्थान टीआईएसएस ने पीएसएफ पर 19 अगस्त को प्रतिबंध लगाते हुए कहा था कि यह संगठन ऐसी गतिविधियों में शामिल रहा है जो संस्थान के कामकाज में बाधा डालती हैं और इसकी छवि खराब करती हैं। एबीवीपी ने कहा कि उसका दृढ़ता से यह मानना है कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए।

उसने कहा कि छात्र समुदाय के विविध विचारों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न छात्र संगठनों की उपस्थिति आवश्यक है। एबीवीपी की सचिव निधि गाला ने कहा, टीआईएसएस में छात्र संगठनों पर अचानक और अनुचित प्रतिबंध इन सिद्धांतों पर सीधा हमला है। टीआईएसएस के दक्षिणपंथी छात्र संगठन डेमोक्रेटिक सेक्युलर स्टूडेंट्स फोरम (डीएसएसएफ) ने भी कहा कि परिसर में संगठनों पर प्रतिबंध लगाना उस मूल पर प्रहार करना है जो इस प्रमुख संस्थान को अग्रणी शिक्षण संस्थान बनाता है।

## हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात



**बरेली, एजेंसी।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने असम में मुस्लिम निकाह काजियों के पंजीकरण न होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं और कानून बनाने की बात करते हैं। इससे पूरे देश के मुसलमान तनाव से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हर नए दिन मुसलमानों के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं। वह असम विधानसभा में एक विधेयक लाने की बात कर रहे हैं और एक नया कानून बनाने का प्रावधान किया है। इस कानून के माध्यम से वह इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार निकाह की मान्यता रद्द करने और इसे सरकार द्वारा पंजीकृत करने का प्रावधान ला रहे हैं।

उन्होंने कहा, सीएम की मंशा है कि जो भी इस्लामी रीति रिवाज है उसे खत्म कर दिया जाए और इस बहाने मुसलमानों को परेशान किया जाए। इस देश में हिंदुत्ववादी दृष्टिकोण रखने वाले मुख्यमंत्री और राजनीति का दुरुपयोग करने वालों की सत्ता ज्यादा दिन नहीं चलती।

उल्लेखनीय है कि असम में मुसलमानों की शादी और तलाक को लेकर जल्द ही बहुत कुछ बदलने वाला है। असम की भाजपा सरकार विधानसभा में एक विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक के आने से मुस्लिम शादियों का पंजीकरण काजी नहीं बल्कि सरकार के समक्ष होगा।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार मुस्लिम लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए विधानसभा के आगामी सत्र में यह विधेयक पेश करेगी। सरमा ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को बताया कि सरकार आगामी सत्र के दौरान असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक, 2024 पेश करेगी। यह सत्र आज से शुरू हो गया है।

## ओपीएस पर सरकारी कर्मचारियों से बात करेंगे पीएम मोदी



**नईदिल्ली , एजेंसी।** केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी लगातार कई वर्षों से पुराने पेंशन स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार आंदोलन भी हो चुके हैं। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कई चुनावों में इसका वादा कर्मचारियों से किया है। इस बीच बीते 10 वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के कर्मचारियों और कार्मिक मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर के संयुक्त परामर्श तंत्र (जेसीएम) में कर्मचारी प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

कार्मिक मंत्रालय ने जेसीएम सचिव शिव गोपाल मिश्रा और जेसीएम के कर्मचारी पक्ष के अन्य सदस्यों को शनिवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पीएम से मिलने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का मुद्दा उठने की संभावना है।

शिव गोपाल मिश्रा ने अंग्रेजी अखबार द हिंदू को बताया कि कर्मचारी प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी से मुलाकात की मांग की थी। उन्होंने कहा, ÷हम कई मुद्दों पर सरकार के संपर्क में हैं। हम अपने मुद्दों पर प्रधानमंत्री से भी मिलना चाहते थे।÷ उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसका अभी तक समाधान नहीं हुआ है। हम इसे प्रधानमंत्री के समक्ष भी उठाएंगे।

केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों की यूनियनों ने पहले 1 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया था। सरकार के साथ चर्चा के बाद इसे टाल दिया गया था। वे पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और निगमीकरण को रोकने की मांग कर रहे हैं। कर्मचारी केंद्र से विभिन्न विभागों में मौजूदा पदों को भरने की भी मांग कर रहे हैं।

## 2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ऐलान



**मुजफ्फरनगर , एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस भर्ती में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौजवानों की योग्यता और परीक्षा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसकी संपत्ति कुर्क कर गरीबों में बांट दी जाएगी। ऐसे लोगों की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्षों में दो लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। 60 हजार पुलिस भर्ती से इसकी शुरुआत हो रही है।

**महिला अपराधों पर लगाएं शत-प्रतिशत अंकुश :** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में थे। सुबह सहारनपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पुलिस लाइन में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक की फिर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। अफसरों को महिला अपराधों पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने और कठोर सजा दिलाने के आदेश दिए।

**हम कर रहे विकास, वो दे रहे नवाब ब्रांड:** मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र स्थित बीईटी परिसर में रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने और बांटने की साजिश रच रहे हैं, जिसे किसी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसा कि भारत दुनिया की ताकत बन रहा है, जबकि अखिलेश यादव प्रदेश को नवाब ब्रांड दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 157.78 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास और 158.14 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण किया।

## छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर शराब कारोबारियों ने किया हमला, कई पुलिसकर्मी घायल

**बेतिया, एजेंसी।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र में गुरुवार को अवैध शराब का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। उत्पाद विभाग के सूत्रों ने बताया कि इलाके में अवैध शराब की तस्करी की सूचना पर शिवराजपुर में छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर शराब कारोबारी और अन्य लोगों ने हमला बोल दिया। हमले में आधा दर्जन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज बेतिया राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायलों में उत्पाद विभाग के एस आई नागेन्द्र प्रसाद, जवान पप्पू कुमार चौधरी, विंध्याचल यादव और योगेन्द्र प्रसाद का नाम शामिल हैं।

उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उत्पाद विभाग को सूचना मिली की शिवराजपुर छरकी के मोतीलाल मुखिया के घर दस कार्टन शराब रखा गया है। सूचना पर पहुंची टीम ने जांच शुरू की, तभी घर एवं आस पास के लोग उत्पाद विभाग की टीम पर लाठी- डंडे से हमला बोल दिया।

## किरोड़ी लाल मीणा के बाद नौक्षम चौधरी ने दी बीजेपी को टेंशन, इस्तीफे की धमकी



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में बीजेपी की विधायक नौक्षम चौधरी ने इस्तीफे की धमकी देकर पार्टी को सकते में डाल दिया है। दरअसल, डीग जिले के कामां में असामाजिक तत्वों की ओर से डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को खण्डित कर देने से नाराज जाटव समाज के लोगों ने अम्बेडकर पार्क पर पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही अम्बेडकर सर्किल के सामने टायर जलाकर व अवरोध डालकर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर बीजेपी की टेंशन बढ़ा रखी है। पार्टी आलाकमान ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। इसके बावजूद वह इस्तीफा नहीं लेने पर अड़े हुए है।

सूचना मिलने पर कामां विधायक नौक्षम चौधरी पहाड़ी क्षेत्र के दौरे को छोडकर कामां पहुंची। जहां उन्होंने कहा कि यह घटना शर्मनाक व निंदनीय है और इस कृत्य को करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की ओर से शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक कार्रवाई नहीं की गई तो मैं भी अपने पद से इस्तीफा दे दूंगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही नई प्रतिमा लगाने का कार्य किया जाएगा। सूचना मिलने पर कामां पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जाटव समाज के लोगों से समझाइश की। लेकिन गुस्साए लोगों ने प्रशासन की नहीं सुनी और पार्क में ही समाज के लोग धरने पर बैठ गए। इस मामले को तूल पकड़ता देख आस पड़ोस के दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर घर चले गए।

बीती रात को कस्बा के जुरहरा रोड अम्बेडकर सर्किल स्थित पार्क में डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के दाहिने हाथ के पंजे को किसी असामाजिक तत्वों ने खण्डित कर देने की सूचना सुबह जब जाटव समाज के लोगों को मिली तो समाज के लोगों आक्रोश फैल गया।

## कांग्रेस-पवार से बोले उद्धव ठाकरे- मुख्यमंत्री कैंडिडेट पर कर लें फैसला, भले ही नहीं करें घोषणा



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में इसी साल अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल घटक दल एक-दूसरे पर दबाव बना रहे हैं। उद्धव बालासाहेब ठाकरे सेना गुट का नेतृत्व कर रहे उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार से कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले सहयोगियों के बीच मुख्यमंत्री का चेहरा तय हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि आप चाहो तो सार्वजनिक रूप से उस नाम की घोषणा नहीं भी कर सकते हो।

उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी नेतृत्व को इस बारे में बता दिया है। ठाकरे दोनों दलों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे या तो मुख्यमंत्री पद के लिए किसी उम्मीदवार का चयन करें या फिर उनके नाम को स्वीकार कर लें। उद्धव लगातार उनके साथ बैठकों में इस मुद्दे को उठाते हैं और सार्वजनिक रूप से भी इसे दोहराते हैं।

उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ पिछली बैठक में कहा था, मैं नहीं चाहता कि भाजपा के साथ हमारा अनुभव दोहराया जाए। हम 25-30 साल से साथ थे और हम इस बात पर सहमत थे कि सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी का मुख्यमंत्री बनेगा। इस तर्क से अगर आप ज्यादा सीटें जीतते हैं तो आप मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इसलिए मैं आपको संख्या बल में नीचे गिरा दूंगा। ऐसे में गठबंधन का उद्देश्य क्या है?

इससे पहले कांग्रेस के एक नेता ने कहा था कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों के बीच आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का मुख्य मापदंड जीतने की क्षमता होगी और इस पर सौहार्दपूर्ण ढंग से जल्द से जल्द काम किया जाएगा। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने पीटीआई को बताया था कि एमवीए पहले से ही चुनाव एवं प्रचार मोड में है और यह 16 अगस्त को अपने पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक भी कर चुका है।

उन्होंने कहा, ''जीत की संभावना सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का आधार होगी और इस पर जल्द से जल्द सौहार्दपूर्ण तरीके से काम किया जाएगा।'' खान ने एमवीए की जीत का भरोसा जताते हुए कहा, ''लोकसभा चुनाव के नतीजे विधानसभा चुनावों में निश्चित रूप से दोहराए जाएंगे।'' उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ 'महायुति' (जिसमें शिवसेना, भाजपा और राकांपा शामिल हैं) के झूठे वादे और फर्जी बातें सबसे सामने आ गई हैं।

## बदलापुर कांड के आरोपी की मां बोली- मेरे बेटे ने रेप किया है तो उसे फांसी पर चढ़ा दो

**मुंबई, एजेंसी।** बदलापुर यौन उत्पीड़न केस ने पूरे महाराष्ट्र को आक्रोशित कर दिया था। इस मामले में आरोपी की मां ने गुरुवार को कहा, अगर मेरे बेटे ने कुछ गलत किया है, तो अदालत को उसे मौत की सजा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है कि उनके बेटे ने बच्चों के साथ मारपीट की हो। आपको बता दें कि आरोपी ने पिछले दो सालों में तीन बार शादी की है और उसकी तीसरी पत्नी अब पांच महीने की गर्भवती है। आरोपी की मां स्कूल के दूसरे सेक्शन में सफाईकर्मी का काम करती है। हाल ही में उसका छोटा बेटा जो स्कूल में काम करता था वह दूसरे सेक्शन में चपरासी बन गया। इसके बाद उसने संदिग्ध को स्कूल में सफाईकर्मी का काम दिलवा दिया। आरोपी बदलापुर के खरवई गांव में अपनी मां, पिता, छोटे भाई और पत्नी के साथ रहता है। भीड़ द्वारा अपने घर में तोड़फोड़ किए जाने के बाद परिवार अपनी जान को लेकर डरा हुआ है। पुलिस ने वहां सुरक्षा बढ़ा दी है। स्कूल में सफाईकर्मी का काम करने से पहले आरोपी अपनी मां के साथ हाउसिंग सोसाइटी में सफाईकर्मी का काम करता था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहली दो पत्नियां शादी के तुरंत बाद उसे छोड़कर चली गईं। मामले के लिए गठित एसआईटी ने आठ टीमें गठित की हैं। एसआईटी ने गुरुवार को स्कूल का दौरा किया और स्कूल द्वारा निलंबित की गई दो महिला परिचारिकाओं का बयान दर्ज किया।



# रोनाल्डो ने जॉर्जीना से की शादी!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने जॉर्जिना रोड्रिग्ज को अपनी पत्नी बताकर फैंस को हैरान कर दिया है। 39 वर्षीय फुटबॉल आइकन 2016 से जॉर्जिना को डेट कर रहे हैं। इस जोड़े के दो बच्चे हैं, जबकि वह उनके अन्य तीन बच्चों की सौतेली मां भी हैं। इस जोड़े ने सार्वजनिक रूप से अपनी शादी की घोषणा नहीं की है।

हालांकि, रोनाल्डो ने एक इंटरव्यू में संकेत दिया कि उन्होंने और जॉर्जीना ने एक गुप्त समारोह में शादी कर ली है। दरअसल, उक्त बात रोनाल्डो द्वारा नया यूट्यूब चैनल खोलने के बाद आया है। रोनाल्डो ने इस यूट्यूब की लॉन्चिंग के साथ ही रिकॉर्ड बना दिया है।

उन्होंने इस पर एक वीडियो डाली है जिसमें वह बोलते हुए सुनाई देते हैं कि मैं अभी अपनी पत्नी का परिचय दूंगा। रोनाल्डो की उक्त बात को प्रशंसकों ने तुरंत पकड़ लिया। फैंस ने कमेंट्स में लिखा- उसने उसे पत्नी कहा। एक दूसरे ने कहा- उसने कहा मेरी पत्नी, जियो। वीडियो में रोनाल्डो और जॉर्जिना दोनों को अंगूठियां पहने हुए भी देखा गया। इस साल की शुरुआत में भी रोनाल्डो ने एक विज्ञापन में जॉर्जीना से जुड़ी पत्नी शब्द की टिप्पणी की थी।

उक्त वीडियो में, रोनाल्डो जॉर्जिना को मेरी पत्नी कहने से पहले घर पर ट्रेनिंग लेते दिखते हैं। रोनाल्डो ने उक्त वीडियो में कहा कि जब मैं क्लब में ट्रेनिंग नहीं ले रहा होता हूं, तो मैं घर पर अपनी पत्नी के साथ ट्रेनिंग लेना पसंद करता हूं। क्योंकि मैं उसे प्रेरित कर सकता हूं और वह भी मुझे प्रेरित करती है। हालांकि वीडियो के बाद रोनाल्डो की पीआर से कहा कि इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि क्रिस्टियानो ने जॉर्जिना से शादी की है या नहीं ।

बहरहाल, रोनाल्डो ने अपना नया यूट्यूब चैनल लॉन्च कर दिया है। इस चैनल पर डेढ़ दिन के अंदर ही करीब 25 मिलियन सबस्क्राइबर्स आ गए थे जोकि एक रिकॉर्ड है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम खलेगी डेविड वॉर्नर की कमी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम को इस साल 2024 के आखिर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. इस सीरीज में कंगारू टीम को अपने स्टार ओपनर डेविड वॉर्नर की काफी कमी खलेगी. वॉर्नर ने इसी साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है.

वॉर्नर का आखिरी टूर्नामेंट जून में खेला गया टी20 वर्ल्ड कप 2024 था. इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंची थी. साथ ही उसे अफगानिस्तान के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था.

### 10 साल से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीती

इसके अलावा यह टेस्ट सीरीज मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए काफी अहम है, क्योंकि यह टीम पिछले 10 साल से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है. ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2014 में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती थी. इसके बाद लगातार 4 सीरीज (2017, 2018, 2020, 2023) में भारतीय टीम को जीत मिली ली. इसमें 2 बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया है. ऐसे में इस बार सीरीज में टीम को वॉर्नर की कमी जरूर खलेगी. आइए जानते हैं कैसे...

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में खेलने का अनुभव

वॉर्नर जब रिटायर हुए तब वो ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें प्लेयर थे. उन्होंने देश के लिए 112 टेस्ट खेले, जिसमें 44.6 के औसत से 8,786 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 26 शतक जमाए. वो कंगारू टीम के लिए कई सालों तक अहम बल्लेबाज रहे हैं. अपने आखिरी टेस्ट पारी में भी उन्होंने 57 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई थी.

उन्होंने अपने घर में कुल 58 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 57.85 के औसत से 5,438 रन बनाए. इस दौरान 20 शतक जमाए. उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 335 रन रहा, जो उन्होंने एडिलेड में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था. ऐसे में वॉर्नर घरेलू सीरीज में भारत के खिलाफ अहम प्लेयर साबित हो सकते थे.

### टॉप बैटिंग ऑर्डर में स्मिथ भी पूरी तरह फ्लॉप

जब से वॉर्नर ने संन्यास लिया है, तब से स्टीव स्मिथ ही ओपनिंग में मोर्चा संभाल रहे हैं. उन्होंने इस दौरान 4 टेस्ट में ओपनिंग की है. इससे पहले वो नंबर-4 पर ही आते रहे हैं. स्मिथ ने टेस्ट करियर में 109 टेस्ट मैचों में कुल 9685 रन बनाए. उनका औसत भी 56.97 का रहा. इस दौरान 32 शतक भी जमाए. हालांकि ओपनिंग में बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं.

बतौर ओपनर स्मिथ ने 8 पारियों में 28.50 के औसत से 171 रन बनाए. उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 91 रन रहा. ओपनिंग में स्मिथ को स्ट्रगल करते देख कंगारू टीम को भारत के खिलाफ सीरीज में जरूर वॉर्नर की कमी खलेगी. या फिर टीम मैनेजमेंट को वॉर्नर का बेस्ट ओपनिंग ऑप्शन तलाशन होगा.

### भारतीय टीम के खिलाफ खेलने का अनुभव

वॉर्नर को भारतीय टीम के खिलाफ खेलने का भी बेहतरीन अनुभव है. उन्होंने अब तक भारत के खिलाफ 21 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 31.23 के औसत से 1,218 रन बनाए हैं. भारतीय टीम के खिलाफ वॉर्नर ने 4 शतक भी जमाए हैं. बड़ी बात ये है कि यह सभी सेंचुरी ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर ही आई हैं.

वॉर्नर ने भारतीय टीम के खिलाफ अपने घर में 10 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 760 रन बनाए. ऐसे में यदि ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में वॉर्नर का नाम होता, तो यह भारतीय गेंदबाजों के लिए भी टेंशन की बात होती. वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है. अब देखना हो कि इस सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ कौन ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर ओपनिंग करता दिखेगा.

### भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा (नवंबर-जनवरी 2025)

22-26 नवंबर- पहला टेस्ट, पर्थ
6-10 दिसंबर- दूसरा टेस्ट, एडिलेड
14-18 दिसंबर- तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन
26-30 दिसंबर- चौथा टेस्ट, मेलबर्न
03-07 जनवरी- पांचवा टेस्ट, सिडनी

अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप

# भारतीय महिला पहलवान अदिति, नेहा, पुलकित और मानसी विश्व चैंपियन बनीं, जीते स्वर्ण पदक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है।

भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी (43 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और मानसी लाठेर (73 किग्रा) गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-17 की विश्व चैंपियन बन गईं। इसके अलावा काजल (69 किग्रा) और श्रुतिका शिवाजी पाटिल (46 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाकर अपने पदक किए। उनके फाइनल मैच शुक्रवार को होंगे।



**अदिति और नेहा ने जीते पदक**

भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है। 49 किग्रा वर्ग में पहलवान नहीं उतारने के बावजूद भारत की महिला टीम ट्रॉफी जीतना अब तय माना जा रहा है। अदिति ने यूनान की मारिया लौइजा गिकिका को खिताबी मुकाबले में 7-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, नेहा ने फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया। नेहा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

**पुलकित और मानसी ने भी जीता स्वर्ण**

पुलकित ने तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं, लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने 'पुशआउट प्वाइंट' और सावधानी बरती जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया।

फ्रोलोवा ने जीत हासिल करने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। मानसी ने फाइनल में हन्ना पिरस्काया को 5-0 से हराया। इससे पहले भारत ने ग्रीको रोमन शैली में दो कांस्य पदक भी जीते थे जिसमें रौनक दहिया और साईनाथ शामिल थे।

# कैरेबियन प्रीमियर लीग टी20 विश्वकप तैयारियों का हिस्सा: जेमिमाह रॉड्रिग्स

**सैन फर्नांडो, एजेंसी।** पहली बार महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) खेलने जा रही भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स ने कहा है कि यह टूर्नामेंट टी-20 विश्वकप के तैयारियों का हिस्सा हैं। बुधवार से शुरु हुए इस टूर्नामेंट में वह हमवतन शिखा पांडे के साथ ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) टीम का हिस्सा हैं। अक्टॅबर में यूएई में होने वाला टी-20 विश्वकप रॉड्रिग्स का चौथ विश्वकप होगा।



मीडिया से बातचीत में रॉड्रिग्स ने कहा, 'टी-20 विश्व कप से पहले मेरे पास यही कुछ मैच हैं। मैं कुछ नई चीजों पर लगातार अभ्यास कर रही थी और यहां मैं उन्हें आजमाने वाली हूं। क्योंकि अभ्यास और मैच में बहुत अंतर होता है। फ्रैंचाइजी क्रिकेट मुझे हमेशा उत्साहित करती है।

उन्होंने कहा, 'मुझे यात्रा करना और अलग-अलग टीमों के लिए खेलना पसंद है। मुझे नए लोगों से मिलना और नए क्रिकेटरों को जानना अच्छा लगता है। मुझे यह जानना अच्छा लगता है कि वे अलग-अलग परिस्थितियों में अपने शरीर और दिमाग को कैसे ढालती हैं और कैसे खेलती हैं।

आप जब भी क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरते हो, परिस्थितियां बदली रहती हैं। उनके बारे में जानने की जरुरत है। दबाव के क्षणों में ये तैयारियां बहुत काम आती हैं। मैं इस टूर्नामेंट को विश्व कप की तैयारियों की तरह देख रही हूं। इसके साथ ही यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं टीकेआर की टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में मदद भी करूं। कुल मिलाकर मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। पांचवें से तीसरे नंबर पर खेलने के सवाल पर रॉड्रिग्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर बल्लेबाज का अपना एक अलग फॉर्मूला होता है। मेरे लिए परिस्थितियों को जल्दी से पढ़ना और उनके अनुसार शॉट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है।



# नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**लुसाने, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहे।

ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया।

यह चोपड़ा का इस सीज़न का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता। पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक।

# भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना पर लगा 16 महीने का प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।

भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना जाट मुश्किलों में घिरती नजर आ रही हैं और उन पर नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक (एडीडीपी) पैनल ने 16 महीने का प्रतिबंध लगाया है। जानकारी के मुताबिक, भावना पर प्रतिबंध पिछले साल अगस्त में ठिकाने की जानकारी नहीं देने के लिए लगाया गया है। हालांकि उनका 16 महीने के प्रतिबंध का समय अस्थायी निलंबन की तारीख 10 अगस्त 2023 से शुरू हुआ। इस प्रकार उनका प्रतिबंध इस साल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।

नाडा नियमों के अनुच्छेद 2.4 के अंतर्गत उन्हें निलंबित करने का एडीडीपी का फैसला 10 जुलाई को सुनाया गया था लेकिन इसे राष्ट्रीय डोपिंग रोधी निगरानी संस्था की वेबसाइट पर गुरुवार को ही प्रकाशित किया गया।

### भावना को दी गई थी चेतावनी

भावना मई और जून 2023 में दो डोप जांच से भी चूक गई थीं और उन्हें 2022 के अंत में उन्हें चेतावनी दी गई थी, लेकिन 28 वर्षीय भावना ने तब नाडा की ठिकाने की शर्तों को पूरा करने में अपनी विफलता के लिए मोबाइल एप में गड़बड़ियों को जिम्मेदार ठहराया था जिसके माध्यम से उन्हें फॉर्म भरना था और बाद में उनका फोन खो गया था।

# दिनेश कार्तिक को अचानक मांगनी पड़ी माफी

एमएस धोनी से जुड़ा है मामला, बोले- बड़ी गलती...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ दिनेश कार्तिक को अचानक सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ गई. कार्तिक ने कहा भाई लोग, बड़ी गलती हो गई. पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से जुड़े एक मामले पर कार्तिक को सबके सामने माफी मांगनी पड़ी.

दरअसल कार्तिक ने तीनों फॉर्मेट के लिए ऑल टाइम भारतीय टीम की इलेवन चुनी थी. क्रिकबज पर एक शो में कार्तिक ने इस टीम का चुनाव किया था. हालांकि कार्तिक ने अपनी इलेवन में एमएस धोनी को शामिल नहीं किया था, जिसका उन्हें बाद में एहसास हुआ और फिर उन्होंने सबसे माफी मांगी कि उन्होंने धोनी को अपनी ऑल टाइम इंडिया इलेवन में नहीं चुना. कार्तिक ने अपनी गलती के बारे में कहा, भाई लोग, बड़ी गलती हो गई. सही में, यह एक गलती थी. जब एपिसोड आ गया, तब मुझे इस बात का एहसास हुआ. कार्तिक ने



आगे कहा, मैं अपनी प्लेइंग इलेवन में विकेटकीपर ही चुनना भूल गया था. राहुल द्रविड़ टीम में थे. सभी को लगा कि मैंने पार्ट टाइम विकेटकीपर रखा, लेकिन सच में मैंने राहुल द्रविड़ को कीपर के रूप में नहीं रखा. खुद विकेटकीपर होने के नाते मैं विकेटकीपर को रखना ही भूल गया. यह बड़ी भूल है.

फिर आगे बात करते हुए कार्तिक ने धोनी को क्रिकेट जगत के महान खिलाड़ियों में से एक बताया. इसके अलावा कार्तिक ने कहा कि सभी फॉर्मेट में धोनी उनकी टीम के लिए नंबर 7 पर रहेंगे.

### धोनी के बगैर कैसी थी दिनेश कार्तिक की प्लेइंग इलेवन

वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, युवराज सिंह, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले, जसप्रीत बुमराह, जहीर खान. 12वां खिलाड़ी- हरभजन सिंह.

# मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को लखनऊ में मुकाबला, सीएम योगी के पहुंचने की संभावना



दुरंड कप:

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हाल ही में लगाई फ्लड लाइट का परीक्षण किया गया है। नवाबों का शहर लखनऊ पहली बार देश के नामी फुटबाल क्लबों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच की मेजबानी को तैयार है। परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाला यह मुकाबला दो सितंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि कृत्रिम रोशनी में होने वाले हाईवोल्टेज मैच के लिए तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। प्रदेश में फुटबाल के बढ़ावे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मैच देखने के लिए आने की संभावना है। दस हजार से ज्यादा दर्शकों के स्टेडियम में उपस्थित होने की उम्मीद है। खेल निदेशक ने बताया कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी और उत्तर प्रदेश में फुटबाल को बढ़ावे को लेकर बातचीत हुई थी।

### एक सितंबर को दोनों टीमें पहुंचेंगी लखनऊ

एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया।



# केएल राहुल ने क्रिकेट को कहा अलविदा?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल गुरुवार को अचानक सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगे। राहुल के नाम से एक इंस्टाग्राम स्टोरी वायरल हुई। इस स्टोरी में लिखा गया था कि केएल राहुल ने संन्यास का ऐलान कर दिया था। इस वायरल स्टोरी ने फैंस का दिल तोड़ दिया।

वह राहुल के संन्यास से दुखी थे। इस स्टोरी का सच कुछ समय में ही सामने आ गया है। केएल राहुल ने गुरुवार को पहले एक स्टोरी शेयर की जिसमें लिखा था, 'मैं बड़ा ऐलान करने वाला हूं। स्टे ट्यून।' इसके बाद एक्स पर राहुल के नाम से स्क्रीनशॉट वायरल हुआ जिसमें दावा किया गया कि राहुल ने संन्यास ले लिया है।

### वायरल हुआ पोस्ट

सोशल मीडिया पर जो स्क्रीनशॉट वायरल हुआ उसमें केएल राहुल की ही डिस्प्ले पिक्चर थी और सामने वेरिफाइड मार्क भी था। इस पोस्ट में लिखा था, 'काफी सोचने और समझने के बाद मैंने फैसला किया है कि मैं अपने प्रोफेशनल क्रिकेट करियर को अलविदा कह रहा हूं। यह आसान नहीं है क्योंकि खेल सालों से मेरी जिंदगी का अहम हिस्सा रहा है। मैं अपने परिवार, दोस्त, टीम और फैंस का आभारी हूं।'

### फेक थी पोस्ट

हालांकि यह स्क्रीनशॉट फेक था। राहुल के आधिकारिक अकाउंट पर ऐसी कोई स्टोरी नहीं थी। उन्होंने अपने संन्यास को लेकर कोई पोस्ट नहीं किया था। कुछ फैंस ने फेक स्क्रीनशॉट वायरल किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## एक नजर

### देव थाना में लंबित मामलों की समीक्षा बैठक

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक महोदया, औरंगाबाद के दिशा-निर्देशन में सर्किल इंस्पेक्टर मदनपुर ने देव थाना में लंबित मामलों की गहन समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में सभी लंबित कांडों की स्थिति की विस्तृत जांच की गई और अनुसंधान की गुणवत्ता को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान, अनुसंधानकर्ताओं को हर मामले की प्राथमिकता के अनुसार त्वरित और सटीक जांच सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदया ने अनुसंधान प्रक्रिया में पारदर्शिता और ईमानदारी को बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके अलावा, केसों की जांच में किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही को रोकने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए। सर्किल इंस्पेक्टर मदनपुर ने भी अनुसंधानकर्ताओं को उनके कार्यों की समीक्षा और उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की, साथ ही उनकी कमियों को सुधारने के उपाय सुझाए। यह बैठक पुलिस विभाग के कार्यों को और भी प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र और न्यायपूर्ण निपटारा किया जाए।

### कारोबारी का बैग काटकार निकाले 1.20 लाख

**पटना (नि.सं.)।** पटना सिटी के बाईपास इलाके में बदमाशों ने कारोबारी के बैग को ब्लेड से काटकर 1.20 लाख रुपए निकाल लिए। शिकायत दर्ज कराने के लिए पीड़ित को घंटों दो थानों का चक्कर काटा पड़ा। इसके बाद भी आवेदन नहीं लिया गया। पीड़ित सुजीत कुमार ने बताया कि नवादा से शुक्रवार को सुबह बस से पटना पहुंचा था। बस से उतरने के बाद एक ऑटो में बैठ गया। गाड़ी में 4 लोग पहले से मौजूद थे। महादेव स्थान के पास मुझे गाड़ी से नीचे उतार दिया और चालक मौके से फरार हो गया। जब मैंने अपना बैग चेक किया तो रुपए गायब थे। ब्लेड से काटकर बैग में रखे रुपए को शातिरों ने निकाल लिया। मामले की शिकायत करने के लिए चौक थाना पहुंचा। दूसरे थाने का मामला बताकर इधर से उधर दौड़ाते रहे, लेकिन मेरा आवेदन नहीं लिया। वहीं, इस संबंध में चौक थाना प्रभारी का कहना है कि घटना महादेव स्थान के पास की है। ये इलाका बाईपास थाना क्षेत्र में पड़ता है। इसके बाद भी घटनास्थल पर जांच के लिए पदाधिकारियों को भेजा गया है।

### पटना में गंगा में बह गया बीपीएससी टीचर

**पटना (नि.सं.)।** पटना में दो नावों के बीच टक्कर के बाद बीपीएससी शिक्षक अविनाश कुमार (25) गंगा में गिर गए। तेज बहाव में वे आगे निकल गए। अविनाश सुबह 8 बजे अपने साथियों के साथ स्कूल जा रहे थे। उनके साथ जा रहे शिक्षकों ने बताया कि 'उन्होंने अपनी बाइक नाव पर रखी, इसके बाद वे चढ़ने लगे। इसी दौरान पीछे से दूसरी नाव ने हमारी नाव को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अविनाश गंगा में गिर गए। हमने मदद के लिए चिल्लाया, लेकिन एक भी नाविक मदद के लिए आगे नहीं आया। हमें और अविनाश दोनों को तैरना नहीं आता था। हादसा दानापुर थाना क्षेत्र के फक्कड़ महतो घाट पर हुआ। अविनाश फतुहा के रहने वाले हैं।अविनाश शुक्रवार सुबह अन्य शिक्षकों के साथ नाव पर सवार होकर उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय जा रहे थे।

### रेप मामले में दोषी को 10 साल की सजा

**पटना (नि.सं.)।** पॉक्सो एक्ट कोर्ट के सरकारी पीपी सुरेश चंद्र प्रसाद ने बताया कि घटना जनवरी 2019 की है। रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में नौवीं कक्षा(14) की छात्रा पढ़ने के लिए कोचिंग गई थी। क्लास खत्म होने के बाद भी छात्रा घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने थाने में लिखित आवेदन दिया। पुलिस केस दर्जकर मामले की छानबीन में जुट गई। जांच में आरोपी प्रशांत झा का नाम सामने आया। अपहरण कर रेप की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने उसे झारखंड से गिरफ्तार किया था। मेडिकल रिपोर्ट में रेप की पुष्टि हुई। कोर्ट में दोनों पक्ष की ओर से कई साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। लंबी बहस चली, लेकिन सबूतों के आधार पर पॉक्सो कोर्ट ने प्रशांत झा को दोषी पाया।

घर में अकेली रहती थी, डॉक्टर के पास जाने के दौरान हादसा

# सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। शिवगंज पथ के ओरा गांव के समीप चारपहिया वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटना गुरुवार रात की है। ये अपने घर में अकेली रहती थी। डॉक्टर के पास जाने के दौरान हादसे का शिकार हो गई। पुलिस प्रशासन के साथ जिला पार्षद क्षेत्र संख्या 18 अनिल यादव, ओरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि चंदू रजक, अनुज यादव, नवनीत मिश्रा सहित अन्य लोगों ने घायल को औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। सदर अस्पताल में डॉक्टर देवेश भट्ट ने वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि ओरा गांव के स्वर्गीय विश्वास राम की पत्नी पान कुवांर (60) की बीती रात तबीयत खराब हो गई। वह रात में इलाज करवाने के लिए अकेले डॉक्टर के पास जा रही थी, तभी शिवगंज की ओर से आ रही है चार पहिया वाहन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**मृतका का बेटा दिल्ली में करता है मजदूरी**

मृतका पान कुंवर का एक बेटा है, ये अभी दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम करते हैं। बहू रक्षा बंधन के दिन अपने मायके चली गई थी। इस कारण से उनके घर में घटना के समय कोई नहीं था। घटना की जानकारी मिलते हैं मृतिका के बेटे उपेंद्र सिंह चंद्रवंशी दिल्ली से घर के लिए निकल पड़े। वहीं, उनकी बहू पहुंची है। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिला पार्षद अनिल यादव ने बताया कि ओरा गांव के समीप आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है।

# अवैध खनन पर पुलिस की सख्ती जारी

निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए औरंगाबाद पुलिस ने अपने अभियान को तेज कर दिया है। पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशानुसार जिले में निरंतर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है, जिससे अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसी क्रम में शुक्रवार को खनन पदाधिकारी एवं दाउदनगर थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए भगवानबीघा घाट का रास्ता जेबीसी मशीन की मदद से कटवाया। यह घाट अवैध खनन के लिए कुख्यात था, जहां से लंबे समय से अवैध रूप से बालू और अन्य खनिजों का खनन किया जा रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी, और अवैध खनन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखें और समय-समय पर ऐसे छापेमारी अभियान चलाएं।



स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है और उम्मीद जताई है कि इससे अवैध खनन पर अंकुश लगेगा और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगेगी। इस पूरे अभियान में पुलिस और खनन विभाग की टीम की मुस्तैदी और तत्परता देखने को मिली, जिससे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सका है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी और जिले में अवैध खनन को पूरी तरह से समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

# 28 को एनएच व बाइपास निर्माण के लिए अधिग्रहित जमीन के मुआवजा भुगतान हेतु विशेष कैम्प

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद**। सोननगर बाईपास रेलवे लाईन निर्माण परियोजना के तहत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए बारुण प्रखंड अंचल अंतर्गत मुख्यालय के सभा भवन में 28 अगस्त को 10:00 बजे पूर्वाह्न से विशेष शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी-कोलकाता खंड के 4/6 लेन पथ निर्माण के लिए परियोजना के तहत रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने के लिए नबीनगर, कुटुम्बा एवं देव के सभागार में भी शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा एनएच-120 दाउदनगर-बाईपास पथ के निर्माण के लिए रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु दाउदनगर अंचल में भी 28 अगस्त को 10:00 बजे पूर्वाह्न में सभा भवन दाउदनगर प्रखंड परिसर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया है।

इन सभी कैम्प मे संबंधित अंचल, मौजा के राजस्व कर्मचारी, अंचल निरीक्षक, राजस्व अधिकारी जमाबंदी पंजी एवं अन्य राजस्व अभिलेख के साथ उपस्थित रहेगे तथा कैम्प मे ही संबंधित रैयतों को एलपीसी निर्गत करने की कार्रवाई करेंगे। साथ ही संबंधित मौजा के पंचायत सचिव एवं ग्राम कचहरी सचिव भी उपस्थित रहकर वंशावली से संबंधित आवेदन प्राप्त करेंगे।

# चोरों ने मिठाई दुकान से की बिजली मोटर पंप चोरी

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार में पुरानी थाना मोड़ पर स्थित एक मिठाई दुकान में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने मोटर पंप की चोरी कर ली। दुकानदार चिंटू साव ने बताया कि चोर दुकान के गेट की कुंडी तोड़कर प्रवेश कर गए और दुकान में लगे मोटर पंप को पाइप सहित उखाड़ ले गए। साथ ही चोर एक गैस सिलेंडर, चूल्हा सहित गल्ले में रखा लगभग 1800 नगदी भी ले गए। गनीमत रही कि चोर ज्यादा वजन होने के कारण



खोलने के बावजूद इनवर्टर और बैटरी नहीं ले जा सके। इस बीच हसपुरा बाजार में चोरी की बढ़ती घटनाओं को लेकर स्थानीय नागरिकों-अशोक गुप्ता, बजरंगी प्रसाद, मनीष कुमार, आशीष कुमार एवं अन्य ने प्रशासन से रात्रि में पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो लोग गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** शुक्रवार को गोह थाना द्वारा एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। पुलिस ने डिहरी नहर से ग्राम पेमा की ओर जाने वाली सड़क पर छापेमारी के दौरान चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में लालू यादव, जो ग्राम मुबारकपुर थाना वंसी जिला अरवल का निवासी है, और विकास कुमार, जो ग्राम तुलसी बीघा थाना गोह का निवासी शामिल हैं। पुलिस ने उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की गहन जांच जारी है।

# पुलिस ने 36 लीटर देशी महुआ शराब किया जब्त

कार्यालय संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)(** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत औरंगाबाद पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक महोदया के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई, जिसमें गोह थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम अकौनी के पास स्थित बासबाड़ी इलाके में 36 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया गया। अवैध शराब के कारोबार को लेकर पुलिस लंबे समय से सतर्क है और ऐसे कारोबारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बासबाड़ी क्षेत्र में कुछ लोग अवैध रूप से महुआ शराब का उत्पादन और बिक्री कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की और मौके से 36 लीटर महुआ शराब को जब्त कर लिया। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के इस कारोबार से जुड़े लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिले में अवैध शराब के बढ़ते मामलों के कारण समाज में भी इसके खिलाफ आवाजें उठने लगी हैं। समाज के विभिन्न वर्गों से लोग अवैध शराब के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के कारोबार को खत्म करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और इसमें समाज के लोगों का भी सहयोग आवश्यक है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतरिक्ष दिवस, बच्चों को दिए गए कई टिप्स

निज संवाददाता

**देव (औरंगाबाद)।** बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति उत्सुकता बढ़ाने के उद्देश्य से देव प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय दुलारे में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जलछाजन विकास समिति के द्वारा आयोजित किया गया जिसका उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर दुलारे पंचायत के मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव, सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार, परियोजना प्रबन्धक क्षितिज नारायण झा ने संयुक्त रूप से किया। मौक़े पर मुखिया बिजेंद्र कुमार यादव ने बच्चों को चंद्रयान मिशन की असफलता से लेकर सफलता तक की कहानी बताया। उन्होंने बताया कि चंद्रयान -3, चंद्रयान 2, का विकसित मिशन है जिसमें लैंडर और रोवर शामिल थे। इसका उद्देश्य चंद्रयान



का चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित तथा नरम लैंडिंग कराना, रोवर की परिक्रमा का प्रदर्शन कराना, तथा यथा स्थान वैज्ञानिक प्रयोग संचालित कराना था। उन्होंने बताया कि अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की बढ़ती हुई प्रगति की याद में 23 अगस्त को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया गया है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की घोषणा अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण में भारत की तकनीकी प्रगति का आज जश्न मनाने का दिन है।

सहायक निदेशक कृषि अभियंत्रण मंटू कुमार ने कहा कि आज का दिन भारत के लिए अंतरिक्ष विज्ञान में विशिष्ट उपलब्धियों वाला दिन है पिछले वर्ष हम अपने चंद्रयान को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने में कामयाब रहे यह करने वाला भारत विश्व का पहला देश बना। इस मौक़े पर उप निदेशक कृषि अभियंत्रण सोनू कुमार, प्रभारी प्रधान अध्यापक प्रमोद कुमार, पंकज कुमार,, अर्जुन कुमार गिरी, अनिल पोदार, रेखा रानी, सुधीर कुमार, विकास कुमार, केदार मिस्त्री, सूरज कुमार, प्रतिमा कुमारी, रवि रंजन सहित अन्य बड़ी संख्या में बच्चें एवं शिक्षक मौजूद रहे।

# सांसद ने अंजनी के परिजन से की बात, दिया मदद का भरोसा

- डॉक्टरों का कहना है कि अंजनी का इलाज लंबा चलेगा क्योंकि वह अभी पूरी तरह से बेहोशी की हालत में हैं।

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद**। जिंदगी और मौत से जूझ रहे बरौली निवासी अंजनी को उसे समय बड़ा बल मिला जब पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने उनके परिजन से बात की और उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में इलाज कर रहे डॉक्टर से बात कर अच्छी तरह इलाज करने का आग्रह करूंगा उनके इलाज में अब कोई कमी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि अंजनी कुमार बहुत ही व्यवहारिक, मृदुभाषी और शांत स्वभाव के हैं। हमेशा सामाजिक कार्य में और दूसरो की मदद करने में सबसे आगे रहते हैं। कम उम्र में इन्होंने अपने गांव के सारे मंदिर और पूजा कार्यक्रम की जिम्मेदारियां अपने ऊपर ले रखी थी। जिसे इन्होंने अच्छे ढंग से निर्वहन भी किया। धीरज सिंह सचदेवा एवं केनरा बैंक के प्रबंधक प्रिंस कुमार ने बताया कि अंजनी का नर्वस सिस्टम ब्रेकडाउन हो गया है जिसके कारण इनके न्यूरॉन्स टूट रहे हैं, और उसके कारण यह पिछले कई दिन से सर गंगा राम हॉस्पिटल के आईसीयू में एडमिट है| डॉक्टर का कहना है कि अभी लंबा टाइम लगेगा क्योंकि अभी यह पूरी तरह से अनकॉन्शियस है।

# अंतरिक्ष दिवस पर हाई स्कूल में विज्ञान कार्यशाला आयोजित

निज संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** 'तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हसपुरा के महुली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि चंद्रयान-3 अभियान की सफलता का उत्सव मनाने के लिए भारत सरकार ने हर वर्ष 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अंतरिक्ष संबंधी मॉडल्स एवं पेंटिंग बनाई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत प्रधानाध्यापक शशि रंजन कुमार एवं सभी शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षकों ने बच्चों को अंतरिक्ष की अनोखी दुनिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों से अपने अंदर खोजी प्रवृति विकसित करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन विज्ञान शिक्षिका मनीषा कुमारी ने किया। उन्होंने



बच्चों को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने अंतरिक्ष की दुनिया में भारत के बढ़ते कदम' विषय पर भाषण भी दिया। इस अवसर पर विज्ञान प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया। गौरतलब है कि इस विद्यालय में ज्ञान-विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों का हमेशा आयोजन किया जाता है। भारत सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रम 'इंस्पायर अवार्ड' में इस विद्यालय से हर वर्ष छात्र-छात्राओं का चयन होता है। अबतक 20 से अधिक बच्चे इस पुरस्कार के लिए चयनित हुए हैं। इसके तहत चयनित बच्चों को 10,000 रुपयों की राशि प्रदान की जाती है। इस विद्यालय से भारत सरकार की हीं योजना 'मेधा छात्रवृत्ति' के लिए भी हर वर्ष बच्चों का चयन हुआ है। इन प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए विद्यालय के शिक्षकों द्वारा भरपूर सहयोग किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी बच्चों को मेडल से पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों में रानी कुमारी, सन्नी कुमार, सुप्रिया कुमारी आदि शामिल रहे।

# ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर डाटा इंट्री में लापरवाही 1610 स्कूलों के हेडमास्टर का वेतन रोका गया

कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद**। शिक्षा विभाग के ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर स्टूडेंट्स के डाटा की इंट्री करने के मामले में हीला हवाली को लेकर महकमें ने बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में औरंगाबाद के शिक्षा महकमें ने 1610 स्कूलों के हेडमास्टर का वेतन तत्काल प्रभाव से रोक दिया है। आरोप है कि इन स्कूलों के द्वारा ई-शिक्षा कोष पर नामांकित बच्चों के डाटा इंट्री में लापरवाही बरते जाने से अबतक 80 प्रतिशत स्टूडेंट्स की डाटा की इंट्री हुई है। इसे लेकर औरंगाबाद के शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(स्थापना) दयाशंकर सिंह ने गुरूवार 22 अगस्त को एक आदेश जारी किया है। आदेश की प्रति जिले के सभी 11 प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को भेजी गई है। आदेश के माध्यम से जिले के 1610 सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक-प्रभारी प्रधानाध्यापक का वेतन भुगतान अगले आदेश तक रोक दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर 80 प्रतिशत से कम स्टूडेंट्स के डाटा की इंट्री की गई है। साथ ही आदेश में डाटा इंट्री का कार्य पूर्ण नही होने पर अनुशासनिक कार्रवाई की भी चेतावनी दी गई है। आदेश में विभागीय निर्देश का हवाला देते हुए कहा गया कि नामांकित स्टूडेंट्स के डाटा की शत-प्रतिशत इंट्री की जानी है। इसे लेकर डीपीओ (स्थापना) ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि वेतन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक स्थगित करना सुनिश्चित करें। मामले में डीपीओ(स्थापना) ने आदेश में यह भी कहा है कि यदि एक सप्ताह के अंदर संबंधित प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापक शत-प्रतिशत डाटा इंट्री ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर नहीं करते हैं, तो उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। जिन प्रखंडों के सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों का वेतन भुगतान रोका गया है, उनमें दाउदनगर प्रखंड के 109, गोह प्रखंड के 163, औरंगाबाद प्रखंड के 147, रफीगंज प्रखंड के 209, ओबरा प्रखंड के 135, नबीनगर प्रखंड के 232, कुटुंबा प्रखंड के 135, देव प्रखंड के 124, हसपुरा प्रखंड के 102, मदनपुर प्रखंड के 116 और बारुण प्रखंड के 138 प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक शामिल हैं। इस विभागीय आदेश के बाद संबंधित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों में हड़कंप मच गया है।

# एसपी के निर्देश पर चलाया सघन वाहन जांच अभियान



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** शुक्रवार को औरंगाबाद पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शहर में व्यापक स्तर पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराध नियंत्रण, अवैध शराब के परिवहन की रोकथाम, और यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान पुलिस ने शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गहनता से जांच की। इसके तहत दोपहिया, चारपहिया, और मालवाहक वाहनों को रोका गया और उनके दस्तावेजों की जाँच की गई। विशेष रूप से, उन वाहनों पर अधिक ध्यान दिया गया जो शराब के अवैध परिवहन में संलिप्त होने की संभावना थी।

इसके साथ ही, पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर भी सख्ती से कार्रवाई की। जिन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, या जो बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे थे, उनके खिलाफ चालान जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक महोदया ने इस अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि यह अभियान शहर में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक था। औरंगाबाद पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और अवैध गतिविधियों में संलिप्त न हों, ताकि शहर को सुरक्षित और सुगम बनाया जा सके।

# आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

निज संवाददाता

**दाउदनगर /ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं चेहल्लुम पर्व 2024 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना था। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दाउदनगर और ओबरा थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय जनता उपस्थित रहे। बैठक में अनुमंडल अधिकारी (एसडीओ) दाउदनगर, अंचल अधिकारी (सीओ) और प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) भी मौजूद थे। उन्होंने त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। बैठक के



दौरान, पुलिस और प्रशासन ने क्षेत्र के सभी लोगों से अपील की कि वे त्योहारों के समय शांति और सौहार्द बनाए रखें। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन के साथ मिलकर शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को और पुख्ता करने के लिए विशेष योजनाओं पर चर्चा की गई। गश्त बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में निगरानी रखने पर जोर दिया गया, ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। समाज के सभी वर्गों ने इस बैठक का स्वागत किया और प्रशासन की इस पहल की सराहना की। सभी ने मिलकर आने वाले त्योहारों को शांति और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में वे तुरंत सहायता के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस प्रकार, बैठक के सकारात्मक माहौल में समापन हुआ, जिसमें सभी ने क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

# एसपी के निर्देश पर वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा को लेकर चला विशेष अभियान



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में आज एक विशेष सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले में स्थित सभी वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संभावित आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम करना है। अभियान के तहत, पुलिस विभाग के पदाधिकारी और कर्मी विभिन्न बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। इस निरीक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्डों की स्थिति और अन्य सुरक्षा उपायों की जांच की जा रही है। पुलिस का मानना है कि इस तरह की नियमित जांच से वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा में सुधार होगा और किसी भी संभावित आपराधिक घटना को समय रहते रोका जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस विशेष अभियान के माध्यम से वे यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि वित्तीय संस्थान पूरी तरह से सुरक्षित हों और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से मुक्त रहें। उन्होंने बैंक प्रबंधन से भी अपील की है कि वे अपनी सुरक्षा व्यवस्था को सख्त करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।